वार्षिक प्रतिवेदन

2024-25

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित

56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

प्रकाशकः
कुलसचिव
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)
56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी,
नई दिल्ली-110058
ईपीएबीएक्स : 28524993, 28521994, 28524995
ई मेल: registrar@csu.co.in वेबसाईट : www.sanskrit.nic.in

संयोजकः
जगन्नाथ झा
प्रभारी अधिकारी (संविधि एवं विधायी कार्य प्रकोष्ट)
डॉ. प्रवीण कुमार राय
समन्वयक अधिकारी

विषय-सूची

1.	पर्यावलोकन	17-20
2.	प्राधिकरण एवं संरचना	21-25
3.	छात्रों/शिक्षार्थियों के आंकड़े	26-37
4.	2024-25 के दौरान केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के क्रियाकलाप	
4.1	मुख्यालय के क्रियाकलाप	39-93
4.1.1	प्रशासन अनुभाग	41
4.1.2	वित्त एवं लेखा अनुभाग	42
4.1.3	शैक्षणिक अनुभाग	43
4.1.4	प्रकाशन एवं कार्यक्रम अनुभाग	48
4.1.5	परीक्षा अनुभाग	52
4.1.6	पुस्तकालय	65
4.1.7	विक्रय विभाग	69
4.1.8	योजना अनुभाग	70
4.1.9	छात्रवृत्ति अनुभाग	74
4.1.10	अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा	80
4.1.11	आदर्श संस्कृत महाविद्यालय/शोधसंस्थान	82
4.1.12	परियोजनाएँ	87
4.1.13	अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण	88
4.1.14	पत्राचार पाठ्यक्रम अनुभाग	91
4.1.15	मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संस्थान	91
4.1.16	राजभाषा विभाग	92
4.2	परिसरों के क्रियाकलाप	95-207
4.2.1	श्री गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)	97
4.2.2	श्री सदाशिव परिसर, पुरी (ओडिशा)	115
4.2.3	श्री रणबीर परिसर, जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर)	119
4.2.4	गुरुवायूर परिसर, त्रिश्शूर (केरल)	129
4.2.5	जयपुर परिसर, जयपुर (राजस्थान)	135
4.2.6	लखनऊ परिसर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश)	142
4.2.7	श्री राजीव गांधी परिसर, श्रृंगेरी (कर्णाटक)	147
4.2.8	वेदव्यास परिसर, बलाहर (हिमाचल प्रदेश)	157
4.2.9	भोपाल परिसर, भोपाल (मध्य प्रदेश)	164
4.2.10	नासिक परिसर, नासिक (महाराष्ट्र)	184
4.2.11	एकलव्य परिसर, अगरतला (त्रिपुरा)	191
4.2.12	श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग (उत्तराखण्ड)	204

5. वर्ष 2024-25 की प्रमुख गतिविधियाँ		**209-230**
5.1	संस्कृत दिवस उत्सव	211
5.2	62वीं अखिल भारतीय शास्त्रीयस्पर्धा	212
5.3	अखिल भारतीय रूपक महोत्सव	213
5.4	अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस	214
5.5	स्थापना दिवस	215
5.6	तीन दिवसीय संगोष्ठी	216
5.7	संस्कृत सप्ताह समारोह	217
5.8	ऑस्ट्रेलिया में संस्कृत सम्मेलन	218
5.9	भारत–नेपाल सम्मेलन	219
5.10	अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन, 2024	220
5.11	संस्कृत रंगमंडल	222
5.12	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय मामलें और सहयोग कार्यालय वार्षिक रिपोर्ट	224
6.	**विश्वविद्यालय खेल उत्कृष्टता केंन्द्र, वेदव्यास परिसर**	**231**
7.	**पालि अध्ययन एंव अनुसंधान केंन्द्र, लखनऊ परिसर**	**234**
8.	**जनजातीय अनुसंधान केन्द्र, एकलव्य परिसर**	**236**
9.	**संलग्नक**	**239-292**
क.	कार्य परिषद् के सदस्यों की सूची	241
ख.	विद्वत् परिषद् के सदस्यों की सूची	244
ग.	वित्त समिति के सदस्यों की सूची	247
घ.	योजना एवं अनुश्रवण (निगरानी) बोर्ड के सदस्यों की सूची	248
ङ.	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों का परिसर-वार विवरण	250
च.	विद्यावारिधि (पी-एच.डी.) उपाधि प्राप्त शोध छात्रों का विवरण	267
छ.	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाएँ	272
ज.	परीक्षाओं को मान्यता देने वाली राज्य सरकार	277
झ.	परीक्षाओं को मान्यता देने वाले विश्वविद्यालय	280
ञ.	पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों में संस्कृत शिक्षकों को वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत अनुदानग्राही संस्थाओं का राज्यवार विवरण	286
ट.	प्रकाशन अनुदान हेतु स्वीकृत प्रस्तावों का विवरण	287
ठ.	आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों/शोध संस्थानों का राज्यवार विवरण	290
10.	**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का 2024-25 का वार्षिक लेखा**	**293-351**
क.	वर्ष 2024-25 के लेखा परीक्षित वार्षिक लेखा	295
ख.	'महानिदेशक लेखा परीक्षा, केन्द्रीय व्यय' के द्वारा प्रदत्त 2023-24 वर्ष की प्रतिवेदन	347

महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू

(परिदर्शक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली)

श्री नरेन्द्र मोदी

(भारत के माननीय प्रधानमंत्री)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान

(माननीय मन्त्री, शिक्षा-कौशलविकास-उद्यमिता-मन्त्रालय,
भारत सरकार एवं कुलाधिपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली)



प्रो. श्रीनिवास वरखेडी

(कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली)

कुलपति की कलम से...

मुझे अत्यंत गौरव तथा गहन उत्तरदायित्व की भावना के साथ केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के शैक्षणिक सत्र 2024–2025 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। यह प्रतिवेदन हमारी शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवोन्मेषी अनुसंधान तथा भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत के जीवंत वाहक के रूप में संस्कृत के संरक्षण, पोषण, विकास, प्रचार एवं प्रसार के प्रति हमारी अटल प्रतिबद्धता का साक्ष्य प्रस्तुत करता है।

भारत सरकार ने संस्कृत आयोग (1956-57) की सिफ़ारिशों के बाद एक केंद्रीय संस्कृत बोर्ड बनाया, जिसने राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान की स्थापना की सिफ़ारिश की। इसी के अनुसार, 15 अक्टूबर, 1970 को यह संस्थान एक स्वायत्त संगठन के रूप में स्थापित किया गया। राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान को 2002 में मानित विश्वविद्यालय तथा सन् 2020 में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में प्रोन्नत किया गया। यह संस्था संस्कृत के प्रचार-प्रसार हेतु भारत सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में निरंतर कार्य कर रही है एवं भारत की गहन संस्कृत विरासत एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली के संवर्धन हेतु नवोन्मेषी अनुसंधान कर रही है।

इस विश्वविद्यालय के नई दिल्ली में मुख्यालय के अतिरिक्त देश के विभिन्न राज्यों में 12 परिसर तथा पुणे के डेक्कन कॉलेज में आईकेएस-ईडीएस केंद्र है। यह विश्वविद्यालय केंद्रीय योजना के अंतर्गत 26 आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों/शोध संस्थानों का प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रबंधन भी करता है तथा संस्कृत शिक्षा समर्पित 184 संस्थाओं का संबद्धता निकाय है।

विश्वविद्यालय के आदर्श वाक्य, "योऽनूचानः स नो महान्" (जो सुशिक्षित है, वही महान है), से प्रेरित होकर हम इस बात पर दृढ़ विश्वास रखते हैं कि सच्ची शिक्षा केवल ज्ञान ही नहीं, अपितु संस्कार, भक्ति तथा समर्पण की भावना भी प्रदान करती है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रेरणादायी नेतृत्व तथा माननीय शिक्षा मंत्री एवं कुलाधिपति श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय उन नागरिकों के निर्माण की दिशा में अग्रसर है जो समग्र भारतीय ज्ञान परंपराओं, आधुनिक वैज्ञानिक एवं तकनीकी दक्षता, बहुभाषिक क्षमता, आलोचनात्मक एवं चिंतनशील सोच, नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्रीय समर्पण से संपन्न हों।

विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को पूर्ण हृदय से अंगीकार किया है। परंपरागत शिक्षा हेतु समर्पित परिसरों को बनाए रखते हुए हम अपने पाठ्यक्रम में अंतरानुशासनिक अध्ययन को बढ़ावा दे रहे हैं, प्राचीन भारतीय ज्ञान को आधुनिक विषयों के साथ संयोजित कर रहे हैं, आलोचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित कर रहे हैं तथा छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रहे हैं।

हमारी पूर्व उपलब्धियों, जिनमें राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा ए++ ग्रेड तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रथम श्रेणी विश्वविद्यालय की मान्यता शामिल है, पर आधारित इस वर्ष कई महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए गए हैं:

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप नए अंतरानुशासनिक कार्यक्रमों का आरंभ, जिनमें एम.ए. (भारतीय ज्ञान प्रणाली), भारतीय न्यायशास्त्र में एलएलबी (ऑनर्स), बी.ए. ऑनर्स (संस्कृत एवं सिविल सेवा अध्ययन)

तथा बी.एससी./एम.एससी. (योग विज्ञान) शामिल हैं; आगामी वर्षों में और अधिक अंतरानुशासनिक पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है।

2. डेक्कन कॉलेज, पुणे में भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं संस्कृत विश्वकोशीय शब्दकोश केंद्र (आईकेएस-ईडीएस) सहित विशेषीकृत केंद्रों की स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण।

3. तीन परिसरों में संकाय विकास केंद्रों की स्थापना, जो प्रौद्योगिकी-सम्मिलित नवोन्मेषी शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देंगे।

4. मुक्तस्वाध्यायपीठम् का विस्तार, जो अब 26 देशों के लगभग 12,000 छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा तथा प्रमाण-पत्र कार्यक्रम प्रदान कर रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न आईआईआईटी, आईआईटी, आईआईएम तथा अनेक केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों में संस्कृत अध्ययन केंद्र स्थापित किए गए हैं।

5. एमओओसीएस पाठ्यक्रमों, कौशल विकास कार्यक्रमों (प्राच्यविद्याकौशलविकासपरिषद् के अंतर्गत एनएसक्यूएफ दिशानिर्देशों पर पाठ्यक्रम निर्माताओं हेतु कार्यशाला सहित), संस्कृत ओलंपियाड, गीता ओलंपियाड, अखिल भारतीय युवा महोत्सव, संस्कृत सप्ताह महोत्सव, छात्रों द्वारा चंद्रखानी पास ट्रेक तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2024), स्वतंत्रता दिवस, भारतीय भाषा दिवस, हिन्दी पखवाड़ा तथा स्वच्छता सप्ताह जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजन सहित नवोन्मेषी शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का संवर्धन।

6. कार्यस्थल पर महिलाओं हेतु नेतृत्व एवं निर्णय-निर्माण भूमिकाओं के संवर्धन संबंधी विशेष कार्यक्रम।

7. नेपाल भारत संस्कृत सम्मेलन, काठमांडू (27-29 मार्च 2024); सिंगापुर में 'धार्मिक सिद्धांतों के प्रकाश में अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी एवं समता: ट्रिपल ई एंड डी, संस्कृति संरक्षण एवं सतत विकास' विषयक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (27-30 मई 2024); ऑस्ट्रेलिया संस्कृत सम्मेलन (2024) तथा थाईलैंड में शैक्षणिक भ्रमण एवं सम्मेलन (2025) जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का सुदृढ़ीकरण।

8. आईआईटी हैदराबाद, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (नई दिल्ली), फो गुआंग विश्वविद्यालय (ताइवान), एचसीएलटेक तथा अकाडेमिया विवेरियम नोवुम (इटली) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ 9 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर। ये सहयोग अंतरानुशासनिक अनुसंधान, डिजिटल एवं प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों तथा अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक आदान-प्रदान पर केंद्रित हैं, जिससे सीएसयू की शैक्षणिक पहुंच एवं वैश्विक जुड़ाव सुदृढ़ हुआ है।

9. नवोन्मेषी पहलों के समर्थन हेतु धारा-8 कंपनी के गठन की योजनाओं में प्रगति।

10. परिसरों में शैक्षणिक सुविधाओं, कक्षाओं, छात्रावासों, पुस्तकालयों तथा डिजिटल संसाधनों के उन्नयन द्वारा बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण, जिससे शिक्षण-अध्ययन वातावरण एवं छात्र सहायता सेवाओं में सुधार हुआ है।

ये उपलब्धियां संकाय, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के समर्पित योगदान से संभव हुई हैं। अनेक नवोन्मेषी परियोजनाएं सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं के सहयोग से आरंभ की गई हैं।

मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी का उनके अमूल्य मार्गदर्शन तथा उच्च शिक्षा सचिव महोदय तथा मंत्रालय के सभी अधिकारियों का नई पहलों के निर्माण एवं हमारे साझा दृष्टिकोण की प्राप्ति हेतु निरंतर समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

"सर्वे भवन्तु सुखिनः एवं वसुधैव कुटुम्बकम्" को अंगीकार करते हुए हम आगे बढ़ रहे हैं। जैसे भारत प्राचीन काल में विश्वगुरु था, वैसे ही हम आधुनिक साधनों के माध्यम से हमारी शाश्वत ज्ञान परंपराओं का वैश्विक प्रसार कर पुनः भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए कटिबद्ध हैं।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नवोत्कर्ष के साथ अभूतपूर्व उन्नति की पराकाष्ठा को प्राप्त करे, इसी आशा और गौरव के साथ, मैं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का यह वार्षिक प्रतिवेदन (2024-2025) प्रस्तुत करता हूँ।

जयतु संस्कृतम् जयतु भारतम्।

प्रो. श्रीनिवास वरखेडी
कुलपति

1. पर्यावलोकन

1.1 संस्था

संस्कृत आयोग सन् 1956 की परामर्श के अनुसार भारत सरकार द्वारा वर्ष 1970 में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की संस्थापना की गई। इसका मुख्य उद्देश्य पूरे देश में संस्कृत शिक्षा, शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देना, प्रचार करना और संरक्षित करना है। यह पूरी तरह से अब शिक्षा मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया था। पारम्परिक संस्कृत शिक्षा के प्रचार और प्रसार के क्षेत्र में इसके योगदान को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान को 7 मई, 2002 को मानित विश्वविद्यालय के रूप में परिणत किया गया। तत्कालीन राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) को केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2020 (2020 की संख्या 5) के अन्तर्गत संसद द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के रूप में मान्यता दी गयी है। यह विश्वविद्यालय भारत के महामहिम राष्ट्रपति के अनुमोदन के उपरान्त 30 अप्रैल, 2020 से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के रूप में कार्य आरम्भ किया जिसके अन्तर्गत नई दिल्ली में अपने मुख्यालय के साथ देश के विभिन्न राज्यों में बारह परिसरों का सञ्चालन की जा रही है। इन परिसरों के अतिरिक्त केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित संस्थानों को संबद्धता प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में भी केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय कार्य कर रहा है। संस्कृत भाषा के समग्र प्रचार तथा संस्कृत शिक्षा के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित निम्नलिखित केन्द्रीय योजनाओं को कार्यान्वियन के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को दायित्व सौंपा गया है।

1. प्रमाणपत्र सहित राष्ट्रपति सम्मान एवं संस्कृत, पालि. प्राकृत, अरबी, फारसी, शास्त्रीय उड़िया, शास्त्रीय तमिल, शास्त्रीय कन्नड़, शास्त्रीय मलयालम भाषाओं के विद्वानों को महर्षि बादरायण व्यास सम्मान।
2. आदर्श संस्कृत महाविद्यालय/आदर्श शोध संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त संस्थाओं को वित्तीय सहायता योजना।
3. स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों को संस्कृत शिक्षण के लिए वित्तीय सहायता।
4. पालि प्राकृत योजना।
5. संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न शोध परियोजनाओं/कार्यक्रमों/गतिविधियों के लिए गैर सरकारी संगठनों/मानित संस्कृत विश्वविद्यालयों/सी.बी.एस.सी./ एन.सी.आर.टी./एस.सी.आर.टी. को वित्तीय सहायता।
6. दुर्लभ पुस्तकों के प्रकाशन/पुनर्मुद्रण और पुस्तकों की थोक क्रय के लिए वित्तीय सहायता।
7. पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/संस्थानों के छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए पंजीकृत शैक्षणिक संगठनों को वित्तीय सहायता।
8. संस्कृत शिक्षा विकास योजना के अन्तर्गत संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों/ माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों/महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु वित्तीय सहायता।
9. अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा।
10. सेवानिवृत्त/प्रतिष्ठित संस्कृत विद्वानों (शास्त्र चूड़ामणि) की सेवाओं के उपयोग के लिए वित्तीय सहायता।
11. असहाय परिस्थितियों में विद्यमान प्रसिद्ध संस्कृत पण्डितों को सम्मान राशि के रूप में वित्तीय सहायता।
12. संस्कृत डिक्शनरी प्रोजेक्ट डेक्कन कॉलेज, पुणे।
13. अष्टादशी परियोजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता (संस्कृत के विकास को बनाए रखने के लिए 18 परियोजनाएँ)।

इन योजनाओं के अन्तर्गत केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा पूरे देश में संस्कृत के प्रचार और विकास में लगे संस्थानों/संगठनों/विद्वानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

1.2 भूमिका एवं कार्य

संस्था के बहिर्नियम में निर्देशित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के मुख्य उद्देश्य संस्कृत शिक्षण और शोध का प्रसारण विकास व प्रोत्साहन है जिनका पालन करते हुए;

i. उच्च शिक्षा प्रदान करना, ताकि विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग की रिपोर्ट (1948 ई.) और भारत में उच्चतर शिक्षा के नवीकरण एवं पुनरुद्धार (2009 ई.) और मानित विश्वविद्यालयों के लिए समीक्षा समिति की रिपोर्ट (2009 ई.) के द्वारा विश्वविद्यालय के संदर्भ से पूर्णतया सहमत स्नातकोत्तर और अनुसंधान उपाधि स्तरों पर उचित मानी जाने वाली ज्ञान की ऐसी शाखाओं में उत्कृष्टता और नवाचार का प्रावधान करना।

ii. परम्परागत संस्थाओं द्वारा प्रदान किए जाने वाले कला, विज्ञान, आभियान्त्रिकी, चिकित्सा, डेंटल, फार्मेसी, प्रबंध आदि विषयों में परम्परागत उपाधियों तक पहुँचने के लिए सामान्य स्वरूप के कार्यक्रमों से शैक्षणिक विनियोजन को अलग करने वाले विश्वविद्यालय शिक्षा प्रणाली के लक्ष्यों में महत्त्वपूर्ण भागीदारी करने के लिए योग्यता वाले विशिष्ट क्षेत्रों में सहभागिता।

iii. विभिन्न विषयों में पर्याप्त संख्या में पूर्णकालिक संकाय/अनुसंधान शिक्षाविदों (पीएच.डी. और पोस्ट डॉक्टोरल) द्वारा विभिन्न आन्तरिक अनुसंधान कार्यक्रमों के माध्यम से उच्च गुणवत्तापरक शिक्षण और अनुसंधान हेतु तथा ज्ञान की प्रगति और उसके वितरण हेतु प्रावधान करना।

iv. अकादमिक समुदाय के विशिष्ट व्यक्तियों के साथ विचार विमर्श की प्रक्रिया से विनिर्दिष्ट हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अथवा देश की प्रमुख आवश्यकताओं के लिए महत्त्वपूर्ण समझे जाने पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा अध्ययन और अनुसंधान के विशिष्ट क्षेत्रों में प्रायोजित - नवीन वर्ग के अंतर्गत ऐसे विशेष और उभरते क्षेत्रों में जिन्हें परम्परागत अथवा वर्तमान संस्थाओं द्वारा कार्य में नहीं लाया जा रहा है उसके अंतर्गत मानित विश्वविद्यालय संस्थाओं के सृजन में सहायता करना।

v. संस्कृत अध्ययन की सभी शाखाओं में शोधकार्य करवाना, उस हेतु सहायता प्रदान करना, प्रोत्साहन और संयोजन करना जिसमें शिक्षक-प्रशिक्षण तथा पाण्डुलिपि विज्ञान आदि सन्दर्भगत सम्बद्ध क्षेत्रों में उन आधुनिकतम शोध कार्यों के परिणामों को अन्तः सम्बन्धित करने के साथ पुस्तकों का प्रकाशन भी सम्मिलित है।

vi. संस्कृत के विकास के लिए भारत सरकार के केन्द्रीय अभिकरण के रूप में कार्य कर सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और विभिन्न योजनाओं को लागू करना।

vii. ज्ञान की उन शाखाओं में अनुदेश और प्रशिक्षण का प्रबन्ध करना, जिन्हें विश्वविद्यालय उचित मानता हो।

viii. विद्या के प्रचार, प्रसार और अभिवृद्धि के लिए शोध का प्रावधान करना।

ix. समाज के विकास में योगदान करने के लिए बहिर्विश्वविद्यालयीय अध्ययन, विस्तार कार्यक्रम एवं विभिन्न क्षेत्रीय गतिविधियों को आयोजित करना।

x. विश्वविद्यालय के उद्देश्यों की पूर्ति और विकास के लिए आवश्यक या अपेक्षित विभिन्न प्रकार के ऐसे अन्य सभी कार्यक्रमों को आयोजित करना।

1.3 कार्यक्रम एवं क्रियाकलाप

विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु निम्नलिखित प्रमुख कार्यक्रमों और क्रियाकलापों में कार्यरत है:

- विभिन्न राज्यों में परिसरों की स्थापना।

- माध्यमिक, पूर्वस्नातक, स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर परम्परागत पद्धति से संस्कृत शिक्षण तथा डॉक्टरेट की उपाधि के स्तर पर शोध का सञ्चालन करना।
- स्नातक स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण शिक्षाशास्त्र (बी. एड.) का सञ्चालन करना।
- संस्कृत के विभिन्न क्षेत्रों में शोधकार्य का सञ्चालन व समन्वयन।
- उभयनिष्ठ अभिरुचि वाली संयुक्त परियोजनाओं के प्रायोजन में अन्य संगठनों से सहयोग।
- संस्कृत पुस्तकालयों, पाण्डुलिपि संग्रहालयों की स्थापना और दुर्लभ पाण्डुलिपियों एवं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का सम्पादन तथा प्रकाशन।
- स्वीकृत निर्धारित पाठ्यक्रम/शोध को संतोषजनक रूप से पूर्ण करके निर्धारित परीक्षायें उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान करना और डिप्लोमा/ प्रमाण-पत्र देना।
- विजिटरशिप, फेलोशिप, छात्रवृत्तियाँ, पुरस्कार तथा पदकों का संस्थापन एवं उन्हें प्रदान करना।
- दूरस्थ शिक्षा-कार्यक्रमों का सञ्चालन।
- संस्कृत के प्रोन्नयन हेतु शिक्षा मन्त्रालय की योजनाओं का कार्यान्वयन।

1.4 अध्यापन

विश्वविद्यालय के अपने बारह परिसरों में विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित पाठ्यक्रम के आधार पर प्राक्शास्त्री से आचार्य स्तर तक शिक्षण का सञ्चालन किया जाता है तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं में प्रथमा से आचार्य तक शिक्षण तथा क्रमशः प्रमाणपत्र/उपाधि दी जाती है।

स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित और विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्कृत संस्थाएँ भी उसी पाठ्यक्रम के साथ शिक्षण प्रदान करती हैं।

1.5 शिक्षक प्रशिक्षण

परिसरों में शिक्षण अभ्यास पर बल देते हुए एक शैक्षिक वर्ष हेतु शिक्षक-प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का सञ्चालन किया जाता है, जिसमें बी.एड के समकक्ष शिक्षा-शास्त्री की उपाधि प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, एम.एड. के समकक्ष शिक्षा-आचार्य उपाधि पाठ्यक्रम का भी सञ्चालन जयपुर तथा भोपाल परिसरों में किया जाता है।

1.6 शोध

विश्वविद्यालय के सभी परिसरों में शोध हेतु छात्रों का पंजीकरण होता है और इसके सफल समापन पर उन्हें पीएच्.डी. के समकक्ष विद्यावारिधि की उपाधि प्रदान की जाती है।

यद्यपि संस्कृत की चयनित शाखाओं में गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज विशेष रूप से अनुसन्धान गतिविधियों को समर्पित हैं। परिसरों के पुस्तकालय देश के सबसे समृद्ध पुस्तकालयों में से है। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में 57,957 से अधिक दुर्लभ पाण्डुलिपियाँ संरक्षित हैं।

1.7 प्रकाशन

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वारा उसके मुख्यालय के प्रकाशन विभाग से एवं इसके विभिन्न परिसरों से लगभग चालीस शोध पत्रिकाओं का प्रकाशन हो रहा है जिसमें से प्रमुख-

1. 'संस्कृत विमर्शः' – मुख्यालय के प्रकाशन विभाग से प्रकाशित षाण्मासिक शोध पत्रिका, जो कि यूजीसी केयर सूची में संग्रहीत है।

2. 'जर्नल ऑफ गंगानाथ झा कैम्पस – गंगानाथ झा परिसर से प्रकाशित शोध पत्रिका प्रयागराज शोध पत्रिका' नामक अनेक शोध पत्रिकाएँ प्रकाशित करता है। यह भी यूजीसी केयर सूची में संग्रहीत है।

3. 'शिक्षामृतम्' – श्री रणबीर परिसर, जम्मू से प्रकाशित शोध पत्रिका है, जो कि यूजीसी केयर सूची में संग्रहीत है।

4. 'गोमती' – लखनऊ परिसर, लखनऊ से प्रकाशित वार्षिक शोध पत्रिका है जो कि यूजीसी केयर सूची में संग्रहीत है।

पहली पत्रिका मुख्यालय द्वारा प्रकाशित होती है। दूसरी गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज द्वारा प्रकाशित की जाती है। इनके अतिरिक्त, परिसरों से वार्षिक साहित्यिक पत्रिकाएँ भी प्रकाशित की जाती हैं। सभी परिसरों ने अपनी वार्षिक पत्रिका का उन्नयन कर उसे शोध पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया है।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एवं परिसरों द्वारा विद्वत्तापूर्ण प्रकाशनों, मूल पाठों एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों का प्रकाशन किया गया है। प्रकाशन एवं पुनर्मुद्रण योजना के अन्तर्गत अब तक कुल 700 से अधिक दुर्लभ एवं अनुपलब्ध पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है।

'संस्कृत वार्ता' त्रैमासिक समाचार पत्रिका का नियमित रूप से प्रकाशन मुख्यालय से किया जाता है।

1.8 राजभाषा प्रभात

मंत्रालय द्वारा केन्द्र सरकार के कार्यालयों में हिन्दी भाषा के प्रचार एवं प्रसार हेतु "राजभाषा प्रभात" नामक कार्यक्रम सफलता पूर्वक संचालित किया जाता रहा है। इस क्रम में विश्वविद्यालय के द्वारा पर्याप्त संख्या में हिन्दी के माध्यम से कार्यालयीय कार्य एवं विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। अन्य गतिविधियों के अतिरिक्त हिन्दी में किए जा रहे कार्यों का प्रतिवेदन मंत्रालय को प्रति तीन माह में भेजा जाता है।

2. प्राधिकारी एवं संरचना

2.1 भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की कुलाध्यक्ष (Visitor) हैं। शिक्षा मंत्री, भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं। प्रतिवेदन वर्ष 2024-25 के दौरान श्री धर्मेन्द्र प्रधान, माननीय मंत्री, शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रहे हैं। कुलपति विश्वविद्यालय के प्रधान शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अधिकारी और विश्वविद्यालय की सभी सांविधिक निकायों के पदेन अध्यक्ष होते है। वे विश्वविद्यालय के मामलों पर सामान्य पर्यवेक्षण तथा नियन्त्रण रखते हैं, नीतियों और कार्यक्रमों का निष्पादन भी करते हैं तथा विश्वविद्यालय के सभी प्राधिकरणों के निर्णयों को लागू करते हैं। वर्ष 01.04.2024 से 31.03.2025 के दौरान प्रो. श्रीनिवास वरखेडी केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में हैं। शोभायमान विश्वविद्यालय के निम्नलिखित प्राधिकरण हैं:

1. कोर्ट- कोर्ट का गठन और कोर्ट की शक्तियां केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम 2020 के खण्ड 20 के अनुसार निर्धारित होंगी।
2. कार्य परिषद्- विश्वविद्यालय में प्रबन्धन का प्रमुख अंग है। यह नीति-निर्णयों के निर्धारण तथा निर्णयों के कार्यान्वियन की सुनिश्चित कराने हेतु अधिकार सम्पन्न है।
3. विद्वत् परिषद्-शिक्षा, शिक्षण, प्रशिक्षण, परीक्षा और शोध कार्यक्रमों के मानदण्डों बनाए रखने के लिए उत्तरदायी प्रधान शैक्षिक निकाय है।
4. अध्ययन परिषद्- प्रत्येक विभाग में अध्ययन परिषद् होगा। अध्ययन परिषद् का कार्य विभिन्न उपाधियों और शोध उपाधियों की अन्य आवश्यकताओं के लिय शोध के लिए विषयों को संस्तुति करना और अध्यादेशों द्वारा निर्धारित तरीके से संबंधित विद्यास्थानों को सिफारिश करना है।
5. वित्त समिति-शासी परिषद् के समक्ष वार्षिक लेखा व वित्तीय प्राक्कलन रखने, कुल व्यय की सीमाएँ निर्धारित करने और हर प्रकार के पदों के सृजन की संस्तुति हेतु उत्तरदायी प्रमुख वित्त निकाय है।
6. योजना तथा पर्यवेक्षण बोर्ड- विकास कार्यक्रमों के परिवीक्षण हेतु उत्तरदायी प्रमुख योजना निकाय है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, विश्वविद्यालय में अन्य निकाय भी गठित हैं जो अपने अपने कार्य के स्वरूप के आधार पर संस्तुतियाँ तैयार करते हैं- नामतः सहायता अनुदान समिति, प्रकाशन समिति, छात्रवृत्ति चयन समिति, शोध मण्डल तथा परीक्षा बोर्ड।

वर्ष 2024-25 में विश्वविद्यालय के प्राधिकरणों/निकायों द्वारा आयोजित बैठकों का विवरण निम्नलिखित सारणी द्वारा प्रदर्शित हैं -

कार्य परिषद्	
बोर्ड/परिषद्/समिति	आयोजित बैठको की तिथियाँ
20वी बैठक	20.06.2024
21वी बैठक	30.08.2024
22वी बैठक	26.11.2024
23वी बैठक	12.03.2025

विद्वत्परिषद्	
बोर्ड/परिषद्/समिति	आयोजित बैठको की तिथियाँ
11वीं बैठक	21.10.2024
12वीं बैठक	27.02.2025

वित्त समिति	
बोर्ड/परिषद्/समिति	आयोजित बैठको की तिथियाँ
14वीं बैठक	19.06.2024
15वीं बैठक	26.11.2024
योजना तथा पर्यवेक्षण मण्डल	--

कार्य परिषद्, विद्वत्परिषद् तथा वित्त समिति का संघटन क्रमशः संलग्नक 'क', 'ख' एवं 'ग' में दिया गया है।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का संगठन एवं संरचना



2.2 केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का मुख्यालय एवं परिसर

2.2.1 मुख्यालय

वर्तमान में विश्वविद्यालय उनके नई दिल्ली स्थित मुख्यालय से विभिन्न विभागों/अनुभागों के द्वारा निम्नलिखित कार्य निष्पादित कर रहा है:-

1. प्रशासनिक अनुभाग
   (स्थापना, सामान्य प्रशासन, कार्मिक प्रशासन, परिसरीय प्रशासन, अभियांत्रिकी विभाग, कानून इकाई, सूचना का अधिकार अधिनियम इकाई)

2. वित्त अनुभाग
   (वित्त, लेखा, बजट, लेखा परीक्षा)

3. परीक्षा अनुभाग
   (विद्यालय, महाविद्यालय, मूल्यांकन एवं गोपनीय)

4. शैक्षणिक अनुभाग
   (प्रवेश, सम्बद्धता, पाठ्यक्रम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, अधिगम प्रबन्धन प्रणाली, छात्रकल्याण एवं मूक्स)

5. प्रकाशन अनुभाग
   (प्रकाशन एवं विक्रय, विश्वविद्यालय प्रकाशन, अनुवाद एवं शोध प्रकाशन एवं शैक्षणिक परियोजना)

6. केन्द्रीय योजना अनुभाग
   (आदर्श संस्कृत महाविद्यालय/आदर्श संस्कृत शोध संस्थाएं, स्वैच्छिक संस्कृत संस्थान, अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा, आधुनिक एवं शास्त्रीय छात्रवृत्ति, पालि एवं प्राकृत, अष्टादशी, शास्त्रचूड़ामणि, राष्ट्रपतिपुरस्कार, संस्कृत साहित्य उत्पादन/सृजन, संस्कृत पुस्तकों की थोक खरीद एवं पुनर्मुद्रण)

7. परियोजना विभाग
   (समर्थ, ई-ऑफिस, जेम, आइ.सी.टी, आदि)

8. मुक्त एंव दूरस्थ शिक्षा संस्थान
   (प्रवेश, मूल्यांकन पत्राचार पाठ्यक्रम, अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण (NFSE), ई-लर्निंग, आदि)

9. पुस्तकालय

10. शोध एवं विकास केन्द्र (R&D)

11. भारतीय ज्ञान परम्परा शाखा (IKS)

2.2.2 परिसर :

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा देश के विभिन्न भागों में निम्नलिखित परिसरों का संचालन किया जा रहा है:

क्रम सं.	परिसरों के नाम	स्थान
1.	श्री गंगानाथ झा परिसर	प्रयागराज, उत्तरप्रदेश
2.	श्री सदाशिव परिसर	पुरी, ओड़िशा
3.	श्री रणवीर परिसर	जम्मू, जम्मू और कश्मीर

4.	गुरुवायूर परिसर	त्रिचूर, केरल
5.	जयपुर परिसर	जयपुर, राजस्थान
6.	लखनऊ परिसर	लखनऊ, उत्तर प्रदेश
7.	श्री राजीव गांधी परिसर	श्रृंगेरी, कर्णाटक
8.	वेद व्यास परिसर	बलाहर, हिमाचल प्रदेश
9.	भोपाल परिसर	भोपाल, मध्य प्रदेश
10.	नासिक परिसर	नासिक, महाराष्ट्र
11.	एकलव्य परिसर	अगरतला, त्रिपुरा
12.	श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर	देवप्रयाग, उत्तराखण्ड

मुख्यालय से अनौपचारिक पत्राचार पाठ्यक्रम और दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों का सञ्चालन किया जा रहा है। मुख्यालय के पास पुस्तकालय, प्रकाशन विभाग, शोध केन्द्र एवं प्रदर्शनी कक्ष उपलब्ध है। शेष सभी परिसरों में सभी उपस्करों सहित पुस्तकालय, प्रयोगशाला, छात्रकक्ष, कर्मचारी आवास तथा छात्रावास आदि उपलब्ध हैं। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधोनिर्दिष्ट नियमित पाठ्यक्रमों (कार्यक्रमों) को अपने परिसरों के माध्यम से सञ्चालित करता है। परिसरों में पढ़ाये जाने वाले नियमित पाठ्यक्रमों का विस्तृत विवरण प्रत्येक परिसर की गतिविधियों में जोड़ा गया है।

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	के समकक्ष
1.	उत्तरमध्यमा/प्राक्शास्त्री	(सीनियर सेकेण्डरी +2)
2.	शास्त्री, शास्त्री प्रतिष्ठा	(बी.ए.), बी.ए, (आनर्स)
3.	आचार्य	(एम्.ए. संस्कृत)
4.	शिक्षाशास्त्री	(बी.एड्.)
5.	शिक्षाचार्य	(एम्.एड्.)
6.	एल.एल.बी. (भारतीय न्यायशास्त्र)	
7.	आईटीईपी (समेकित शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम)	
8.	बी.ए. (ऑनर्स) संस्कृत एवं सिविल सेवा अध्ययन	
9.	स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम	
10.	विद्यावारिधि	(पीएच्.डी.)

दूरस्थशिक्षा के पाठ्यक्रम/कार्यक्रम

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से प्राक्शास्त्री, शास्त्री, आचार्य (व्याकरण, ज्योतिष और साहित्य में) तथा अन्य प्रमाणपत्रीय/परिचय पाठ्यक्रमों का सञ्चालन अपने दूरस्थ शिक्षा संस्थान के द्वारा करता है, जो कि दिल्ली स्थित मुख्यालय और देश के विभिन्न स्थानों में संस्थापित परिसरों के स्वाध्याय केन्द्रों से क्रियान्वित किये जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया अनुभाग संख्या 4.1.15 देखें।

3. छात्रों/शिक्षार्थियों के आंकड़े

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विविध कार्यक्रमों में प्रविष्ट अध्येताओं की कुल संख्या 9013 है। जिसका पाठ्यक्रम/प्रणालीवार विवरण अधोलिखित है।

3.1. विश्वविद्यालय के परिसरों में नियमित अध्येताओं की संख्या (शिक्षा सत्र 2024-25 के अनुसार)

क्र. सं.	परिसर	कक्षा: प्राक् शास्त्री		शास्त्री			शास्त्री प्रतिष्ठा			बी.ए. ऑनर्स	एल.एल.बी. (ऑनर्स)	शिक्षाशास्त्र		आईटीईपी	आचार्य		शिक्षा आचार्य		अभिनव पाठ्यक्रम	वि.वि.	योग
		I	II	I	II	III	I	II	III	I	I	I	II		I	II	I	II			
1	श्री गंगानाथ झा परिसर	-	-	-	-	-	-	-	-			-	-	-	12	-	-	-	160	12	184
2	श्री सदाशिव परिसर	116	120	2	1	10	88	96	79			110	110	-	351	290	49	23	36	42	1523
3	श्री रणबीर परिसर	127	124	87	131	90	-	-	-			110	107	-	74	65	-	-	84	5	1004
4	गुरुवायूर परिसर	25	16	18	28	27	-	-	-			55	53	29	35	46	-	-	24	4	360
5	जयपुर परिसर	91	82	71	157	133	2	13	13	-	47	110	109	88	50	70	10	14	168	29	1257
6	लखनऊ परिसर	48	54	79	55	43	-	-	7	27		50	55	-	65	56	-	-	64	12	615
7	राजीव गांधी परिसर	61	62	31	25	18	31	26	17			55	54	-	34	35	-	-	91	13	553
8	वेद व्यास परिसर	109	99	261	208	188	-	-	-			55	55	-	103	80	-	-	11	16	1185
9	भोपाल परिसर	99	57	74	90	58	17	9	8			110	108	91	53	33	28	15	45	46	941
10	नासिक परिसर	5	4	-	30	23	-	-	-			55	51	-	-	24	-	-	42	2	236
11	मुख्यालय कार्यालय	-	-	-	-	-	-	-	-			-	-		-	-	-	-	-	29	29
12	एकलव्य परिसर	100	104				77	53	27			54	55	-	31	35	-	-	34	7	577
13	श्रीरघुनाथ कीर्ति परिसर	78	58	31	107	35	110	-	-	-	-	-	-	-	45	41	-	-	33	11	549
	Total	859	780	654	832	625	325	197	151	27	47	764	757	208	853	775	87	52	792	228	9013

3.2 केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के परिसर एवं सम्बद्धता प्राप्त विद्यालयों/महाविद्यालयों से वर्ष 2024-25 वार्षिक प्रवेश संस्थावार छात्रों की संख्या

संवद्ध संस्थानों में नियमित मोड में कक्षावार छात्रों की संख्या

			Acharya, M.A. & M.Sc.		B.A. (Hons.)	IP	S & B.Sc.			SP			V.V.	Prak Shastri		Grand Total				
Institution Name	District	State	I	II	I	I	I	II	III	I	II	III	All	I	II	I	II	III	V V	Total
Total			317	364	-	96	480	482	343	70	80	93	14	219	309	1182	1235	436	14	2867
कैलिकट आदर्श संस्कृत विद्या पीठ	केरल,	कोझिकोड	19	23	-	-	16	20	16	-	-	-	-	8	6	43	49	16	-	108
डी. के. के. एस. डी. आदर्श संस्कृत कॉलेज	हरियाणा	अंबाला कैंट	22	15	-	33	32	16	21	-	-	-	-	5	12	92	43	21	-	156
डॉ. रामजी मेहता आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	बिहार,	मुजफ्फरपुर	7	14	-	-	10	18	15	-	-	10	-	12	6	29	38	25	-	92
हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ	हरियाणा	फरीदाबाद	18	40	-	-	35	19	17	-	-	-	-	10	5	63	64	17	-	
जगदीश नारायण ब्रह्मचार्य आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	बिहार,	दरभंगा	17	25	-	-	50	17	4	-	22	16	-	20	28	87	92	20	-	199
कालियाचक विक्रम किशोर आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	पश्चिम बंगाल	पूर्व मेदिनीपुर	19	27	-	-	-	-	-	35	17	42	-	1	3	55	47	42	-	144
लक्ष्मी देवी श्रॉफ आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	झारखंड,	देवघर	11	14	-	-	-	-	1	16	31	10	-	20	22	47	67	11	-	125
राधा माधव आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	मणिपुर,	इम्फाल पश्चिम	1	8	-	-	13	83	92	-	-	-	-	23	122	37	213	92	-	342
राजकुमारी गणेश शर्मा आदर्श संस्कृत विद्यापीठ	बिहार,	दरभंगा	19	19	-	-	33	39	47	-	-	-	-	8	19	60	77	47	-	184
रानी पद्मावती तारा योग तंत्र आदर्श महावि.	उत्तर प्रदेश,	वाराणसी	24	27	-	24	14	36	21	-	-	-	-	28	23	90	86	21	-	197
सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	हिमाचल प्रदेश,	ऊना	11	-	-	-	97	-	-	-	-	-	-	21	-	129	0	0	-	129
श्री भगवानदास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	उत्तराखंड	हरिद्वार	43	38	-	17	66	112	71	-	-	-	-	21	28	147	178	71	-	396

श्री एकरसानंद आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	उत्तर प्रदेश,	मैनपुरी	34	44	-	22	40	41	-	-	-	-	-	-	-	96	85	0	-	181
श्री रामसुंदर संस्कृत विश्वविद्या प्रतिष्ठान	बिहार,	दरभंगा	10	23	-	-	24	29	18	-	-	2	-	29	33	63	85	40	-	188
श्रीमती लाड देवी शर्मा पंचोली आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	राजस्थान,	भीलवाड़ा	24	16	-	-	50	49	-	-	-	-	-	10	-	84	65	-	-	149
श्री सीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	पश्चिम बंगाल	कोलकाता	38	31	-	-	-	3	-	19	10	13	14	3	2	60	46	13	14	133
Total			-	-	-	43	-	-	-	-	-	-	-	-	-	43	0	0	0	43
वैदिक शोध मंडल	महाराष्ट्र	पुणे	-	-	-	43	-	-	-	-	-	-	-	-	-	43	0	0	0	43
Total			137	196	2	412	604	731	480	-	-	1	-	1008	668	2163	1595	481	0	4239
आदर्श संस्कृत विद्यापीठ हरेवाली	दिल्ली	नई दिल्ली	-	-	-	-	2	11	3	-	-	-	-	9	9	11	20	3	0	34
आदर्श संस्कृत विद्यापीठ पौड़ी गढ़वाल	उत्तराखंड,	पौड़ी गढ़वाल	-	-	-	-	4	1	7	-	-	-	-	-	2	4	3	7	0	14
आलोक संस्कृत महाविद्यालय	हरियाणा,	महेंद्रगढ़	-	-	-	-	11	6	22	-	-	-	-	-	-	11	6	22	0	39
आर्य कन्या गुरुकुल	दिल्ली,	नई दिल्ली	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	6	6	6	6	0	0	12
आत्मानंद संस्कृत शिक्षण संस्थान	उत्तर प्रदेश,	सीतापुर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	72	-	72	0	0	0	72
बजरंग महाविद्यालय	राजस्थान	दौसा	-	-	-	-	21	24	-	-	-	-	-	-	-	21	24	0	0	45
बाल विद्या मंदिर	दिल्ली	नई दिल्ली	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	4	4	4	4	0	0	8
बापू महाविद्यालय	उत्तर प्रदेश,	बलिया	-	-	-	2	51	45	-	-	-	-	-	-	-	53	45	0	0	98
भक्त बाला संस्कृत कॉलेज	पश्चिम बंगाल	नादिया	4	2	-	-	18	33	8	-	-	-	-	7	5	29	40	8	0	77
भारती चतुष्पथी संस्कृत महाविद्यालय	पश्चिम बंगाल	नादिया	25	42	-	-	30	60	32	-	-	-	-	3	5	58	107	32	0	197
भारतीय सैनिक स्कूल	उत्तर प्रदेश,	हरदोई	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	10	-	10	0	0	0	10

भारतीय संस्कृत महाविद्यालय	केरल,	कन्नूर	11	13	-	-	2	2	1	-	-	-	-	2	3	15	18	1	0	34
भावन्स श्री शंकराचार्य संस्कृत महाविद्यालय	दिल्ली	नई दिल्ली	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	11	-	11	0	0	0	11
भीष्म स्कूल ऑफ इंडियन नॉलेज सिस्टम	महाराष्ट्र,	पुणे	-	-	-	57	-	-	-	-	-	-	-	-	-	57	0	0	0	57
सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन कल्चर स्टडीज	अरुणाचल प्रदेश,	पश्चिम कामेंग	8	-	-	-	11	-	-	-	-	-	-	17	-	36	0	0	0	36
दीन दयाल उपाध्याय योग शिक्षण संस्थान	उत्तर प्रदेश,	अम्बेडकर नगर	-	-	-	3	-	-	-	-	-	-	-	-	-	3	0	0	0	3
देवमाता द्वारिका प्रसाद ब्रह्मचारी संस्कृत महाविद्यालय	उत्तर प्रदेश,	कौशाम्बी	-	-	-	-	7	4	-	-	-	-	-	-	-	7	4	0	0	11
देवराहा बाबा भक्त शिवशंकर संस्कृत महावि.	बिहार,	समस्तीपुर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	13	11	13	11	0	0	24
ध्रुव फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च	तेलंगाना,	हैदराबाद	-	-	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	0	0	0	2
दिनानाथ मिथिला संस्कृत विद्यापीठ	बिहार,	दरभंगा	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	6	2	6	0	0	8
डॉ. मण्डन मिश्र संस्कृत महाविद्यालय	बिहार,	बेगूसराय	3	5	-	-	15	12	8	-	-	-	-	32	17	50	34	8	0	92
डॉ. राम महाविद्यालय	उत्तर प्रदेश,	वाराणसी	-	-	-	3	1	7	-	-	-	-	-	7	-	11	7	0	0	18
ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज	बिहार,	सहरसा	4	-	-	23	-	-	-	-	-	-	-	-	-	27	0	0	0	27
गिन्नी देवी मोदी संस्कृत विद्यापीठ	उत्तर प्रदेश,	गाजियाबाद	-	-	-	-	-	-	1	-	-	-	-	6	2	6	2	1	0	9
गुरु वीरजानंद गुरुकुल महाविद्यालय	पंजाब	जालंधर	-	-	-	-	8	-	-	-	-	-	-	28	-	36	0	0	0	36
गुरुकुल हरिपुर	ओडिशा,	नुआपाड़ा	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	7	-	7	0	0	0	7

गुरुकुल नवा प्रभात वैदिक विद्यापीठ	ओडिशा	बरगढ़	-	-	-	-	10	10	-	-	-	-	-	12	11	22	21	0	0	43
हरिश्वर संस्कृत महाविद्यालय	पश्चिम बंगाल	दार्जिलिंग	-	-	-	-	6	15	9	-	-	-	-	8	23	14	38	9	0	61
इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ओरिएंटल साइंस	उत्तर प्रदेश,	लखनऊ	2	12	-	33	5	17	1	-	-	-	-	11	1	51	30	1	0	82
जगदीश नारायण ब्रह्मचारी आश्रम संस्कृत विद्यालय	बिहार,	दरभंगा	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	30	27	30	27	0	0	57
जैन इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल्स	राजस्थान	गंगानगर	-	-	-	86	-	-	-	-	-	-	-	-	-	86	0	0	0	86
कोडुंगल्लूर विद्यावतपीठम्	केरल,	त्रिशूर	3	3	-	-	3	4	5	-	-	-	-	5	6	11	13	5	0	29
कृषक इंटर कॉलेज	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	34	-	34	0	0	0	34
कृष्णागंज देवबनी मंदिर	पश्चिम बंगाल	हुगली	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	7	2	7	0	0	9
कुसुम ज्ञानोदय इंटर कॉलेज	उत्तर प्रदेश	बलिया	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	96	-	96	0	0	0	96
लक्ष्मी हरिकांत संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक विद्यालय	बिहार,	मधुबनी	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	4	0	4	0	0	4
मा गंगा शिक्षण समिति/संस्थान	उत्तर प्रदेश,	हरदोई	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	-	1	0	0	0	1
महर्षि पाणिनि वेद वेदांग विद्यापीठ	उत्तर प्रदेश,	गौतम बुद्ध नगर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	13	5	13	5	0	0	18
महर्षि वेदव्यास विद्यापीठ	दिल्ली, नई	दिल्ली	2	-	-	-	5	5	-	-	-	-	-	9	11	16	16	0	0	32
महेश्वरी संस्कृत कॉलेज	केरल,	कोझिकोड	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	8	7	8	7	0	0	15
मणिपुर संस्कृत महाविद्यालय	मणिपुर,	इम्फाल पूर्व	7	3	-	-	6	17	13	-	-	-	-	24	42	37	62	13	0	112
मदर उषा मेमोरियल ओरिएंटल सेंट्रल संस्कृत इंस्टिट्यूशनल एंड आगम तंत्र रिसर्च सेंटर	पश्चिम बंगाल	उत्तर दिनाजपुर	-	-	-	-	5	12	-	-	-	-	-	9	11	14	23	0	0	37
मुमुक्षु संस्कृत महाविद्यालय	उत्तर प्रदेश,	वाराणसी	-	-	-	-	12	11	-	-	-	-	-	7	6	19	17	0	0	36

नर्सी लाल पंचोली महाविद्यालय बोलखेड़ा कमान	राजस्थान	भरतपुर	-	-	-	-	18	32	20	-	-	-	-	-	4	18	36	20	0	74
पागलानंदा संस्कृत महाविद्यालय	पश्चिम बंगाल	मेदिनीपुर पूर्व	7	37	-	-	9	44	20	-	-	-	-	12	26	28	107	20	0	155
पाणिनि कन्या महाविद्यालय	उत्तर प्रदेश,	वाराणसी	-	-	-	-	9	1	-	-	-	-	-	34	11	43	12	0	0	55
फूलमती मेमोरियल इंटर कॉलेज	उत्तर प्रदेश,	लखनऊ	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	-	2	0	0	0	2
पूर्णदिशा जॉयचंडी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज	पश्चिम बंगाल	पुरुलिया	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	-	2	0	0	0	2
राधारानी एजुकेशनल इंस्टिट्यूट	पश्चिम बंगा	बाँकुड़ा	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	-	2	0	0	0	2
रहमनिया बी.एड. कॉलेज	पश्चिम बंगाल	मालदा	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	34	-	34	0	0	0	34
राम ऋषि संस्कृत महाविद्यालय	दिल्ली	दिल्ली	-	-	-	-	9	11	17	-	-	-	-	18	11	27	22	17	0	66
रामलाल इंटर कॉलेज	उत्तर प्रदेश,	बलिया	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	16	-	16	0	0	0	16
रवीन्द्र नाथ टैगोर इंटर कॉलेज	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	5	-	5	0	0	0	5
शंकरा स्कूल ऑफ वैदिक साइंसेज	तमिलनाडु	तिरुचिरापल्ली	-	-	-	1	6	-	-	-	-	-	-	-	-	7	0	0	0	7
संस्कृति विद्या संस्थान	उत्तर प्रदेश,	देवरिया	-	-	-	-	-	1	-	-	-	-	-	2	3	2	4	0	0	6
सरदामयी कॉलेज ऑफ एजुकेशन	पश्चिम बंगाल	पश्चिम मेदिनीपुर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	-	2	0	0	0	2
सरस्वती आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	बिहार,	बेगूसराय	-	-	-	-	8	23	11	-	-	-	-	13	6	21	29	11	0	61
श्री लज्जा राम संस्कृत विद्यापीठ	हरियाणा,	जींद	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	17	0	17	0	0	17
श्री रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय	जम्मू-कश्मीर (के.उ.)	सांबा	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	9	-	9	0	0	0	9
शारदा देवी संस्कृत विद्यापीठ	दिल्ली	नई दिल्ली	-	-	-	-	-	-	18	-	-	-	-	16	14	16	14	18	0	48
शिलभद्र टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट	पश्चिम बंगाल	पश्चिम मेदिनीपुर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	-	2	0	0	0	2

श्री ज्वाल्पा देवी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	उत्तराखंड,	पौड़ी गढ़वाल	3	7	-	-	12	7	10	-	-	-	-	-	-	15	14	10	0	39
श्री अरविन्द संस्कृत महाविद्यालय	हिमाचल प्रदेश,	मंडी	-	-	-	-	42	44	29	-	-	-	-	23	26	65	70	29	0	164
श्री बाबा हरदित गिरी संस्कृत महाविद्यालय	पंजाब	फतेहगढ़ साहिब	3	2	-	-	25	31	12	-	-	1	-	25	43	53	76	13	0	142
श्री बाबादीन यादव स्मारक शिक्षण एवं सेवा संस्थान	उत्तर प्रदेश,	बाराबंकी	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	-	1	0	0	0	1
श्री बाटुकनाथ संस्कृत महाविद्यालय	उत्तर प्रदेश,	वाराणसी	2	3	-	-	4	13	19	-	-	-	-	12	36	18	52	19	0	89
श्री दिगम्बर जैन आचार्य संस्कृत महाविद्यालय	राजस्थान	जयपुर	1	26	-	-	56	45	69	-	-	-	-	-	-	57	71	69	0	197
श्री गुरु गंगदेव जी संस्कृत महाविद्यालय	जम्मू-कश्मीर (के.उ)	राजौरी	-	-	-	-	2	10	9	-	-	-	-	10	13	12	23	9	0	44
श्री हनुमान संस्कृत महाविद्यालय	दिल्ली	नई दिल्ली	-	-	-	-	1	7	2	-	-	-	-	14	21	15	28	2	0	45
श्री जयराम संस्कृत महाविद्यालय	उत्तराखंड,	देहरादून	-	-	-	5	-	-	-	-	-	-	-	-	-	5	0	0	0	5
श्री जयराम विद्यापीठ कुरुक्षेत्र	हरियाणा,	कुरुक्षेत्र	-	-	-	24	-	-	-	-	-	-	-	-	-	24	0	0	0	24
श्री लज्जाराम संस्कृत महाविद्यालय	हरियाणा,	जींद	19	19	-	4	30	23	46	-	-	-	-	15	-	68	42	46	0	156
श्री माँ दुर्गा जाग्रानी देवी संस्कृत महाविद्यालय	उत्तर प्रदेश,	खीरी	-	-	-	-	3	11	-	-	-	-	-	8	13	11	24	0	0	35
श्री महावीर विश्व विद्यापीठ	दिल्ली	दिल्ली	11	6	-	-	15	19	13	-	-	-	-	23	7	49	32	13	0	94
श्री माता वैष्णो देवी गुरुकुल	जम्मू-कश्मीर (के.उ.)	रियासी	-	-	-	-	10	10	10	-	-	-	-	19	18	29	28	10	0	67
श्री मोतीनाथ संस्कृत महाविद्यालय	दिल्ली	दिल्ली	-	-	-	-	4	3	4	-	-	-	-	9	16	13	19	4	0	36

श्री रघुवर रामानंद वेदान्त महाविद्यालय	गुजरात,	अहमदाबाद	-	-	-	-	-	-	1	-	-	-	-	-	5	0	5	1	0	6
श्री राम गोपाल इंटर कॉलेज	उत्तर प्रदेश,	सीतापुर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	4	-	4	0	0	0	4
श्री राम नंदा ब्रह्मऋषि संस्कृत महाविद्यालय	हरियाणा,	पंचकूला	-	-	-	-	5	10	4	-	-	-	-	7	12	12	22	4	0	38
श्री रतन विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल	उत्तर प्रदेश,	मथुरा	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	5	-	5	0	0	0	5
श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय भिवानी	हरियाणा,	भिवानी	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	3	-	3	0	0	0	3
श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय नैनीताल	उत्तराखंड,	नैनीताल	-	-	-	-	9	-	-	-	-	-	-	-	-	9	0	0	0	9
श्री सरस्वती संस्कृत कॉलेज	पंजाब,	लुधियाना	-	-	-	-	17	21	17	-	-	-	-	13	20	30	41	17	0	88
श्री स्वामी सर्वानंद संस्कृत महाविद्यालय	दिल्ली	दिल्ली	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	3	6	3	6	0	0	9
श्री तिब्रिनाथ सांगवेद संस्कृत महाविद्यालय	उत्तर प्रदेश,	बरेली	-	-	-	-	-	2	4	-	-	-	-	15	29	15	31	4	0	50
श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय	उत्तर प्रदेश,	अमरोहा	3	13	-	23	37	34	23	-	-	-	-	24	32	87	79	23	0	189
श्री रामकृष्ण आदर्श संस्कृत महाविद्यालय	केरल	कोट्टायम	2	2	-	-	4	8	1	-	-	-	-	2	3	8	13	1	0	22
श्री शंकर संस्कृत विद्या पीठम्	केरल,	अलप्पुझा	5	1	-	-	3	3	1	-	-	-	-	3	3	11	7	1	0	19
श्री धर्म संघ वेद विद्यालय	राजस्थान	गंगानगर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	16	-	16	0	0	0	16
श्री जगन्नाथ संस्कृत विद्यालय	उत्तर प्रदेश,	अमेठी	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	3	-	3	0	0	0	3
श्री विक्रम चौबे एस.एम. विद्यालय	उत्तर प्रदेश,	गाजीपुर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	17	-	17	0	0	0	17
स्वामी संत शरण संस्कृत विद्यापीठ	मध्य प्रदेश,	उमरिया	-	-	-	-	5	9	-	-	-	-	-	1	9	6	18	0	0	24

स्वामी विवेकानंद जनजातीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय	पश्चिम बंगाल,	पश्चिम मेदिनीपुर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	-	2	0	0	0	2
तपभूमि गुरुकुल वैदिक संस्कृत विद्यालय	उत्तर प्रदेश,	लखनऊ	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	11	-	11	0	0	0	11
टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज	बिहार,	भागलपुर	-	-	-	101	12	-	-	-	-	-	-	-	-	113	0	0	0	113
ठाकुर गदाधर संस्कृत महाविद्यालय	पश्चिम बंगाल,	हुगली	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	5	10	5	10	0	0	15
तंत्र विद्या पीठम्, अलुवा	केरल	एर्नाकुलम	-	-	-	-	2	8	10	-	-	-	-	7	12	9	20	10	0	39
वागीश संस्कृत विद्यापीठ	राजस्थान	हनुमानगढ़	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	0	1	0	0	1
वसंत ग्राम आदर्श संस्कृत विद्यालय	दिल्ली	दिल्ली	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	8	6	8	6	0	0	14
वेद गुरुकुलम्	केरल,	पलक्कड़	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	-	2	0	0	0	2
वेदव्यास गुरुकुलम्	दिल्ली	दक्षिण-पश्चिम	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	0	2	0	0	2
वैदिक संस्कृत महाविद्यालय	उत्तराखंड	हरिद्वार	-	-	-	-	8	5	-	-	-	-	-	4	2	12	7	0	0	19
विश्व जागृति मिशन इंटरनेशनल योग स्कूल	दिल्ली	दिल्ली	12	-	-	47	6	-	-	-	-	-	-	-	-	65	0	0	0	65
विवेकानंद संस्कृत अकादमी	पश्चिम बंगाल	हुगली	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	20	-	20	0	0	0	20
Grand Total			**454**	**560**	**2**	**551**	**1084**	**1213**	**823**	**70**	**80**	**94**	**14**	**1227**	**977**	**3388**	**2830**	**917**	**14**	**7149**

3.3 दूरस्थ शिक्षण कार्यक्रमों की छात्र संख्या (सत्र 2024-25)

कार्यक्रम विवरण	भारतीय अध्येताओं की संख्या	विदेशी अध्येताओं की संख्या	कुल योग
अवतरणी (Certificate Programmes)	1737	61	1798
अवगाहनी (Advanced Certificate)	808	25	833
दक्षता (Diploma)	211	5	216
प्रवीणः (Advanced Diploma)	0	0	0
विशारदः (Proficiency Diploma)	0	0	0
प्राक्शास्त्री (Intermediate Programmes)	90	0	90
शास्त्री (Graduate Programmes)	49	2	51
आचार्य (Masters Programmes)	75	3	78
Short Term Programme	46	0	46
Single corse programme	188	0	188
कुल	3204	96	3300

3.4 अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों से लाभान्वित अध्येताओं की संख्याः

क्र.सं.	राज्य	केन्द्र संख्या
01.	आन्ध्रप्रदेश	04
02.	अरुणाचल प्रदेश	02
03.	विहार	03
04.	देहली	02
05.	गोवा	04
06.	गुजरात	07
07.	हिमाचल प्रदेश	01
08.	जम्मू कश्मीर	04
09.	कर्णाटक	03
10.	केरल	03
11.	मेघालय	02
12.	महाराष्ट्र	12
13.	मणिपुर	02
14.	मध्यप्रदेश	07
15.	ओड़िशा	03
16.	पञ्जाब	04
17.	राजस्थान	03
18.	त्रिपुरा	01

19.	तमिलनाडु	01
20.	तेलंगाना	05
21.	उत्तराखण्ड	04
22.	उत्तरप्रदेश	10
23.	पश्चिम बंगाल	16
24.	असम	24
	कुल	127

3.5 पत्राचार पाठ्यक्रम के लिए सत्र 2024-25 में नामांकित छात्रों की संख्याः

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	छात्रों की संख्या	
1.	हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम (प्रथम वर्ष)	40 भारतीय + 1 विदेशी	41
2.	हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम (द्वितीय वर्ष)		

विश्वविद्यालय के परिसरों के विभिन्न नियमित कक्षाओं में प्रविष्ट छात्रों, छात्राओं तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों की संख्या निम्नलिखित है:-

क्र. सं.	कक्षा	ई.डब्ल्यू.एस.		पिछड़ा वर्ग		अनु.जाति		अनु.ज.जा		सामान्य अन्य		पीडब्ल्यूबीडी		अन्य/दि.मुस्लिम		टोटल		
		पु.	महि.	पु.	महि.	पु.	महि.	पु.	महि.	पु.	महि.	पु.	महि.	पु.	महि.	पु.	महि.	योग
1	प्राक्शास्त्री – I	26	8	74	86	21	29	22	23	448	122	3	1	39	17	591	268	**859**
2	प्राक्शास्त्री – II	15	8	69	44	21	32	41	32	411	107	2	0	0	0	557	223	**780**
3	शास्त्री- I	25	2	41	55	23	42	16	14	340	96	1	0	19	12	445	209	**654**
4	शास्त्री- II	26	11	79	82	27	42	15	9	452	89	0	1	0	0	599	233	**832**
5	शास्त्री – III	17	5	64	50	21	38	11	13	309	97	0	0	0	0	422	203	**625**
6	शास्त्री प्रतिष्ठा-I	8	2	20	20	6	16	14	9	168	62	0	0	3	0	216	109	**325**
7	शास्त्री प्रतिष्ठा-II	3	-	19	29	7	11	13	6	70	39	0	0	0	0	112	85	**197**
8	शास्त्री प्रतिष्ठा-III	3	1	5	22	2	2	5	8	54	49	0	0	0	0	69	82	**151**
9.	बी.ए. (ऑनर्स) सिविल अध्ययन	2	-	3	2	-	1	-	-	11	8	0	0	0	0	16	11	**27**
10.	एलएल.बी (ऑनर्स)-1	4	1	10	4	5	2	3	-	11	7	0	0	3	1	33	14	**47**
11.	आचार्य – I	34	13	43	126	28	52	12	19	272	254	0	0	20	29	389	464	**853**
12.	आचार्य – II	33	24	42	110	32	41	9	17	266	201	2	1	0	0	382	393	**775**
13.	शिक्षाशास्त्र - I	93	73	74	127	33	74	19	38	93	140	2	2	14	17	312	452	**764**
14.	शिक्षाशास्त्र - II	108	80	77	124	33	78	16	43	87	111	1	5	0	0	321	436	**757**
15.	आईटीईपी-1	20	9	32	34	10	7	1	7	62	26	0	0	1	2	125	83	**208**
16.	शिक्षा आचार्य - I	8	5	8	14	3	7	3	1	24	14	1	0	0	0	46	41	**87**
17.	शिक्षा आचार्य - II	8	7	6	6	2	-	-	-	14	9	0	0	0	0	30	22	**52**
18.	विद्यावारिधि	61	17	23	17	14	7	5	3	54	27	0	0	3	4	157	71	**228**
19.	अभिन्य पाठ्यक्रम	68	16	110	66	19	12	24	5	328	144	2	0	8	13	549	243	**792**
	कुल योग	**562**	**282**	**799**	**1018**	**307**	**493**	**229**	**247**	**3474**	**1602**	**14**	**10**	**110**	**95**	**5371**	**3642**	**9013**
	वर्ग योग	**844**		**1817**		**800**		**476**		**5076**		**24**		**205**		**9013**		

4.1 मुख्यालय के क्रियाकलाप

4.1 मुख्यालय के क्रियाकलाप

4.1.1 प्रशासन विभाग

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की प्रशासनिक सेवाओं के निम्नलिखित तत्संबंधी कुशल शासकों के द्वारा प्रभारी अधिकारियों के नेतृत्व में निष्पादित किये जाते हैं:-

(क) सामान्य प्रशासन/स्थापना

(ख) कार्मिक प्रशासन

(ग) परिसरीय प्रशासन

उपर्युक्त उल्लिखित प्रमुख गतिविधियों के साथ-साथ यह शाखा, सेवाएँ तथा आपूर्ति, भूमि अर्जन एवं भवन निर्माण, नये परिसरों की स्थापना के कार्यों का संचालन करती है तथा कार्य परिषद की बैठकों का आयोजन भी करती है। विभिन्न परिसरों के भवन निर्माण के विविध प्रस्ताव अनुमानित व्यय सहित प्रतिवेदित अवधि के दौरान स्वीकृत किये गये, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	परिसर का नाम	निर्गत राशि (रुपये की संख्या लाख में)
(क)	श्री सदाशिव परिसर, पुरी (उड़ीसा)	40.35
(ख)	श्री रणवीर परिसर, जम्मू	53.88
(ग)	गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.)	37.75
(घ)	गुरुवायुर परिसर, त्रिशूर (केरल)	89.80
(ङ)	जयपुर परिसर, जयपुर (राजस्थान)	70.41
(च)	लखनऊ परिसर, लखनऊ (उ.प्र.)	29.34
(छ)	राजीव गांधी परिसर, श्रृंगेरी (कर्नाटक)	07.00
(ज)	वेदव्यास परिसर, बलाहर (हि.प्र.)	18.24
(झ)	भोपाल परिसर, भोपाल (म.प्र.)	62.70
(ञ)	नासिक परिसर, मुम्बई	01.56
(ट)	श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग (उत्तराखण्ड)	13.52
(ठ)	एकलव्य परिसर, अगरतला (त्रिपुरा)	669.00

सूचना के अधिकार के अधिनियम 2005 के अन्तर्गत मुख्यालय में 217 आर.टी.आई. आवेदन एवं 39 प्रथम अपील आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 190 आर.टी.आई. आवेदनों का उत्तर एवं 35 प्रथम अपील आवेदनों का उत्तर दिया गया (पिछले शेष आवेदन सहित)। 19 आर.टी.आई. आवेदनों को संबद्ध परिसरों तथा संस्थानों में स्थानान्तरित किया गया।

4.1.2 वित्त एवं लेखा

वर्ष के दौरान इस अनुभाग के द्वारा प्रतिवेदित महत्वपूर्ण गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं।

बजट (2024-2025) :

वर्ष 2023-24 की रू. 0.67 लाख की अव्ययित शेष धनराशि को वित्तीय वर्ष 2024-25 में समाविष्ट किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा कुल रू. 35719.67 लाख रूपये (गत वर्ष के अव्ययित शेष सहित) का कुल बजट स्वीकृत किया गया। रू. 0.67 लाख (राजस्व एवं पूंजी) का अव्ययित शेष धनराशि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को वापस कर दिया गया।

इस राशि को विश्वविद्यालय के अधीन निम्नलिखित इकाईयों को आबंटित किया गयाः-

क्रमांक	परिसर का नाम	निर्गत राशि (रु. की संख्या लाखों में)
1.	मुख्यालय कार्यालय, दिल्ली	27859.04
2.	श्री सदाशिव परिसर, पुरी (ओडिशा)	897.13
3.	श्री रणबीर परिसर, जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर)	611.30
4.	श्री गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)	347.52
5.	गुरुवायूर परिसर, त्रिशूर (केरल)	545.02
6.	जयपुर परिसर, जयपुर (राजस्थान)	857.80
7.	लखनऊ परिसर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश)	545.40
8.	श्री राजीव गांधी परिसर, श्रृंगेरी (कर्नाटक)	929.51
9.	वेद व्यास परिसर, बलहार (हिमाचल प्रदेश)	479.18
10.	भोपाल परिसर, भोपाल (मध्य प्रदेश)	835.45
11.	नासिक परिसर, नासिक (महाराष्ट्र)	243.80
12.	एकलव्य परिसर, अगरतला (त्रिपुरा)	1,133.65
13.	श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग (उत्तराखंड)	434.20
	कुल योग	**35719.00**

वर्ष के दौरान इन निधियों का उपयोग वेतन और भत्ते पेन्शन, पेन्शन हितलाभ, शोध अध्येतावृत्ति छात्रवृत्ति, प्रख्यात संस्कृत विद्वानों को राष्ट्रपति पुरस्कार, संस्कृत शिक्षा के विकास हेतु विभिन्न योजनाओं और अन्य रख-रखाव सम्बन्धी मदों पर उपयोग में लाया गया।

लेखा

यह शाखा विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों से प्राप्त वार्षिक लेखों के समेकन और लेखा-परीक्षा हेतु महानिदेशक लेखा परीक्षा केन्द्रीय व्यय को प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी है। लेखा परीक्षण हेतु महानिदेशक लेखा परीक्षा को प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के समेकित वार्षिक लेखे इस वार्षिक प्रतिवेदन के पृष्ट संख्या 347 पर दिये गये है।

भविष्य निधि खातों और एन.पी.एस का रख-रखाव

यह शाखा मुख्यालय के अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों के भविष्य निधि खातें और एन.पी.एस अंशदान खाते का रख-रखाव उनकी प्रयोज्यता के अनुसार करता है।

विश्वविद्यालय का लेखा परीक्षण

विश्वविद्यालय के मुख्यालय और उसके 12 परिसरों का आंतरिक लेखा परीक्षण, आंतरिक लेखा परीक्षण प्रकोष्ठ द्वारा और बाह्य लेखा परीक्षण भारत के महानिदेशक लेखा परीक्षा कार्यालय द्वारा किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान विश्वविद्यालय ने 6 परिसरों क्रमशः रणवीर परिसर (जम्मू), वेदव्यास परिसर (हिमाचल प्रदेश), भोपाल परिसर (मध्य प्रदेश), गंगानाथ झा परिसर (प्रयागराज), सदाशिव परिसर (पुरी), गुरुवायूर परिसर (केरल) और मुख्यालय का आंतरिक लेखा परीक्षण किया गया है। विश्वविद्यालय का लेन देन लेखा परीक्षण वर्ष तक किया जा चुका है तथा एस.ए.आर वित्तीय वर्ष 2024-25 तक किया जा चुका है।

लेखा-परीक्षा आपत्तियों का निराकरण

लेखा-परीक्षण आपत्तियों को निपटारे के लिए वर्ष के दौरान ठोस प्रयास किए गए। इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक परिसर को आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए गए तथा अनुपालन के उत्तर, लेखा परीक्षा प्राधिकारियों को भेजे गए। इस प्रकार इस वर्ष में बहु-संख्यक लेखा परीक्षा आपत्तियों का निपटारा किया गया।

4.1.3 शैक्षणिक अनुभाग

इस अनुभाग के महत्त्वपूर्ण उत्तरदायित्व हैं :-

- विश्वविद्यालय के शैक्षणिक क्रियाकलापों को सुव्यवस्थित करना।
- प्रथमा से लेकर आचार्य कक्षाओं के लिए पाठ्यक्रमों का निर्माण करना।
- प्रथमा से आचार्य कक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम बनाने हेतु विभिन्न विषयों की समितियों (अध्ययन परिषद्) का गठन करना।
- विद्वत् परिषद् व अध्ययन परिषद् की बैठक का आयोजन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुरूप करना तथा उनके अनुसार अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- विगत वर्ष के दौरान शैक्षणिक विभाग के द्वारा विद्वत् परिषद् की दो बैठकें आयोजित की गईं। (21 अक्टूबर, 2024 & 27 फरवरी, 2025)
- विद्वत् परिषद् एवं कार्य परिषद् की अनुशंसा के आधार पर संस्थानों को सम्बद्धता प्रदान की जाती है।

छात्र कल्याण विभाग 2024-25 कार्यक्रम विवरण

क्र.सं.	कार्यक्रम / आयोजन	विवरण	दिनांक / स्थान	प्रतिभाग / उपलब्धि
1.	संस्कृत ओलम्पियाड	कक्षा 6 से पीएच.डी. तक के छात्रों हेतु आयोजित।	सम्पूर्ण भारत स्तर पर	25,000+ छात्रों ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय, राज्य एवं विद्यालय स्तर के विजेताओं को पुरस्कार राशि एवं पदक प्रदान किए गए।

2.	युव-महोत्सव (सत्र 2024-25)	प्रतिवर्ष की भाँति चार वलयों में आयोजित।	भोपाल परिसर (17–19 अक्तूबर 2024), देवप्रयाग परिसर (26–28 अक्तूबर 2024), गुरुवायुर परिसर (8–10 नवम्बर 2024), पुरी परिसर (14–16 नवम्बर 2024)	समस्त परिसरों व आदर्श महाविद्यालयों के 40-40 छात्रों ने प्रतिभाग किया।
3.	AIU प्रतियोगिताएँ	युव-महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले श्रेष्ठ छात्रों का चयन।	—	चयनित छात्रों को AIU द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु भेजा गया।
4.	युव-धर्म संसद	आध्यात्मिक एवं नैतिक जागरूकता हेतु कार्यक्रम।	हरिद्वार (13–14 नवम्बर 2024)	विश्वविद्यालय से 100 छात्रों ने प्रतिभाग किया।
5.	भारतीय युव संसद	राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित संवाद कार्यक्रम।	जयपुर, राजस्थान (15–17 सितम्बर 2024)	विश्वविद्यालय से 76 छात्रों ने प्रतिभाग किया।
6.	प्रशिक्षुता / प्लेसमेंट कार्यक्रम	छात्रों हेतु रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम।	विभिन्न संस्थानों में	धरोहर संस्था, जयपुरिया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स एवं पतंजलि गुरुकुल, हरिद्वार द्वारा आयोजन।
7.	पर्वतारोहण कार्यक्रम	विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम बार आयोजित।	हिमालय, चन्द्रखानी पास ट्रेक, कुल्लू, हिमाचल प्रदेश (17–28 मई 2024)	25 छात्रों ने प्रतिभाग किया।
8.	सं-व्लॉग कार्यशाला	संस्कृत में व्लॉग निर्माण हेतु प्रशिक्षण।	लखनऊ परिसर (01–05 जुलाई 2024)	संस्कृत छात्रों को संस्कृत में व्लॉग बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

मूक परियोजना

वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 (स्वयं एमओओसी, एलएमएस और छात्र कल्याण)

विश्वविद्यालय कार्यालय आदेश संदर्भ संख्या के.सं.वि./शोध एवं प्रकाशन/वार्षिक प्रतिवेदन/2024-25/49 दिनांक 28/10/2025 के संदर्भ में, स्वयं-एमओओसी, एलएमएस, और छात्र कल्याण अनुभागों की वर्ष 2024–25 की वार्षिक रिपोर्ट आपके अवलोकन और आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु नीचे प्रस्तुत है।

स्वयं-एमओओसी

स्वयं कार्यक्रम के लिए निगरानी, पर्यवेक्षण, समन्वय और प्रोत्साहन गतिविधियाँ इस पूरी अवधि के दौरान सक्रिय रूप से की गईं।

स्वयं नामांकन का अवलोकन:

स्वयं कार्यक्रम द्वारा नामांकित छात्रों की संख्या									
परिसर का नाम	2024				2025				महा योग
	पुरुष	महिला	ट्रांसजेंडर	योग	पुरुष	महिला	ट्रांसजेंडर	योग	
गंगानाथ झा परिसर	7	5	0	12	15	6	0	21	33
श्री रणबीर परिसर	0	0	0	0	47	47	0	94	94
श्री सदाशिव परिसर	-	-	-	-	-	-	-	-	-
गुरुवायूर परिसर	11	33	0	44	4	4	0	8	52
जयपुर परिसर	3	3	0	6	53	87	0	140	146
लखनऊ परिसर	-	-	-	-	-	-	-	-	-
श्री राजीव गांधी परिसर	1	5	0	6	0	2	0	2	8
मुख्य वक्ता - प्रो. विनीत चैतन्य, आई.आई.आई.टी., हैदराबाद
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजक – डॉ. सोमा पाल, आई.आई.आई.टी. हैदराबाद एवं डॉ. सुखदा, आई.आई.आई.टी. (बी.एच.यू.)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 24.05.2024 से 07.06.2024 पर्यन्त 15 दिवसीय राष्ट्रीय पुनश्चर्या का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में प्रो. विनीत चैतन्य, आई.आई.आई.टी., हैदराबाद उपस्थित हुए। अध्यक्ष के रूप में प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक-गङ्गानाथ झा परिसर, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, प्रयागराज, संयोजक के रूप में प्रो. देवदत्त सरोदे, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज तथा संयोजक डॉ. सोमा पाल, आई.आई.आई.टी हैदराबाद और डॉ. सुखदा, आई.आई.आई.टी. (बी.एच.यू.) वाराणसी समुपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, माननीय कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने की।

02.भारतीय अनुसन्धान पद्धति, द्वि दिवसीय कार्यशाला - 15.06.2024-16.06.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज एवं कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनाङ्क 15.06.2024 से 16.06.2024 पर्यन्त भारतीय अनुसन्धान पद्धति, त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन बेंगलुरु में सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला में भारत के विभिन्न स्थानों से विद्वान् उपस्थित हुए। कार्यशाला में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति भी उपस्थित रहे।

03. विचारगोष्ठी एवं पुस्तक लोकार्पण- 12.07.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 12.07.2024 को विचारगोष्ठी एवं पुस्तक लोकार्पण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति श्री राहुल चतुर्वेदी, न्यायमूर्ति- उच्च न्यायालय, प्रयागराज, मुख्यवक्ता के रूप में श्री वीरेन्द्र पाठक- वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी, प्रयागराज; सारस्वतातिथि के रूप में प्रो. के.बी. पाण्डेय- भूतपूर्व अध्यक्ष लोक सेवा आयोग उ.प्र.;

विशिष्टातिथि के रूप में श्री दीपेन्द्र यादव, अपर नगर आयुक्त, प्रयागराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक, गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने किया।

04. Book Talk On – Colonial Discource and the Suffering of Indian Hindu Children - 18.07.2024

मुख्य वक्ता - डॉ. कृष्ण माहेश्वरी, संस्थापक, हिन्दूपीडिया

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक

संयोजक - प्रो. देवदत्त सरोदे, सह निदेशक एवं संयोजक, शोध विकास प्रकोष्ठ

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 18.07.2024 को Book Talk On – Colonial Discource and the Suffering of Indian Hindu Children चर्चासत्र का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्यवक्ता के रूप में कृष्ण महेश्वरी, संस्थापक- हिन्दू पीडिया उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने किया।

05. संस्कृत सप्ताह महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह-14.08.2024 – 23.08.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 14.08.2024 से 23.08.2024 पर्यन्त संस्कृत सप्ताह महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में श्री बृजेश कुमार मिश्र- पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर, सारस्वतातिथि के रूप में प्रो. हरिदत्त शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने किया।

06. विचारगोष्ठी-संस्कृत भारतीयज्ञानपरम्परा (संस्कृत सप्ताह महोत्सव)- 16.08.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 16.08.2024 को संस्कृत भारतीय ज्ञान परम्परा (संस्कृत सप्ताह महोत्सव) विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्यातिथि के रूप में प्रो. के.बी. पाण्डेय- भूतपूर्व अध्यक्ष लोक सेवा आयोग, उ.प्र., सारस्वतातिथि के रूप में प्रो. हरिदत्त शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज, विशिष्टातिथि के रूप में प्रो. लक्ष्मीकान्त मिश्र, आचार्य एवं अधिष्ठाता- एम.एन.एन.एन.आई.टी., प्रयागराज उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने किया।

07. सत्र- 2022-23 के वेद, व्याकरण, धर्मशास्त्र, पाण्डुलिपि एवं पुराणेतिहास के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण - 03.09.2024 से 05.09.2024 तक

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 10.09.2024 को सत्र 2022-23 के वेद, व्याकरण, धर्मशास्त्र, पाण्डुलिपि एवं पुराणेतिहास के शोधच्छात्रों के शोध शीर्षक एवं विषय निर्धारण हेतु ऑनलाइन उपवेशन का आयोजन किया गया। इस उपवेशन में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में प्रो.

मल्हार कुलकर्णी, प्रो. अम्बा कुलकर्णी, प्रो. गोपबन्धु मिश्र, प्रो. वाचस्पति शर्मा त्रिपाठी एवं प्रो. सन्निधान सुदर्शन शर्मा उपस्थित रहे। उपवेशन का संयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया तथा सह-संयोजन, डॉ. धीरज कुमार मिश्र ने किया। उपवेशन की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने किया।

08. सत्र- 2022-23 के वेद, व्याकरण, धर्मशास्त्र, पाण्डुलिपि एवं पुराणेतिहास के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण - 10.09.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 10.09.2024 को सत्र 2022-23 के वेद, व्याकरण, धर्मशास्त्र, पाण्डुलिपि एवं पुराणेतिहास के शोधच्छात्रों के शोध शीर्षक एवं विषय निर्धारण हेतु ऑनलाइन उपवेशन का आयोजन किया गया। इस उपवेशन में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में प्रो. मल्हार कुलकर्णी, प्रो. अम्बा कुलकर्णी, प्रो. गोपबन्धु मिश्र, प्रो. वाचस्पति शर्मा त्रिपाठी एवं प्रो. सन्निधान सुदर्शन शर्मा उपस्थित रहे। उपवेशन का संयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया तथा सह-संयोजन, डॉ. धीरज कुमार मिश्र ने किया। उपवेशन की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने किया।

09. 'अध्यात्म द्वारा स्वस्थ समाज की परिकल्पना' विचारगोष्ठी - 14.09.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 14.09.2024 को 'आध्यात्म द्वारा स्वस्थ समाज की परिकल्पना' इस विषय पर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। विचारगोष्ठी में मुख्यातिथि के रूप में डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय- राष्ट्रिय संगठन सचिव, आरोग्य भारती, विशिष्टातिथि के रूप में डॉ. देवेन्द्र प्रताप सिंह, सचिव, हिन्दुस्तान एकेडमी, प्रयागराज तथा डॉ. एस.एन. शंखवार, निदेशक- चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी उपस्थित रहे। विचारगोष्ठी का संयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। विचारगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने किया।

10. सत्र 2022-23 के दर्शनशास्त्र के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण - 23.09.2024 - 25.09.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 23.09.2024 से 25.09.2024 पर्यन्त सत्र 2022-23 के दर्शनशास्त्र के शोधच्छात्रों के शोध शीर्षक एवं विषय निर्धारण हेतु ऑनलाइन उपवेशन का आयोजन किया गया। इस उपवेशन में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में प्रो. रामनाथ झा, आचार्य, प्राच्य विद्या अध्ययन संस्थान, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली; प्रो. मधुसूदन पेन्ना, आचार्य- दर्शन विभाग, कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, नागपुर एवं डॉ. राजीव लोचन शर्मा, अध्यक्ष- दर्शन विभाग, कुमारभास्कर वर्मा संस्कृत एवं पुरातन अध्ययन विश्वविद्यालय, असम तथा आन्तरिक विषय-विशेषज्ञ के रूप में प्रो. विजयपाल शास्त्री, आचार्य- साहित्यशास्त्र विद्याशाखा, श्रीरघुनाथकीर्ति परिसर, देवप्रयाग उपस्थित रहे। उपवेशन का संयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने किया।

11. विद्यावारिधि/Ph.D. प्रवेश एवं शोध सम्बन्धित विषयों पर ऑनलाइन बैठक - 22.10.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 22.10.2024 को विद्यावारिधि/पी.एच.डी. प्रवेश एवं शोध सम्बन्धित विषयों पर ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया

गया। इस बैठक का संयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। इस उपवेशन की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने की।

12. माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में उपवेशन - 29.10.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क- 29.10.2024 को शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के विविध विषयों पर चर्चा हेतु माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में उपवेशन सम्पन्न हुआ। जिसमें विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विषयों पर माननीय कुलपति जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस उपवेशन में डॉ. मनीष जुगरान, प्रो. देवदत्त सरोदे एवं प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।

13. सत्र- 2020-21 एवं 2021-22 के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण - 06.11.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 06.11.2024 को सत्र- 2020-21 एवं 2021-22 के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण का आयोजन किया गया। उक्त उपवेशन में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में प्रो. शिवराम शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, साहित्य विभाग, सं.वि.ध.वि.सं., काशी हिन्दू विश्वविद्याल, वाराणसी, उपस्थित रहे। आन्तरिक विषय-विशेषज्ञ के रूप में प्रो. रमाकान्त पाण्डेय, अधिष्ठाता- भाषा साहित्य संस्कृति विद्यास्थान एवं प्रो. विजयपाल शास्त्री, आचार्य- साहित्यशास्त्र विद्याशाखा, श्रीरघुनाथकीर्ति परिसर, देवप्रयाग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का सयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। सह-संयोजक डॉ. धीरज कुमार मिश्र- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने किया।

14. भारतीय भाषा अभियान के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित एक दिवसीय विचार-विमर्श-कार्यशाला

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 09.11.2024 को भारतीय भाषा अभियान के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित एक दिवसीय विचार-विमर्श-कार्यशाला(संविधान की उद्देशिका की मीमांसा) का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वान् के रूप में प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, डॉ. हरिहरन, श्रीकृष्णन वेंकट रमण, एडवोकेट जनरल अशोक मेहता उपस्थित रहे। कार्यशाला का संयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। यह कार्यशाला दोनों के तत्त्वावधान में सम्पन्न हुआ।

15. सत्र- 2022-23 के साहित्यशास्त्र विद्याशाखा के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण–13-12-2024 से 17-12-2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 13-17-12-2024 को सत्र- 2022-23 के साहित्यशास्त्र विद्याशाखा के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण का आयोजन किया गया। उक्त उपवेशन में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में प्रो. सदाशिव द्विवेदी, संस्कृत विभाग, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्याल, वाराणसी, उपस्थित रहे। आन्तरिक विषय-विशेषज्ञ के रूप में प्रो. रमाकान्त पाण्डेय, अधिष्ठाता- भाषा साहित्य संस्कृति विद्यास्थान एवं प्रो. विजयपाल शास्त्री, आचार्य- साहित्यशास्त्र विद्याशाखा, श्रीरघुनाथकीर्ति परिसर, देवप्रयाग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का सयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा

परिसर, प्रयागराज ने किया। सह-संयोजन डॉ. शुभश्री दास ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने की।

16. सत्र- 2022-23 के शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण 26-12-2024 से 27-12-2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 26-27-12-2024 को सत्र- 2022-23 के शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण का आयोजन किया गया। उक्त उपवेशन में बाह्य विषय-विशेषज्ञ के रूप में प्रो. अरबिन्द झा, इग्नू, नई दिल्ली एवं प्रो. चाँद किरण सलूजा, निदेशक- संस्कृत संवर्धन प्रतिष्ठान, नई दिल्ली, आन्तरिक विषय-विशेषज्ञ के रूप में प्रो. लोकमान्य मिश्र, अधिष्ठाता- शिक्षाशास्त्र कौशल प्रशिक्षण विद्यास्थान एवं प्रो. वाई. एस. रमेश, आचार्य- शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा, जयपुर परिसर, जयपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। सह-संयोजन डॉ. शुभश्री दास ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने की।

17. भारतीय ज्ञान प्रणाली अनुसन्धान केन्द्र के समुचित विकास हेतु विचारगोष्ठी (ऑनलाइन) -20-12-2024

गङ्गानाथ झा परिसर, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, प्रयागराज में स्थापित भारतीय ज्ञान प्रणाली अनुसन्धान केन्द्र के समुचित विकास हेतु भारत के विशिष्ट विद्वानों के साथ चर्चा सम्पन्न हुई। जिसमें निम्नलिखित विद्वान् उपस्थित हुए।

1. अध्यक्ष - प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज
2. सदस्य - प्रो. लक्ष्मीकान्त मिश्र, अधिष्ठाता- एम.एन.एन.आई.टी., प्रयागराज
3. सदस्य - प्रो. शिवानी, कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय, बेंगलुरु
4. सदस्य – श्री नरसिम्हन, संस्कृत संवर्धन प्रतिष्ठान, नई दिल्ली
5. सदस्य - डॉ. दीना नाथ शास्त्री, लखनऊ
6. सदस्य - प्रो. सुद्युम्न आचार्य, वेदवाणी वितान, सतना
7. सदस्य - प्रो. जी.सी. त्रिपाठी, चेन्नई
8. सदस्य - प्रो. चन्द्रगुप्त वर्णेकर, पूर्व प्राचार्य, कमिन्स महिला अभियान्त्रिकी महाविद्यालय, पुणे
9. सदस्य - प्रो. प्रशान्त पी. होले, लक्ष्मीनारायण इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी, नागपुर
10. सदस्य - प्रो. चाँद किरण सलूजा, संस्कृत संवर्धन प्रतिष्ठान, दिल्ली
11. सदस्य - डॉ. ओम प्रकाश कुलकर्णी, नासिक
12. सदस्य - प्रो. अनिलगौरी शेट्टी, आई.आई.टी. रुड़की
13. संयोजक - प्रो. देवदत्त सरोदे, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज।

18. सत्र 2022-23 के व्याकरण, वेद, पुराण एवं धर्मशास्त्र विद्याशाखा के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण - 15-01-2025 से 16-01-2025

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क- 15.01.2025 से 16.01.2025 को सत्र 2022-23 के व्याकरण, वेद, पुराण एवं धर्मशास्त्र विद्याशाखा के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण का आयोजन किया गया। उक्त उपवेशन में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में शोधच्छात्रों के शोध शीर्षक एवं विषय निर्धारण हेतु ऑनलाइन उपवेशन का आयोजन किया गया। इस उपवेशन में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में, प्रो. मल्हार कुलकर्णी आई.आई.टी., मुम्बई, प्रो. अम्बा कुलकर्णी संस्कृत अध्ययन विभाग हैदराबाद केन्द्रीय विश्विद्यालय, प्रो. मनोज

कुमार मिश्र वेद विभाग अध्यक्ष, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज, प्रो. वाचस्पति शर्मा त्रिपाठी भूतपूर्व आचार्य धर्मशास्त्र विभाग दरभंगा, बिहार, प्रो. सन्निधान सुदर्शन शर्मा,भूतपूर्व कुलपति, श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय, तिरुपति, प्रो. गोपबन्धु मिश्र संस्कृत विभाग, कला संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, प्रो. पंकज कुमार व्यास अध्यक्ष, व्याकरण विभाग राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति आन्तरिक विषय-विशेषज्ञ के रूप में प्रो. विजयपाल शास्त्री, आचार्य साहित्य विभाग सम्मिलित रहे।

19. सत्र- 2022-23 के शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण 18-12-2024 से 19-12-2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क 18-19-12-2024 को सत्र- 2022-23 के शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण का आयोजन किया गया। उक्त उपवेशन में बाह्य विषय-विशेषज्ञ के रूप में प्रो. अरबिन्द झा, इग्नू, नई दिल्ली एवं प्रो. चाँद किरण सलूजा, निदेशक- संस्कृत संवर्धन प्रतिष्ठान, नई दिल्ली, आन्तरिक विषय-विशेषज्ञ के रूप में प्रो. लोकमान्य मिश्र, अधिष्ठाता- शिक्षाशास्त्र कौशल प्रशिक्षण विद्यास्थान एवं प्रो. वाई. एस. रमेश, आचार्य- शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा, जयपुर परिसर, जयपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। सह-संयोजन डॉ. शुभश्री दास ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. प्रयागराज ने की।

20. सत्र 2022-23 के ज्योतिषशास्त्र विद्याशाखा के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण - 15.01.2025-16.01.2025

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क- 15.01.2025 से 16.01.2025 को सत्र 2022-23 के ज्योतिषशास्त्र विद्याशाखा के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण का आयोजन किया गया। उक्त उपवेशन में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में प्रो. रामनाथ झा, प्राच्य विद्याध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, प्रो. मधुसूदन पेन्ना दर्शन विभाग, कवि गुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, नागपुर, डॉ. राजीव लोचन शर्मा, न्याय विभागाध्यक्ष, कुमार भास्करवर्मा, संस्कृत एवं पुरातन अध्ययन विश्वविद्यालय, असम एवं आन्तरिक विषय-विशेषज्ञ के रूप में प्रो. विजयपाल शास्त्री, आचार्य साहित्य विभाग, श्रीरघुनाथकीर्ति परिसर देवप्रयाग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। सह-संयोजक डॉ. शुभश्री दास ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. ने की।

21. सत्र 2022-23 के दर्शनशास्त्र विद्याशाखा के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण - 17-19.02.2025 एवं 21.02.2025

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के द्वारा दिनाङ्क- 17.02.2025 से 19.02.2025 एवं 21.02.2025 तक सत्र 2022-23 के दर्शनशास्त्र विद्याशाखा के शोधच्छात्रों का शोध प्रस्ताव समीक्षण का आयोजन किया गया। उक्त उपवेशन में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में प्रो. रामनाथ झा, प्राच्य विद्याध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, प्रो. मधुसूदन पेन्ना दर्शन विभाग, कवि गुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, नागपुर, डॉ राजीव लोचन शर्मा, न्याय विभागाध्यक्ष, कुमार भास्करवर्मा संस्कृत एवं पुरातन अध्ययन विश्वविद्यालय, असम एवं आन्तरिक विषय-विशेषज्ञ के रूप में प्रो. विजयपाल शास्त्री, आचार्य साहित्य विभाग, श्रीरघुनाथकीर्ति परिसर देवप्रयाग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संयोजन प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक- शोध एवं विकास

प्रकोष्ठ, के.सं.वि.वि., गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने किया। सह-संयोजक डॉ. शुभश्री दास ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक- गङ्गानाथ झा परिसर, के.सं.वि.वि. ने की।

22. राष्ट्रीय कार्यशाला - "भारतीय ज्ञान परंपरा में अनुसंधान" (18.03.2025 से 24.03.2025)

मुख्य अतिथि - प्रो. गयाचरण त्रिपाठी

विशिष्ट अतिथि - प्रो. प्रशान्त पी. होले (प्राचीन भारतीय विज्ञान की बहु आयामी प्रासंगिकता को रेखांकित किया),

प्रो. अम्बा कुलकर्णी ('शास्त्र अनुसंधान में आधुनिक तन्त्रज्ञान और साधन' विषय पर व्याख्यान),

प्रो. रामकृष्ण पेज्जातेय ('भारतीय गणित और ज्योतिष का वैश्विक प्रसृति' विषय पर व्याख्यान),

प्रो. गिरीन्द्र सिंह तोमर - 'आयुर्विज्ञान और कल्याणसंवर्धन' विषय पर व्याख्यान,

श्री कृष्णन् वेंकटरामन् (अधिवक्ता, चेन्नै) ने “Readings from the Dharmashastram- understanding best practices for judicial and social administration over ages” विषय पर आनलाईन माध्यम से व्याख्यान,

डॉ. टी.एस. कृष्णन् ने 'Importance of Inscriptions in understanding Indian History' विषय पर व्याख्यान. आर. नवीन ने 'धर्मशास्त्रीय विधिदर्शन' विषय पर व्याख्यान,

प्रो. सुद्युम्न आचार्य - 'प्राचीन गणित के सर्वमान्य सिद्धान्त' विषय पर व्याख्यान,

डॉ. वेङ्कटनारायण रामनाथन् - 'प्राचीन मध्यकालिक रसायन विज्ञान साहित्यिक पक्ष' विषय पर विस्तृत व्याख्यान,

प्रो. जयरामन् - 'योगविज्ञान और कल्याणसंवर्धन' एवं 36 प्रमुख तन्त्रयुक्तियों विषय पर व्याख्यान,

प्रो. अरविन्द झा - 'समग्रशिक्षा और बहुशास्त्रीय शिक्षा' विषय पर व्याख्यान,

प्रो. मोहन राघवन् - 'संस्कृत शास्त्रों में विज्ञान सम्बद्ध अनुसंधान विषय' पर अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान,

अध्यक्ष - प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी,

संयोजन – प्रो. देवदत्त सरोदे

भारतीय ज्ञान परंपरा केन्द्र, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गंगानाथ झा परिसर द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का आयोजन अत्यंत गरिमामय और वैदिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का विषय "भारतीय ज्ञान परंपरा में अनुसंधान" था, जिसमें देश के प्रतिष्ठित विद्वानों, शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने सहभागिता की।

मुख्य अतिथि प्रो. गयाचरण त्रिपाठी ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा का विश्व को अवदान विषय पर बोलते हुए इसके विविध आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अनुसंधान की भारतीय पद्धतियों, शास्त्रीय ग्रंथों में निहित ज्ञान और आधुनिक अनुसंधान के लिए उनके उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गणित, संख्याओं का लेखन, ज्योतिष शास्त्र के अन्तर्गत ग्रह गति, सूर्य ग्रहण, चन्द्र ग्रहण के विषय मे अचूक गणन प्रक्रिया को प्रदान किया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभाव विकसित नाना विद्यायें यथा - दर्शन, गणित, खगोलशास्त्र, आयुर्वेद, और अर्थशास्त्र, धर्मशास्त्र, चौसठ कला आदियों का प्रभाव भारत के बाहर पूर्व-पश्चिमी देशों के साहित्य मे देखा जा सकता है। कार्यशाला में कुल 25 सत्रों में विद्वानों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये।

5. प्रकाशन-

परिसरीय प्रोजेक्ट के अन्तर्गत सम्पादित पाण्डुलिपियों व अन्य ग्रन्थों का प्रकाशन

(ब) 'जर्नल ऑफ गंगानाथ झा परिसर' - भारतीय ज्ञान पर आधारित तथा प्राच्य अध्ययन से सम्बन्धित शोध जर्नल का प्रकाशन।

(स) 'उशती' – शास्त्र अध्ययन व संस्कृत अध्ययन पर आधारित शोध जर्नल का प्रकाशन।

6. उपलब्ध पाठ्यक्रम-

परिसर में प्रमुख रूप से शोधार्थियों का अध्ययन-अध्यापन सुचारु रूप से होता है। यहां निम्नविभागों में शोधकार्य होता है-

- वेद
- धर्मशास्त्र
- व्याकरण
- शिक्षाशास्त्र
- साहित्य
- पाण्डुलिपि तथा पुरालेखविज्ञान।

7. परिसर द्वारा आयोजित संगोष्ठी/कार्यशाला/व्याख्यानमाला

1. परिसर द्वारा आयोजित गोष्ठियों का विवरण – क्रम सं. 1 से 39 तक
2. परिसर द्वारा आयोजित व्याख्यानमाला/विशिष्ट व्याख्यानमाला – क्रम सं. 40 से 42

गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज द्वारा सत्र 2024-25 के अन्तर्गत आयोजित गोष्ठियों का विवरण

1. विकसित भारत 2047 एकदिवसीय विचार संगोष्ठी - 16.05.2024 विषय-

मुख्य वक्ता – श्री रमेश कुमार जी, प्रान्त प्रचारक
अध्यक्षता - प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजक - प्रो. देवदत्त सरोदे, सह निदेशक

2. विचारगोष्ठी एवं पुस्तक लोकार्पण - 12.07.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज एवं प्रयागविद्वत् परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनाङ्क 12.07.2024 को अपराह्ण में 3 बजे से विचारगोष्ठी एवं पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम साथ ही योगशिविर के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सम्माननीय कुलपति आचार्य श्रीनिवास वरखेडी महोदय के संरक्षकत्व में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्त्ति श्री राहुल चतुर्वेदी महोदय, मुख्यवक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी श्री वीरेन्द्र पाठक महोदय, सारस्वतातिथि के रूप में उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग के भूतपूर्व अध्यक्ष प्रो. के. बी. पाण्डेय महोदय, विशिष्टातिथि के रूप में अपर नगर आयुक्त, प्रयागराज श्री दीपेन्द्र यादव महोदय एवं अध्यक्ष के रूप में परिसर के निदेशक प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी जी ने मञ्च की शोभा बढाई। इस कार्यक्रम में श्री पाठक जी द्वारा विरचित "प्रयागराज के वैदिक पौराणिक तीर्थ-माधव के स्थान" पुस्तक का लोकार्पण किया गया। योगशिविर का उद्देश्य एवं परिचय परिसर के योग प्रशिक्षक डॉ. अञ्जनी कुमार पुण्डरीक महोदय द्वारा किया गया। वैदिक मङ्गलाचरण एवं सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति परिसर के शोधच्छात्रा सुश्री साधना एवं सुश्री सुधा ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. मनीष जुगरान एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अपराजिता मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ. धीरज कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रयागराज के जाने माने विद्वान्, समाजसेवी, परिसर के समस्त अध्यापक, सभी सदस्य, शोधच्छात्र एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

2. हिन्दी दिवस समारोह एवं वैज्ञानिक संगोष्ठी - 14.09.2024

दिनांक 14/09/2024 को अपराह्न 1.30 बजे केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज एवं विश्व आयुर्वेद मिशन के सयुक्त तत्त्वावधान में हिन्दी दिवस समारोह एवं वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में वैदिक बटुकों द्वारा वैदिक मंगलाचरण, शोधछात्रा नम्रता सिंह द्वारा सरस्वती वंदना एवं डॉ. अवनीश पाण्डेय जी द्वारा धन्वंतरि वंदना प्रस्तुत किया गया। परिसर के निदेशक महोदय ने अतिथियों का वाचिक स्वागत किया। परिसर के शोध विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. देवदत्त सरोदे जी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समागत समस्त अतिथियों का परिचय एवं विषय प्रस्तुतिकरण विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष प्रो. गिरिन्द्र सिंह तोमर जी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्टातिथि के रूप में डॉ. शान्ति चौधरी, डॉ. राजकिशोर अग्रवाल एवं प्रो. एस.एन. शंखवार उपस्थित रहे। मुख्यातिथि का परिचय डॉ. आशीष कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। मुख्यतिथि के रूप में डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय जी उपस्थित रहे। परिसर के निदेशक प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी जी ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. अवनीश पाण्डेय को 'उत्कृष्ट सेवा' अवार्ड द्वारा सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन परिसर की अध्यपिका डॉ. शुभश्री दास द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन परिसर के पाण्डुलिपि संग्रहालय की अध्यक्षा डॉ. अश्विनी राजेश लंके द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रयागराज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर में परिसर के कर्मचारी, अधिकारी एवं शोधछात्र उपस्थित रहे।

4. वेद पूजन महोत्सव - चतुर्वेद पारायण एवं वैदिक सङ्गोष्ठी - 22.09.2024

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक, गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज

संयोजन – प्रो. देवदत्त सरोदे, सहनिदेशक

दिनाङ्क 22.09.2024 को महर्षि भरद्वाज वेदविद्या समिति, प्रयागराज एवं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज के संयुक्त तत्त्वावधान में वेद पूजन महोत्सव के अन्तर्गत चतुर्वेद पारायण एवं वैदिक सङ्गोष्ठी का आयोजन किया गया।

5. 'संविधान की उद्देशिका की मीमांसा' विषयक संगोष्ठी - 9.11.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गङ्गानाथ झा परिसर और भारतीय भाषा अभियान काशी प्रांत इलाहाबाद हाई कोर्ट इकाई के संयुक्त तत्त्वावधान में 'संविधान की उद्देशिका की मीमांसा' विषयक संगोष्ठी का आयोजन गंगनाथ झा परिसर में दिनांक 9.11.2024 को किया गया।

6. "आहार एवं आसन के द्वारा स्वस्थ जीवन शैली विषय पर संगोष्ठी - 11-03-2025

मुख्य अतिथि - डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय, राष्ट्रीय संगठन सचिव, आरोग्य भारती

मुक्य वक्ता – डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक

संयोजन – प्रो. अपराजिता मिश्रा, विभागाध्यक्षा-पाण्डुलिपि एवं हस्तलेख

आरोग्य भारती, विश्व आयुर्वेद मिशन एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गंङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज में वैज्ञानिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय सम्मिलित रहे। संगोष्ठी में आहार एवं आसन के द्वारा स्वस्थ जीवन शैली प्राप्त करने एवं स्वास्थ्य को बनाये रखने में अत्यधिक सारगर्भित एवं यथार्थ चर्चा हुई।

7. सरल मानक संस्कृत भाषा शिक्षण कार्यशाला – 05-08-2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के गंगानाथ झाल परिसर में स्थित भाषा विभाग द्वारा परिसरीय कर्मचारियों के लिए सरल मानक संस्कृत शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में सभी कार्यालय कर्मचारियों ने एक माह तक संस्कृत संभाषण का अभ्यास किया। कार्यशाला में डॉ. मनीष जुगरान महोदय संस्कृत भाषा में अभ्यास कराया।

8. ई-ऑफिस पर कार्यशाला का आयोजन- 24-02-2025

मुख्य वक्ता – कुलसचिव प्रो. मुरलीकृष्णन् , केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
अतिथि – डॉ. अमृता कौर, के.सं.वि.
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी

9. राष्ट्रियकार्यशाला भारतीय ज्ञान परम्परा अनुसन्धानम् – 18-03-2025 से 24-03-2025

मुख्य वक्ता – प्रो. गयाचरण त्रिपाठी
मुख्य अतिथि – प्रो. हरिदत्त शर्मा
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी
संयोजक – प्रो. देवदत्त सरोदे

10. अष्टादशी परियोजना के अंतर्गत संस्कृत काव्य एवं टीकाओं का डिजिटलीकरण एवं TEI मार्कअप विषय पर पंचदिवसीय कार्यशाला का आयोजन - 25.03.2025

मुख्य वक्ता – प्रो. कनकलता दुबे, सेवानिवृत्ताचार्या, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी
संयोजक – प्रो. अपराजिता मिश्रा

11. एक दिवसीय परिसंवाद कार्यक्रम 04.08.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज एवं संस्कृत भारती के संयुक्त तत्त्वावधान में संस्कृत भाषा पर आधारित परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

12. महर्षि चरक जयन्ती समारोह – 14.08.2024

मुख्यवक्ता – डॉ. मंगलसिंह, प्राचार्य, यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, प्रयागराज उपर्युक्त
मुख्य अतिथि – प्रो. अपराजिता मिश्रा एवं प्रो. गिरीन्द्र सिंह तोमर, अध्यक्ष, विश्व आयुर्वेद मिशन
संयोजक – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी

13. संस्कृतसप्ताहमहोत्सवः 14.08.2024 से 23.08.2024

मुख्यातिथि – प्रो. के. वी. पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग
मुख्य वक्ता – प्रो. लक्ष्मीकान्त मिश्र, आचार्य एवं अधिष्ठाता, मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कालेज
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजक – प्रो. देवदत्त सरोदे

14. संस्कृत सप्ताह महोत्सव के अन्तर्गत विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन-21.08.2024

15. संस्कृतसप्ताहमहोत्सवः महाविद्यालयस्तरीयच्छात्रस्पर्धा-22.08.2024

16. संस्कृतसप्ताहमहोत्सवः महाविद्यालयस्तरीयच्छात्रस्पर्धा में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस - 23.08.2024

मुख्यातिथि	–	श्री बृजेश कुमार मिश्र, पुलिस-अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, सुल्तानपुर
अन्य वक्ता	–	श्री राजेशकान्त तिवारी, संगणक विशेषज्ञ, गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज
सरस्वती तिथि	–	प्रो. हरिदत्त सरोदे – पूर्व विभागाध्यक्ष, इलाहाबाद विश्वविद्यालय
अध्यक्ष	–	प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजक	–	प्रो. अपराजिता मिश्रा

17. गङ्गानाथ झा परिसर एवं संस्कृत भारती के संयुक्ततत्त्वावधान में संस्कृत सप्ताह महोत्सव का सम्पूर्ति समारोह - 24.08.2024

मुख्यतिथि	–	श्री प्रमोद पंडित (क्षेत्र संगटन मंत्री, संस्कृतभारती, पूर्वी उत्तर प्रदेश)
अध्यक्ष	–	प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजक	–	डॉ. मनीष जुगरान

18. पुस्तकालय एवं संग्रहालय प्रबन्धन विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय परिसंवाद 21.11.2024

मुख्य अतिथि	–	प्रो. अचल पाण्ड्या, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र नई दिल्ली
विशिष्ट अतिथि	–	प्रो. मोको, हेदर ब्राउन पुस्तकालय अध्यक्ष आस्ट्रेलियन लाइब्रेरी एसोसिएसन एवं सनीरा वीवी इन्डोनेशिया
अध्यक्ष	–	प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन	–	डॉ. श्याम सुन्दर पाण्डेय, प्रोफेशनल असिस्टेन्ट

19. संविधान दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस – 26.11.2024

मुख्य अतिथि	–	श्री प्रवीण कुमार गिरी, अपर महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश
मुख्य वक्ता	–	श्री राजेशकान्त तिवारी, संगणक विशेषज्ञ
अध्यक्ष	–	प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन	–	श्री राजेशकान्त तिवारी, संगणक विशेषज्ञ

20. भारतीय भाषा उत्सव - 8.12.2024

मुख्य अतिथि	–	श्री विनोद कुमार द्विवेदी, प्रसिद्ध ध्रुपद गायक और केन्द्रीय नाट्य अकादमी से सम्मानित
विशिष्ट अतिथि	–	डा. अशोक शुक्ला, रंगमंच निर्देशक
अध्यक्ष	–	प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन	–	प्रो. अपराजिता मिश्रा

21. राष्ट्रिय गणित दिवस - 22.12.2024

मुख्य वक्ता	–	आचार्य सुद्युम्न जी (निदेशक, वेदवाणी वितान)
अध्यक्ष	–	प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन	–	प्रो. देवदत्त सरोदे

22. भरद्वाज जयन्ती समारोह - 17.1.2025

मुख्य अतिथि	–	श्री सुधीर नारायण, पूर्व न्यायाधीश, उच्च न्यायालय
अध्यक्ष	–	प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन	–	प्रो. देवदत्त सरोदे

23. महर्षि भारद्वाज जयन्ती कार्यक्रम-18-01-2025
मुख्य अतिथि – श्री अमित पाल, उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण
विशिष्ट अतिथि – श्री वींरेन्द्र पाठक
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन – डॉ. मनीष जुगरान

24. महाकुम्भ छात्र संगम कार्यक्रम (जयपुर परिसर के छात्रों का आगमन)- 18-01-2025
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सह आचार्य

25. प्रयागराज प्रदर्शनी का आयोजन - 19-01-2025
मुख्य अतिथि – श्री बृजेश मिश्र
विशिष्ट अतिथि – श्री प्रभाकर त्रिपाठी
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन – श्री वींरेन्द्र पाठक, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी

26. महाकुम्भ छात्रसंगम में लखनऊ परिसर के छात्रों का परिसर आगमन, प्रभातफेरी का आयोजन एवं पदचालन- 20-01-2025
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सह आचार्य

27. वेदव्यास परिसर के छात्रों का महाकुम्भ छात्रसंगम में प्रतिभाग। पदचालन, पुस्तकालय में पाण्डुलिपियों का अवलोकन एवं तत्पश्चात् कुम्भ क्षेत्र में परिभ्रमण - 20-01-2025
मुख्य अतिथि – वेदव्यास परिसर के सम्मानित आचार्यगण
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सहआचार्य

28. नेता जी सुभाष चन्द्र जयन्ती समारोह - 23-01-2025
मुख्य अतिथि – भोपाल परिसर एवं वेदव्यास परिसर के सम्मानित आचार्यगण तथा छात्र
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सहआचार्य

29. गणतन्त्र दिवस समारोह - 26-01-2025
मुख्य अतिथि – प्रो. भारतभूषण मिश्र, भोपाल परिसर
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सहआचार्य

30. महाकुम्भ छात्रसंगम में नासिक परिसर के छात्रों का प्रतिभाग-31-01-2025
मुख्य अतिथि – नासिक परिसर के सम्मानित आचार्यगण तथा छात्र
अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक
संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सहआचार्य

31. वसन्त पञ्चमी पूजनोत्सव (सरस्वती पूजन)- 3.2.2025

मुख्य वक्ता – प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, कुलपति महोदय

मुख्य अतिथि – नासिक परिसर के सम्मानित आचार्यगण तथा छात्र

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक

संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सहआचार्य

32. कार्यक्रम - महाकुम्भे छात्रसंगमः - 6.2.2025

विषयः – श्री रघुनाथकीर्तिपरिसर के छात्रों का गंगानाथ झा परिसर में समागम।

मुख्य वक्ता – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक महोदय

मुख्य अतिथि – श्री रघुनाथकीर्ति परिसर के सम्मानित आचार्यगण तथा छात्र

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक

संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सहआचार्य

33. कार्यक्रमः–महाकुम्भ में छात्रसंगमः - 12.2.2025

विषयः – श्री रणवीरपरिसरस्य गंगानाथझापरिसरे समागमः

मुख्य वक्ता – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक महोदय

मुख्य अतिथि – श्री रणवीर परिसर के सम्मानित आचार्यगण तथा छात्र

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक

संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सहआचार्य

34. महाकुम्भ में छात्रसंगम - 20.2.2025

विषय – गुरुवायूर परिसर के छात्रों का गंगानाथझा परिसर में समागमः

मुख्य वक्ता – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक महोदय

मुख्य अतिथि – गुरुवायूर परिसर के सम्मानित आचार्यगण तथा छात्र

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक

संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सहआचार्य

35. महाकुम्भ में छात्रसंगम - 20.2.2025

विषयः – श्रीसदाशिवपरिसर के छात्रों का गंगानाथझापरिसर में समागम।

मुख्य वक्ता – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक महोदय

मुख्य अतिथि – श्री सदाशिव परिसर के सम्मानित आचार्यगण तथा छात्र

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक

संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सहआचार्य

36. अन्तर्राष्ट्रीय मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम - 22-02-2025

मुख्य वक्ता – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक महोदय

प्रतिभागी – गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज के सम्मानित आचार्यगण तथा छात्र-छात्राएँ

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक

संयोजन – श्री राजेशकान्त तिवारी, संगणक विशेषज्ञ।

37. मुख्यालय के पदाधिकारियों, कर्मचारियों का प्रयागराज आगमन तथा महाकुम्भ में प्रतिभाग-24-02-2025

मुख्य अतिथि – प्रो. मुरलीकृष्ण, कुलसचिव

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक

संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सह आचार्य

38. महाकुम्भे छात्रसंगमः-24.2.2025

विषयः – एकलव्य परिसर के छात्रों का गंगानाथ झा परिसर में आगमन।

मुख्य अतिथि – एकलव्य परिसर के सम्मानित आचार्यगण एवं छात्रगण।

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक

संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सह आचार्य

39. आयुर्वेद पुस्तकों एवं पाण्डुलिपियों के सम्बन्ध में उपवेशन - दिनांक 19 अप्रैल 2024

मुख्य अतिथि – डॉ. पी.जी. प्रसाद, सहायक निदेशक प्रभारी, CCRAS

मुख्य वक्ता – डॉ. संतोष शांतिलाल माने, अनुसंधान अधिकारी

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक

संयोजन – डॉ. सुरेश पाण्डेय, सह आचार्य

आयुर्वेद से सम्बन्धित पुस्तकों को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली केंन्द्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (CCRAS) के मध्य हुए अनुबन्ध के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के सभी परिसरों में, आदर्श शोध संस्थानों में तथा आदर्श महाविद्यालयों मं संरक्षित आयुर्वेद से संबंधित सभी पुस्तकों, पाण्डुलिपियों, पत्रिकाओं तथा शोध पत्रिकाओं का डिजिटाईजेशन का कार्य होना है। तत्पश्चात् इन सबका डिजिटल सूचीकरण, पाण्डुलिपियों के लिप्यन्तरण और सम्पादनादि के कार्य भी होने हैं। एतदर्थ राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, हैदराबाद से डा. जी. पी. प्रसाद, सहायक निदेशक प्रभारी और डॉ. शांतिलाल माने, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद) का गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज में दिनांक 05/05/2025 से 07/05/2025 तक आगमन हुआ था।

गंगानाथ झा परिसर द्वारा आयोजित व्याखानमाला/विशिष्ट व्याख्यान

40. एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम-18-07-2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गङ्गानाथ झा परिसर, प्रयागराज द्वारा आज दिनांक 18/07/2024 को अपराह्न में 2:00 बजे से 'औपनिवेशिक विमर्श और हिंदू बच्चों की पीड़ा' विषय में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में Hindupedia के संस्थापक एवं निदेशक श्री कृष्ण माहेश्वरी जी ने मुख्यवक्ता के रूप में मञ्च की शोभा बढाई। कार्यक्रम में परिसर के निदेशक महोदय प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी जी ने अध्यक्ष पद को समलंकृत किया। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. देवदत्त सरोदे जी ने कार्यक्रम के विषय का प्रतिपादन किया। साथ ही आपने अतिथियों का वाचिक स्वागत किया। वैदिक मंगलाचरण की प्रस्तुति परिसर की शोधछात्रा सुश्री शिल्पा द्वारा किया गया। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मोनाली दास द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मनीष जुगरान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परिसर के समस्त आचार्यगण, सदस्यगण, शोधच्छात्र एवं अन्य संस्थाओं के विद्वान् उपस्थित रहे।

41. काव्यशास्त्रीयव्याख्यानमालायां विशिष्टं व्याख्यानं - ग्रन्थलोकार्पणकार्यक्रमश्च 27.08.2024

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गङ्गानाथ झा परिसर में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. हरिदत्त शर्मा के संस्कृतकाव्य ग्रन्थ "काव्यचन्द्रिका" का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम

में प्रयागराज के संस्कृत जगत के ख्यातिलब्ध साहित्यकार एवं शिक्षाविदों ने भाग ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर के निदेशक प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी ने की। अतिथियों का स्वागत परिसर के साहित्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जनार्दन प्रसाद पाण्डेय 'मणि' किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृत के ख्यातिलब्ध साहित्यकार एवं कवि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री आचार्य अभिराजराजेन्द्र मिश्र एवं सारस्वतातिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. हरिदत्त शर्मा रहे। प्रो. हरिदत्त शर्मा ने इस अवसर पर अपने काव्यग्रंथ की रचना से सम्बन्धित विभिन्न संस्मरणों का वर्णन करते हुए अपने काव्यग्रंथ "काव्यचन्द्रिका" की रचना में अपनी फ्रांस यात्रा को आधार बताया। ग्रन्थ की रचना से सम्बन्धित यात्रा का सजीव वर्णन किया। पुस्तक का लोकार्पण मुख्य अतिथि प्रो. अभिराजराजेन्द्र मिश्र, परिसर के निदेशक प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, डा. रामकिशोर झा एवं प्रो. हरिदत्त शर्मा तथा प्रो. जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के द्वारा सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. अभिराजराजेन्द्र मिश्र ने पुस्तक लोकार्पण की परम्परा को अति प्राचीन बताते हुए संस्कृत के प्रथम लोकार्पण का वर्णन करते हुए आचार्य भरत के नाट्यशास्त्र के प्रथम तीन अध्यायों को लोकार्पण की विस्तृत व्याख्या करने वाला बताया। पुस्तक के लोकार्पण के साथ आदि एवं वैदिक परम्परा को स्मरण करते हुए उन्होंने जीवन का आधार भाव एवं भक्ति को बताया। उन्होंने पुस्तक के सम्पादन में प्रो. हरिदत्त शर्मा के जुड़ने को विशिष्ट घटना बताते हुए उन्हें शुभकामनाएँ प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिसर के निदेशक प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी ने अपने संक्षिप्त किन्तु सारगर्भित वक्तव्य में "जो ऋषि नहीं वो कवि नहीं" के द्वारा प्रो. अभिराजराजेन्द्र मिश्र को ऋषि सदृश बताया। संस्कृत की प्राचीन परम्परा एवं समृद्धता के लिए परिसर में लिपि प्रशिक्षण के कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए उन्होंने हस्तलेखों एवं भारतीय ज्ञान परम्परा को शोध हेतु प्रोत्साहित करने की व्याख्या की। धन्यवाद ज्ञापन एवं कार्यक्रम का संचालन डा. धीरज कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो. देवदत्त सरोदे, प्रो. मनोज कुमार मिश्र, डॉ. सुरेश पाण्डेय, श्री राजेशकान्त तिवारी, श्री अञ्जनी कुमार पुण्डरीक, श्री संजय मिश्र, श्रीमती शुभश्री दास तथा परिसरीय अन्य कर्मचारी गण तथा शोधच्छात्र समुपस्थित रहे।

42. महर्षि अगस्त्य की सिद्ध चिकित्सा पद्धति पर विशेष व्याख्यान - 6.2.2025

मुख्य अतिथि – प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय, श्री लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत वि.वि.

मुख्य वक्ता – प्रो. मनोज कुमार मिश्र

अध्यक्ष – प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, निदेशक

संयोजन – श्री राजेशकान्त तिवारी, संगणक विशेषज्ञ।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/ उत्तरित पत्रों की संख्या -

(i) प्रार्थना पत्र प्राप्त - 03

(ii) उत्तर प्रेषित - 03

4.2.2 श्री सदाशिव परिसर, पुरी (ओड़िशा)

1. परिचय

श्रीसदाशिव परिसर, भारत सरकार के संसदीय अधिनियम द्वारा स्थापित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभी द्वादश परिसरों में सर्वबृहद् परिसर है। श्री सदाशिव परिसर कालक्रम के अधीन पंडित हरिहर दास एवं पंडित सदाशिव मिश्र के द्वारा पाठशाला (टोल) से प्रारम्भ होकर वर्तमान में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के एक गौरवशाली परिसर के रूप में पुष्पित हो रहा है।

श्री सदाशिव परिसर में प्राक्शास्त्री से लेकर विद्यावारिधि तथा दूरस्थशिक्षा के पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं और इन विविध शैक्षिक उपक्रमों में इस वर्ष 1244 छात्र-छात्राएँ नामांकित हैं। विश्वविद्यालय के इस परिसर में शैक्षिक एवं गैरशैक्षिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे आचार्यों एवं कार्मिकों की संयुक्त संख्या 100 से अधिक है। वर्तमान समय में उपरोक्त शैक्षिक-उपक्रमों तथा प्रशासन के समुचित समन्वय से संस्कृत वाङ्मय एवं भाषा की निरन्तर वृद्धि हो रही है।

2. परिसर की स्थान

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
श्री सदाशिव परिसर,पुरी, चंदन हजुरी मार्ग,
जनपद - पुरी, ओडिशा,
पिन संख्या - 752001,
ई-संकेत – director.puri@csu.co.in
आन्तर्जालिकपता www.csu-puri.edu.in
दूरभाष संख्या (06752) 223439

3. परिसर की अवसंरचना

छात्रावास- श्री सदाशिव परिसर संस्कृत अध्ययन के विकास के लिए अथक प्रयास कर रहा है। संस्कृत विद्या का विकास विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या से ही होता है। छात्रों की प्राथमिक आवश्यकता भोजन और आवास की सुविधा है। अगर रहने-खाने की सुविधा हो जाये तो वे पढ़ाई में मन लगायेंगे। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, श्री सदाशिव कैंपस पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए निःशुल्क छात्रावास सुविधाएं प्रदान कर रहा है। श्री सदाशिव परिसर में महर्षि वाल्मिकी छात्रावास (लड़कों का छात्रावास) और सुभद्रा महिला छात्रावास (महिला छात्रावास) हैं।

क्रीडा एवं व्यायामशाला-श्री सदाशिव कैंपस अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल और जिम सहित विभिन्न सुविधाएं प्रदान कर रहा है। इसमें कई प्रकार की खेल सुविधाएं हैं जो छात्रों की जरूरतों को पूरा करती हैं। परिसर में कुश्ती, बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, शतरंज, टेबल टेनिस और अन्य खेलों की सुविधाएं हैं। बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक इनडोर कोर्ट और कबड्डी खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक मैट था। कुश्ती के लिए सिंथेटिक मैट भी मौजूद थे। पहलवानों और अन्य युद्ध स्पर्धाओं के खिलाड़ियों के विभिन्न आयु समूहों के प्रशिक्षण के लिए एक बहुउद्देश्यीय चटाई है। योग प्रशिक्षण के लिए एक योग कक्ष उपलब्ध है। परिसर में खो-खो मैदान भी उपलब्ध है। इसके अलावा छात्रों के लिए एथलेटिक्स स्पर्धाओं जैसे दौड़ना, कूदना, फेंकना और अन्य खेलों में प्रशिक्षण के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध हैं। जयदेव हॉल के शीर्ष पर एक व्यायामशाला बनाई गई है। बॉयज हॉस्टल में कच्चा आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट और फुटबॉल मैदान भी उपलब्ध था।

कम्प्यूटर प्रयोगशाला- श्री सदाशिव कैंपस में कंप्यूटर लैब्स सॉफ्टवेयर के माध्यम से छात्र-अनुकूल गतिविधियां प्रदान करने के लिए पूरी तरह सुसज्जित है। प्राक्शास्त्री और शास्त्री छात्रों के लिए कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य है और पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग है। हमारे पास प्रौद्योगिकी से जुड़े सीखने के माहौल तक निगरानी पहुंच के लिए इंटरनेट सुविधा के साथ सबसे आधुनिक कंप्यूटर हैं।

ज्योतिष प्रयोगशाला-इस ज्योतिष प्रयोगशाला में विभिन्न उपकरण उपलब्ध हैं। जैसे खगोल विज्ञान के लिए गोल यंत्र, अज़ीमुथ यंत्र, चक्र यंत्र, कम्पास, हस्तरेखा विज्ञान का निरीक्षण करने के लिए लेंस, ग्रहण ज्ञान के लिए ग्रहण लिपि, रात के समय ग्रहों को देखने के लिए दूरबीन यंत्र, वर्षा मापने का यंत्र, पवन मापने का यंत्र, ग्रह भूकेन्द्रित सूर्यकेन्द्रित कक्षा क्रम, उच्च -ग्रहों का निम्न चार्ट, साइन गणित करने के लिए उपकरण, वास्तु ज्ञान के लिए वास्तु यंत्र आदि।

ग्रहवाटिका- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री सदाशिव परिसर ज्योतिष विभाग द्वारा निर्मित एक उद्यान है जहाँ नवग्रहों के वृक्ष लगे हुए हैं। जिसका उपयोग परिसर के सभी परिवारों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लाभ के लिए किया जाएगा। दुष्ट ग्रहों की शांति के लिए उस पेड़ की जड़ में जल चढ़ा सकते हैं, परिक्रमा कर सकते हैं और पूजा कर सकते हैं। बिना सामान्य प्रयास के भी कोई व्यक्ति इस ग्रह वाटिका का सदुपयोग करके अपने अशुभ ग्रह के फलों से मुक्ति पा सकता है और शुभता प्राप्त कर सकता है।

मनोविज्ञान प्रयोगशाला- मनोविज्ञान प्रयोगशाला की भूमिका बी.एड./एम.एड. की समझ को समृद्ध/सुधारना है। छात्रों के बारे में:-

सीखने, सिखाने, विकास (विभिन्न पहलुओं), माप, मूल्यांकन और मूल्यांकन की कक्षा प्रक्रियाएं और छात्रों, शिक्षकों, प्रिंसिपल और प्रशासनिक कर्मचारियों, माता-पिता, समुदाय आदि सहित अन्य स्कूल कर्मियों की गतिशीलता।

4. मुख्य गतिविधियाँ

- शिक्षण
- आंतरिक मूल्यांकन
- परीक्षा का आयोजन
- नवीन अनुसंधान और अनुसंधान का मार्गदर्शन
- ट्यूटोरियल कक्षाएं और उपचारात्मक कक्षाएं
- नेट/OSTET के लिए कोचिंग
- हिन्दी बोलने और समझने के लिए संभाषण कक्षाएं
- संस्कृत बोलने और समझने के लिए संभाषण कक्षाएं
- अंग्रेजी बोलने और समझने के लिए संभाषण कक्षाएं
- बी.एड छात्रों के लिए इंटर्नशिप
- खेल-कूद और अन्य पाठ्येतर गतिविधियाँ

5. प्रकाशन

श्री सदशिव परिसर में गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन की समृद्ध संस्कृति है। परिसर प्रतिवर्ष 'पौर्णमासी जर्नल' प्रकाशित करता है जबकि परिसर के सभी विभाग संबंधित विभागों की ओर से जर्नल प्रकाशित करते हैं।

6. उपलब्ध पाठ्यक्रम

केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालय, श्रीसदाशिव परिसर में अधोलिखित विभागों में प्राक्शास्त्री से विद्यावारिधि (12^{th} – Ph.d) तक अध्ययन-अध्यापन होता है।

वेद, वेदांग एवं वैदिक विज्ञानविद्यास्थान

1. ज्योतिष
2. व्याकरण

शास्त्रीय ज्ञान प्रणाली विद्यास्थान

1. धर्मशास्त्र

दर्शन विद्यास्थान

1. अद्वैत वेदांत
2. न्याय
3. सर्वदर्शन
4. सांख्ययोग

भाषा, साहित्य एवं संस्कृति विद्यास्थान

1. साहित्य
2. पुराणेतिहास

आधुनिक विषय विद्यास्थान

1. हिन्दी
2. उडिया
3. अंग्रेजी
4. इतिहास
5. कम्प्यूटर विज्ञान

शिक्षाशास्त्र विभाग

7. परिसर के द्वारा आयोजित संगोष्ठी, कार्यशाला तथा व्याख्यानमाला

- 20 अप्रैल को फिटनेस कार्यक्रम और समापन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर परिसर के निदेशक प्रो. अतुल कुमार नंद, आधुनिक विभाग के विभागाध्यक्ष श्री दुर्गा प्रसाद दास महापात्र, विशिष्ट सूचना प्रसारण अधिकारी, श्री विश्वनाथ पण्डा उपस्थित थे। श्री विश्वनाथ मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।
- विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 05 जून को मनाया जाता है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री सदाशिव परिसर, पुरी में इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया, जिसमे पर्यावरण के महत्त्व एवं उसके विषय के बारे में परिसर के निदेशक प्रो. अतुल कुमार नन्द ने छात्र/छात्राओं को सारगर्भित जानकारी दी तथा परिसर के शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।
- मेजर ध्यानचंद की स्मृति में *"राष्ट्रीय खेल दिवस"* का आयोजन किया गया। छात्रों और शिक्षकों के बीच शतरंज और मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच आयोजित किए गए। यह प्रतियोगिता डॉ गौतम कुमार चौधरी द्वारा परिसर निदेशक प्रो अतुल कुमार नंद के देख-रेख में आयोजित की गई थी।

- हर साल की तरह इस साल भी 5 सितंबर को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री सदाशिव परिसर में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। यह उत्सव हमारे परिसर निदेशक आचार्य अतुल कुमार नंद के सफल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्रों के लिए एक निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में परिसर के विभिन्न विभागों के 35 छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का विषय था: "*छात्रवत्सलःगुरुः*" (छात्रप्रेमी शिक्षक)। न केवल छात्रों, बल्कि शिक्षकों ने भी अपने गुरुओं को उनके गुणों का बखान करके याद किया। शिक्षक दिवस के समारोह के दिन पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया।
- 11 नवंबर को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर, पुरी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न और प्रसिद्ध शिक्षाविद् मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को याद करने के लिए। शिक्षा दिवस के संयोजक सहायक आचार्य डॉ. भाग्यसिंह गुर्जर और श्री रमाकांत सा थे। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर परिसर के छात्रों के लिए *'मौलाना अबुल कलाम आज़ादवर्यस्य भारतीय शिक्षायामवदानम्'* विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- "महिला उत्पीड़न रोकथाम सप्ताह" के अवसर पर, श्री सदाशिव परिसर, पुरी में परिसर निदेशक, प्रो. अतुल कुमार नंद की देखरेख में एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें सभी शिक्षक और गैर-शिक्षक महिलाएं एकत्रित हुईं और अपने-अपने दृष्टिकोण से विषय को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. गौराप्रिया दाश और प्रो. निर्मला पाणिग्रही ने किया।
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर पुरी में हमारे परिसर निदेशक आचार्य अतुल कुमार नंद की देखरेख में हमारा 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। हमने अपने संविधान के आदर्शों को बनाए रखने और एक उज्जवल और अधिक सामंजस्यपूर्ण भारत की दिशा में काम करने का संकल्प लिया।
- युवाओं में मतदान के प्रति आकर्षण उत्पन्न करनें के लिए *"पहला वोट देश के लिए"* अभियान में *'मतदाता प्रतिज्ञा'* लेने पर गर्व है, यह सब हमारे परिसर निदेशक प्रो. अतुल कुमार नंद के मार्गदर्शन में हुआ। देश के लिए हर वोट का महत्त्व है अतः हम सब मिलकर अपने देश का भविष्य सवारें। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. गौतम कुमार चौधरी ने किया।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/ उत्तरित पत्रों की संख्या -

(i) प्रार्थना पत्र प्राप्त - 00

(ii) उत्तर प्रेषित - 00

4.2.3 श्री रणबीर परिसर, जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर)

1. परिचय (Introduction)

भारतीय संसद के अधिनियम के अन्तर्गत 30 अप्रैल 2020 को शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, (पूर्ववर्ती राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान) की स्थापना हुई। यह विश्व का एकमात्र वृहत्तम एवं बहुपरिसरीय संस्कृत विश्वविद्यालय है। जो कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा A++ श्रेणी प्रदत्त है। वर्तमान में माननीय प्रो. श्रीनिवास वरखेडी इसके कुलपति हैं। देशभर में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 13 (मुख्यालय सहित) परिसर हैं। जम्मूस्थित श्री रणवीर परिसर उन्हीं तेरह परिसरों में से एक है। यह परिसर 84 कनाल भूमि पर निर्मित है।

जम्मू-काश्मीर के महाराजाधिराज श्रीरणवीरसिंह ने संस्कृतविद्या के पारम्परिक एवं अगाध-अद्भुतज्ञान के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जम्मूप्रान्त में सन् 1800 के उत्तरार्ध में श्रीरघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना की थी। दिनांक 01 अप्रैल, 1971 को केन्द्रसरकार ने इसका अधिग्रहण किया तथा इसे "श्रीरणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ" का नाम दिया। 02 मई, 2002 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को वृहत्तम बहुपरिसरीय राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) घोषित किया गया। तब से 29 अप्रैल 2020 तक श्रीरणवीर परिसर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, (मानित विश्वविद्यालय) के नाम से विख्यात रहा। इस परिसर के प्रथम प्राचार्य डॉ. अनन्त मराल शास्त्री थे तथा क्रमशः डॉ. दयानन्द भार्गव, डॉ. जे. गांगुली, डॉ. जगन्नाथ पाठक, डॉ. राघव प्रसाद चौधरी, डॉ. राम किशोर शुक्ल, डॉ. प्रियतम चन्द्र शास्त्री (कार्यवाहक), प्रो. जी. गंगन्ना, प्रो. विश्वमूर्ति शास्त्री, प्रो. यशपाल खजूरिया (कार्यवाहक), प्रो. एम्. चन्द्रशेखर (कार्यवाहक) , प्रो. पी.एन. शास्त्री (कार्यवाहक), प्रो. रामानुज देवनाथन्, प्रो.बच्चा भारती (कार्यवाहक), प्रो. लोकमान्य मिश्र (कार्यवाहक), श्री शरत् चन्द्र शर्मा (कार्यवाहक), प्रो. फतह सिंह(कार्यवाहक) श्री शरत् चन्द्र शर्मा (कार्यवाहक) एवं प्रो. वासुदेव शर्मा परिसर के (कार्यवाहक) प्राचार्य रहे। 30 अप्रैल 2020 को संसदीय अधिनियम के द्वारा इसे केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के नाम का दर्जा दिया गया, तब से प्राचार्य के स्थान पर निदेशक व्यवस्था प्रारम्भ हुई जिसमें प्रो. वासुदेव शर्मा प्रथम निदेशक रहे और वर्तमान में प्रो. मदन मोहन झा निदेशक हैं

2. परिसर का स्थान

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
श्री रणबीर परिसर कोट भलवाल, जम्मू (जम्मू-कश्मीर) -181122
दूरभाष- 0191-2623533, 0191-2623090
ई-मेल: director-jammu@csu.co.in
अन्तर्जाल- www.csu-jammu.edu.in

3. परिसर की अवसंरचना

पुस्तकालय (Library) श्री रणबीर परिसर का अपना सुसमृद्ध पुस्तकालय है, जिसमें विविध विषयों की लगभग 46,000 पुस्तकें उपलब्ध हैं।

पुस्तकालय में 72 दुर्लभ पांडुलिपियाँ भी संरक्षित हैं। ये पांडुलिपियाँ शारदा और देवनागरी लिपियों में हैं।

ई-पुस्तकालय (E-Library)

श्री रणबीर परिसर की ग्रन्थात्मक ज्ञाननिधि को परिचयात्मक दृष्टि से सर्वजन सुलभ बनाने के उद्देश्य से परिसर में ई-पुस्तकालय का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। जिसमें बहुत पुस्तकों का ई पुस्तकालयीकरण कर दिया गया है और वर्तमान में कार्य चल रहा है।

वेधशाला (Planetarium)

विद्यार्थियों को सौविध्यपूर्वक ज्योतिषशास्त्र का सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिकज्ञान प्रदान करने की दृष्टि से श्री रणबीर परिसर में एक लघु वेधशाला भी स्थापित की गई है। इस वेधशाला में लघु तारामण्डल, दूरवीक्षण-यन्त्र, ग्रहकक्षाक्रम- यन्त्र, चन्द्रकला- यन्त्र, सौरचन्द्रग्रहण-यन्त्र तथा गोल-यन्त्र आदि अनेक यन्त्र एवं चित्रफलक विद्यमान हैं।

सम्मेलन कक्ष (Conference Hall)

श्री रणबीर परिसर में एक मन्त्रणा सभागार बनाया गया है, जो कि आधुनिक एवं उत्कृष्ट सुविधाजनक फर्नीचर से सुसज्जित है। इस मन्त्रणा सभागार में 62 व्यक्तियों के बैठने की सुखद व्यवस्था है।

वाणी विलास सभागार (Vani Vilas Auditorium)

विद्वत व्याख्यान तथा विद्यार्थियों की नृत्य-नाट्य-भाषणादि, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के सुचारु से संचालन के लिये श्रीरणबीर परिसर में आधुनिक तकनीकियुक्त ध्वनि प्रकाशादिव्यवस्था से सम्पन्न तथा सुन्दर फर्नीचर से सुसज्जित '*वाणीविलास*' सभागार भी है। इस भव्य सभागार में 500 लोगों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है।

सङ्गणक-कक्ष (Computer Room)

आधुनिक विषयों के अन्तर्गत शास्त्री स्तर तक विद्यार्थियों को कम्प्यूटर की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से परिसर में संगणक-कक्ष भी बनाया गया है। इस संगणक-कक्ष में पर्याप्त रूप से उपयोगी फर्नीचर की सुविधा सहित 25 संगणक यन्त्रों की व्यवस्था है। संगणक कक्ष इन्टरनेट सुविधा से परिपूर्ण है।

प्रति विभाग कम्प्यूटर (Departmental Computers)

विभागीय कार्यों को सुचारु रूप से गति देने और अधिक व्यवस्थित ढंग से कार्यों के सम्पन्न करने के लिए परिसर के प्रति विभाग एक-एक कम्प्यूटर, इन्टरनेट की सुविधा सहित लगाये गए हैं। समस्त परिसर में फाईबर इन्टरनैट की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित है। परिसर के प्रत्येक विभाग में एक स्मार्ट कक्षा (स्मार्ट क्लासरुम) की व्यवस्था फाईबर इन्टरनेट के साथ की गई है।

विभागीय पुस्तकालय (Departmental Library)

विद्यार्थियों के जिज्ञासा पठन-पाठन की प्रवृत्ति और उनमें पढ़ने के प्रति रुचि जाग्रत करने के लिए परिसर के प्रत्येक विभाग में 50,000 हजार रूपये की राशि से पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

भाषा-प्रयोगशाला (Language Lab)

परिसर के शिक्षाशास्त्र-विभाग (Pedagogy) में भाषा-प्रयोगशाला का शैक्षणिक वर्ष 2016-17 में निर्माण हुआ। इसके लिए 11 कम्प्यूटर प्रदान किए गए है भाषा-कौशल अधिगम के लिए व्यवस्था की गई है। इस में 10 अधिगम संगणक एवं 01 अनुदेशक संगणक व्यवस्थित हैं।

मनोविज्ञान प्रयोगशाला (Psychology Lab)

परिसर के शिक्षाशास्त्र विभाग में मनोविज्ञान-प्रयोगशाला में नवीन उपकरणों की व्यवस्था की गई। जिसमें अत्याधुनिक इलेक्ट्रानिक उपकरण भी सम्मिलित हैं।

आचार्य वर्ग एवं कार्यालयीय कर्मचारी (Teaching & Non Teaching Staff)

परिसर में आचार्य, सह-आचार्य, सहायक आचार्य, अनुबन्धित एवं अतिथि शिक्षक आदि कुल मिलाकर 46 शैक्षणिक सदस्य कार्यरत हैं। परिसर में 38 कार्यालयीय सदस्य, 14 सुरक्षा प्रहरी तथा कर्मचारी कार्यरत हैं। इनकी संख्या में यथासमय इसमें परिवर्तन भी किया जा सकता है।

छात्रावास (Hostel)

दूरदराज के क्षेत्रों तथा अन्य राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों के लिये श्रीरणबीर परिसर में छात्र-छात्राओं के लिये अलग-अलग पर्याप्त विस्तृत सुविधा सम्पन्न पुरुष छात्रावास (Boys Hostel) तथा महिला छात्रावास (Girls Hostel) हैं। इन छात्रावासों में कुल 84 आवास कक्ष हैं। जिनमें 168 विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था है। छात्रावासों में उष्णक-यंत्र (गीजर) भी हैं। छात्रावासीय छात्रों एवं छात्राओं की भोजन व्यवस्था के लिये दोनों छात्रावासों में सुविधायुक्त भोजनालय भी बनाए गये हैं।

कर्मचारी आवास (Staff Quarters)

प्राचार्य, छात्रावासीय-अधीक्षक तथा परिसरीय सदस्यों की आवासीय सुविधार्थ परिसर में शिक्षकावास बनाये गए हैं।

व्यायामशाला (Gymnasium)

विद्यार्थियों के मानसिक एवं शारीरिक-स्वास्थ्य के लिए परिसर में योग-क्रीड़ा तथा व्यायाम का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। जिस के लिए एक व्यायामशाला का निर्माण किया गया है। इस व्यायामशाला में विविध आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। ओपन जिम की सुविधा भी है।

क्रीडा-क्षेत्र (Play Ground)

परिसर में एक विशाल खेल का मैदान भी है, जिसमें सभी प्रकार की क्रीडात्मक गतिविधियों का संचालन किया जाता है।

4. मुख्यगतिविधियाँ

श्री रणबीर परिसर में नई शिक्षा नीति आधारित क्रेडिट प्रणाली के अन्तर्गत पारम्परिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक विषयों का भी सुन्दर सामंजस्य स्थापित कर अध्ययन-अध्यापन किया जाता है। विश्वविद्यालय मुख्यालय के निर्देशानुसार वार्षिक एवं सत्रार्धिक परीक्षा प्रणाली भी लागू है। कक्षानुसार परिसर में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था इस प्रकार है-

पारम्परिक संस्कृत शिक्षा (Traditional Sanskrit Studies)

पारम्परिक संस्कृत शिक्षा के अन्तर्गत श्रीरणबीर परिसर में क्रेडिट व्यवस्था आधारित प्राक्शास्त्री (सत्रार्द्ध) (इण्टरमीडिएट), शास्त्री (सत्रार्द्ध) (B.A.) तथा आचार्य (सत्रार्द्ध) (M.A.) शैक्षणिक अध्ययन की व्यवस्था है। इन कक्षाओं में व्याकरणशास्त्र, साहित्यशास्त्र, दर्शनशास्त्र, सिद्धान्त एवं फलित ज्योतिषशास्त्र तथा वेदवाङ्मय संस्कृत के पारम्परिक शास्त्रीय विषयों के साथ-साथ हिन्दी, डोगरी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, कम्प्यूटर एवं पर्यावरण शिक्षा, योग इत्यादि आधुनिक विषयों का भी अध्ययन करवाया जाता है।

व्यावसायिक-शिक्षा (Professional Education)

श्री रणबीर परिसर में व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षाशास्त्र-विभाग (Education Department) में दो वर्षीय (सत्रार्द्ध) शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) का प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम (Certificate Courses)

वेद कर्मकाण्ड पौरोहित्य विद्याशाखा द्वारा छात्रों के लिए एक वर्षीय प्रमाण-पत्रीय पाठ्यक्रम संचालित है।सत्र 2023-24 में एक वर्षीय योग प्रमाण पत्र पाठ्क्रम संचालित किया जाना है।

शोधकार्य (Research Activities)

संस्कृतविद्या की विविध विद्याओं में प्रासंगिक विषयों में बहु-आयामी शोध के उद्देश्य से श्रीरणबीर परिसर में विद्यावारिधि (Ph.D.) के निर्देशन की भी समुचित व्यवस्था है। गत वर्षों तक इस परिसर में 120 शोधार्थी विद्यावारिधि (Ph.D.) की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में पंजीकृत शोधार्थियों की संख्या 12 है।

काश्मीर शैव दर्शन (Shaivism of Kashmir)

जम्मू काश्मीर राज्य दो दृष्टिगत रखते हुए दर्शन विद्याशाखा के अंतर्गत आचार्य कक्षा में काश्मीरशैव दर्शन कक्षा का संचालन किया जा रहा है।

5. प्रकाशन (Publications)

विविध ज्ञान-विज्ञान, दर्शन आदि से सम्बन्धित 23 ग्रन्थ परिसर द्वारा प्रकाशित किये जा चुके हैं। इनमें कश्मीरशैवदर्शन से सम्बन्धित ग्रन्थों की माँग सम्पूर्ण देश से की जा रही है। संस्कृत, हिन्दी, डोगरी तथा अंग्रेजी भाषा में गवेषणापूर्ण निबन्धों आदि से सुसज्जित *"श्रीवैष्णवी"* नामक वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन भी विगत वर्षों से होता आ रहा है। इस पत्रिका को जनवरी 2022 में *UGC केयर* सूची में शामिल किया गया है तथा ISSN- 7552277906X नंबर एन.आइ.एस.सी.आइ.आर. द्वारा दिया गया है। परिसर के शिक्षा विभाग द्वारा भी *"शिक्षामृतम्"* नामक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। जो वर्तमान में *UGC केयर* सूची में संग्रहीत है।

6. उपलब्ध पाठ्यक्रम

विद्याशाखा (Subjects & Departments)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रणबीर परिसर में अध्ययनविषयानुरूप –

1)	वेद कर्मकाण्डपौरोहित्यविद्याशाखा	2)	व्याकरणविद्याशाखा
3)	ज्योतिषविद्याशाखा	4)	संस्कृत-साहित्य-विद्याशाखा
5)	दर्शनविद्याशाखा	6)	भारतीयभाषाविद्याशाखा (हिन्दी, डोगरी)
7)	शिक्षाशास्त्रविद्याशाखा	8)	सामाजिकविज्ञानविद्याशाखा
9)	आंग्लविद्याशाखा	10)	काश्मीर शैव दर्शन

अध्ययन-अध्यापन एवं शोध कार्य (Studies & Research Activities)

श्रीरणवीर परिसर में नई शिक्षा नीति आधारित क्रेडिट प्रणाली के अन्तर्गत पारम्परिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक विषयों का भी सुन्दर सामंजस्य स्थापित कर अध्ययन-अध्यापन किया जाता है। विश्वविद्यालय मुख्यालय के निर्देशानुसार वार्षिक एवं सत्रार्धिक परीक्षा प्रणाली (Semester System)भी लागू है। कक्षानुसार परिसर में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था इस प्रकार है-

पारम्परिक संस्कृत शिक्षा (Traditional Sanskrit Studies)

पारम्परिक संस्कृत शिक्षा के अन्तर्गत श्रीरणवीर परिसर में क्रेडिट व्यवस्था आधारित प्राक्शास्त्री (सत्रार्द्ध) (इण्टरमीडिएट), शास्त्री (सत्रार्द्ध) (B.A.) तथा आचार्य (सत्रार्द्ध) (M.A.) शैक्षणिक अध्ययन की व्यवस्था है। इन कक्षाओं में व्याकरणशास्त्र, साहित्यशास्त्र, दर्शनशास्त्र, सिद्धान्त एवं फलित ज्योतिषशास्त्र तथा वेदवाङ्मय संस्कृत के पारम्परिक शास्त्रीय

विषयों के साथ-साथ हिन्दी, डोगरी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, कम्प्यूटर एवं पर्यावरण शिक्षा, योग इत्यादि आधुनिक विषयों का भी अध्ययन करवाया जाता है।

व्यावसायिक-शिक्षा (Professional Education)

श्री रणवीर परिसर में व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षाशास्त्र-विभाग (Education Department) में दो वर्षीय (सत्रार्द्ध) शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) का प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम (Certificate Courses)

वेद कर्मकाण्ड पौरोहित्य विद्याशाखा द्वारा छात्रों के लिए एक वर्षीय प्रमाण पत्रीय पाठ्य क्रम संचालित है।सत्र 2023-24 में एक वर्षीय योग प्रमाण पत्र पाठ्क्रम संचालित किया जाना है।

शोधकार्य (Research Activities)

संस्कृत विद्या की विविध विद्याओं में प्रासंगिक विषयों में बहु-आयामी शोध के उद्देश्य से श्रीरणवीर परिसर में विद्यावारिधि (Ph.D.) के निर्देशन की भी समुचित व्यवस्था है। गत वर्षों तक इस परिसर में 120 शोधार्थी विद्यावारिधि (Ph.D.) की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में पंजीकृत शोधार्थियों की संख्या 12 है।

काश्मीर शैव दर्शन :

जम्मू काश्मीर राज्य दो दृष्टिगत रखते हुए दर्शन विद्याशाखा के अंतर्गत आचार्य कक्षा में काश्मीरशैव दर्शन कक्षा का संचालन किया जा रहा है।

7. अन्य क्रिया कलाप/समारोह/कार्यशालाओं सहित पूर्ण विवरण-

उत्तर क्षेत्रीय रूपक महोत्सव 2024

दिनांक 28-29 नवम्बर 2024 को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रणवीर परिसर के नेतृत्व में उत्तर क्षेत्रीय रूपक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अन्य परिसर- श्री रघुनाथकीर्ति परिसर, देवप्रयाग एवं वेदव्यास परिसर, बलाहार, तथा विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालय यथा एस. डी. आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, हिमांचल आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, डी. के. एस. डी. आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, श्री माता वैष्णव देवी गुरुकुल, महर्षि वाल्मीकि संस्कृत महाविद्यालय, श्री भगवानदास संस्कृत महाविद्यालय ने भाग ग्रहण किया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 28-11-2024 को उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जम्मू के पुलिस आयुक्त श्री आनंद जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में लाल बहादुर राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पूर्व संकाय अध्यक्ष प्रो. कमला भारद्वाज एवं सारस्वत अतिथि के रूप में वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी उपस्थित थीं।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 29-11-2024 को रूपक महोत्सव का समापन समारोह सम्पन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जम्मू के उपायुक्त श्री शक्ति पाठक एवं विषिष्ट अतिथि के रूप में जम्मू उत्तर के विधायक श्री श्यामलाल शर्मा उपस्थित थे। इस समापन समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार का वितरण किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना की विश्वविद्यालय परिसर में दो ईकाई संचालित है, जिसमें लगभग 200 छात्र पंजीकृत हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. योगेन्द्र दीक्षित एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री मनीन्दर सिंह है। वर्ष भर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन नियमित रूप से किया जाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

समारोहादि का आयोजन

- दिनांक 13.08.2024 को श्री रणवीर कैम्पस में "तिरंगा यात्रा" कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र के नेतृत्व में यह यात्रा परिसर से भलवाल गांव तक सम्पन्न हुई। परिसर के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

- 14.08.2024 को श्री रणवीर परिसर में "विभाजन विभीषिका दिवस (पार्टिशन हॉरर)" नामक एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभाजन के दौरान हुई भयानक त्राशदी की विभिन्न तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ दयानाथ देवनाथन तथा सहसंयोजक डॉ प्रदीप कुमार मिश्र थे। इसके बाद परिसर के सभागार में विभाजन की भयावहता के लिए एक स्मृति दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, जम्मू और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रणवीर परिसर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक जयप्रकाश वर्मा एवं श्रीरणवीर परिसर के निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र मिश्र एवं डॉ. वर्मा ने विभाजन की त्रासदी को देखते हुए अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। तदुपरांत एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय केंद्र इग्नू और परिसर के प्राध्यापक उपस्थित थे।

- दिनांक 15.08.2024 को परिसर प्रांगण में परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिसर के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे। परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र के हाथों राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर परिसर निदेशक अपने संबोधन में सभी को देशभक्ति के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी को आगे आना चाहिए, ताकि हम एक समृद्ध भारत की कल्पना कर सकें।

- दिनांक 16.08.2024 को श्री रणवीर परिसर में परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र की अध्यक्षता में संस्कृत सप्ताह के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पद से सम्मानित पद्मश्री प्रोफेसर विश्वमूर्ति शास्त्री थे। संस्कृत के महत्व और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किये हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रो. श्री श्रीधर मिश्र और संयोजक प्रोफेसर सतीश कुमार कपूर थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजकुमार मिश्र ने किया। स्वागत भाषण डॉ. डी दयानाथ जी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ तेजनाथ पौडेल जी ने किया।

- दिनांक 23/08/2024 तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें परिसर के छात्र, अध्यापक उत्साहपूर्वक भाग लिए।

- दिनांक 30.08.2024 को परिसर में परिसर निदेशक की अध्यक्षता में एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से निदेशक के नेतृत्व में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया।

- दिनांक 09.09.2024 को परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा छात्रों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी की प्रशिक्षुका डॉ. कविता ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को विभिन्न परिस्थितियों में आपातकालीन उपचार स्वयं कैसे प्रदान किया जाए, इसका प्रशिक्षण प्रदान किया।

- दिनांक 18.09.2024 को रणवीर परिसर में "हिन्दी पखवाड़ा" कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। पंद्रह दिवसीय कार्यक्रम में भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। 18.09.2024 को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री निर्मल विनोद एवं परिसर के साहित्य विद्याशाखा के संयोजक प्रो. सतीश कुमार कपूर मुख्य वक्ता थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र ने किया। सम्पूर्ण पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक डॉ पवन कुमार सिंह एवं डॉ. रेखा मिश्र थे।

- हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 24.09.2024 को परिसर में कार्यालयी कर्मचारियों के मध्य हिन्दी गीत एवं वर्णमाला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र की गरिमामय उपस्थिति रही। श्री मिश्र ने कहा कि हिंदी हमारी बहुमूल्य संस्कृति की नींव है।

- 26.09.2024 परिसर में हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह परिसर के वाणी विलास सभागार में आयोजित किया गया और इसमें परिसर के छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों ने भाग लिया। परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इन्दिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय डॉ. जयप्रकाश वर्मा मुख्य अतिथि थे। परिसर के साहित्य एवं अध्ययन शाखा के प्रमुख प्रो. सतीश कुमार कपूर उपस्थित थे। समसामयिक संदर्भ में हिंदी का स्थान एवं महत्व बताते हुए डॉ. एस.के. वर्मा ने कहा कि हिन्दी अग्रणी भारतीय भाषा है और संस्कृत के बाद हिन्दी सर्वाधिक गरिमामयी भाषा है। हिन्दी विश्व की सर्वाधिक लोकप्रिय भाषाओं में से एक के रूप में स्थापित होने जा रही है। कार्यक्रम के अंत में निबंध लेखन, वाद-विवाद एवं अंतिम पत्र प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

- दिनांक 27.09.2024 को प्रातः 11:30 बजे परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इग्नू के संयुक्त तत्वाधान में श्री रणवीर परिसर में "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र के नेतृत्व में शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्रों ने परिसर में विभिन्न स्थानों का चयन कर वहां निर्धारित स्थान पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया।

- दिनांक 02/10/2024 को गांधी जयंती के अवसर पर परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया, जिसमे परिसर के छात्र, अध्यापक एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- 8 नवंबर 2024 जम्मू: केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रणवीर परिसर कोट भलवाल, जम्मू और विज्ञान परिषद प्रान्त, जम्मू कश्मीर के संयुक्त तत्वावधान में, "वेदों में विज्ञान" विषय पर जम्मू कश्मीर में प्रथम वैदिक अंतर्राष्ट्रीय संम्मेलन 9 और 10 नवंबर 2024 को आयोजित किया जा रहा है। जो प्राचीन वैदिक ग्रंथों में निहित गहन वैज्ञानिक ज्ञान को जानने के लिए दुनिया भर के विद्वानों, शोधकर्ताओं और उत्साही लोगों को एकजुट करेगा।

सम्मेलन के उद्घाटन के मुख्यातिथि जम्मू-कश्मीर के माननीय उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा थे। विशिष्ट अतिथि विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ शिवकुमार शर्मा रहेंगें। सारस्वत अतिथि श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय, तिरुपति के कुलपति प्रो रानी सदाशिव मूर्ति होंगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रणवीर परिसर के निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र ने की। सम्मेलन में आमंत्रित अतिथि के रूप में महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलपति विजय कुमार सी जी, श्री वेंकेटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय, तिरुपति के कुलपति प्रो रानीसदाशिव मूर्ति, महर्षि सांदीपनी वेद विद्या प्रतिष्ठान के उपाध्यक्ष प्रो प्रफुल्ल कुमार मिश्र, लद्दाख विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एस के मेहता, मल्ला रेडडी विश्वविद्यालय, हैदराबाद के कुलसचिव प्रो डी प्रसाद, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संदीप जैन, सकास्ट के कुलपति प्रो बी एन त्रिपाठी, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेद विभाग के अध्यक्ष प्रो मनोज कुमार मिश्र, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेद विभाग के अध्यक्ष प्रो देवेन्द्र मिश्र, बी एच यू के संस्कृत विभाग के प्रो उपेन्द्र त्रिपाठी, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो आर जी मुरली कृष्ण के साथ चीन, यूक्रेन, अमेरिका और मॉरीशस से वेद के विद्वान ने सम्मेलन में भाग ग्रहण किया।

आयोजन सचिव प्रो पवनेश अबरोल ने बताया कि द्विदिवसीय सम्मेलन में भारत और अन्य देशों के शोधकर्ताओं द्वारा संस्कृत, वेद विद्या, आयुर्वेद, कृषि विज्ञान, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, योग विषयों के लगभग 100 शोधपत्रों का वाचन किया गया।

दिनांक 28-29 नवम्बर 2024 को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रणवीर परिसर के नेतृत्व में उत्तर क्षेत्रीय रूपक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अन्य परिसर- श्री रघुनाथकीर्ति परिसर, देवप्रयाग एवं वेदव्यास परिसर, बलाहार, तथा विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालय यथा एस. डी. आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, हिमांचल आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, डी. के.एस.डी. आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, श्री माता वैष्णव देवी गुरुकुल, महर्षि वाल्मीकि संस्कृत महाविद्यालय, श्री भगवानदास संस्कृत महाविद्यालय ने भाग ग्रहण किया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 28-11-2024 को उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जम्मू के पुलिस आयुक्त श्री आनंद जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में लाल बहादुर राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पूर्व संकाय अध्यक्ष प्रो. कमला भारद्वाज एवं सारस्वत अतिथि के रूप में वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी उपस्थित थीं।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 29-11-2024 को रूपक महोत्सव का समापन समारोह सम्पन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जम्मू के उपायुक्त श्री शक्ति पाठक एवं विषिष्ट अतिथि के रूप में जम्मू उत्तर के विधायक श्री श्यामलाल शर्मा उपस्थित थे। इस समापन समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार का वितरण किया गया।

- दिनांक 05-12-2024 को श्री रणवीर परिसर में योगविज्ञान एवं समग्रस्वास्थ्यचर्या विद्याशाखा द्वारा "मानव जीवन में प्राकृतिक स्वास्थ्य की उपादेयता" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विशिष्ट व्याख्यान में व्याख्याता के रूप में प्रख्यात वैद्य श्री राजेश कपूर जी ने अपने व्याख्यान से परिसर को लाभान्वित किया।
- दिनांक 18-12-2024 को श्री रणवीर परिसर, जम्मू, सदाशिव परिसर, पूरी और इंडिया थिंक कौंसिल के संयुक्त तत्वावधान में " महाकुम्भ-2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात केंद्रित विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नीरजा गुप्ता, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, राजस्थान के माननीय कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित तथा अन्य विद्वत जनों ने महाकुम्भ - 2025 के आयोजन पर अपना महत्वपूर्ण वक्तव्य प्रस्तुत किया।
- दिनांक 11.01.2025 को परिसर में राज्यस्तरीय शास्त्री स्पर्धा का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में जम्मू उत्तरीय क्षेत्र के विधायक श्री शाम लाल शर्मा उपस्थित थे। विशिष्टातिथि के रूप में प्रो. रामकुमार शर्मा एवं सारस्वतातिथि के रूप में प्रो. विष्णुकान्त पाण्डेय उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र ने किया एवं संयोजकत्व डॉ. प्रमोद कुमार शुक्ल ने किया।
- दिनांक 12.01.2025 को परिसर में राज्यस्तरीय शास्त्री स्पर्धा के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में किश्तवाड की विधायक सुश्री सगुन परिहार उपस्थित थी। विशिष्टातिथि के रूप में प्रो. सूर्यमणि रथ एवं सारस्वतातिथि के रूप में प्रो. विष्णुकान्त पाण्डेय एवं रामकुमार शर्मा उपस्थित थे तथा सम्मानित के अतिथि के रूप में डॉ. रामदास शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र ने किया एवं संयोजकत्व डॉ. प्रमोद कुमार शुक्ल ने किया।
- दिनांक 13.01.2025 से 19.01.2025 तक परिसर में रघुवंश महाकाव्य पर एक सप्ताह का हेमन्तीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 30 छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्तर्गत सप्ताह के प्रत्येक दिवस में रघुवंश महाकाव्य पर व्याख्यान एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सतीश कुमार कपूर थे।

- दिनांक 26.01.2025 को परिसर में गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में प्रभारी निदेशक प्रो. ऋषि राज की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया।
- दिनांक 03.02.2025 को बसन्त पंचमी के उपलक्ष्य में परिसर में सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक 07.02.2025 को परिसर के वाणी विलास सभागार में भूमि जल प्रबन्धन एवं संरक्षण हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र की अध्यक्षता में परिसर के मुख्यद्वार से कोट-भलवाल ग्राम तक जागरुकता हेतु पैदल यात्रा मार्च किया गया। जिसमें समस्त कर्मचारी, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग ग्रहण किया।
- 15.02.2025 से 24.02.2025 तक श्री रणवीर परिसर एवं जम्मू कश्मीर राज्य संस्कृत भारती के संयुक्त तत्त्वावधान में विशेष प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इस वर्ग के उद्घाटन समारोह में मुख्यतिथि के रूप में राष्ट्रपति सम्मानित परिसर के पूर्व प्राचार्य प्रो. प्रियतम चन्द्र शास्त्री उपस्थित थे।विशिष्ट तिथि के रूप में संस्कृत भारती उत्तर क्षेत्र के संगण मंत्री श्री नरेन्द्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र ने की। समापन समारोह में मुख्यतिथि के रूप में शेर-ए-कश्मीर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.एन. त्रिपाठी उपस्थिति रहे।
- दिनांक 18.02.2025 को परिसर से 40 छात्रों को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुम्भ में भाग ग्रहण करने हेतु परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र ने जम्मू परिसर से रवाना किया।
- दिनांक 20 से 21 फरवरी 2025 को परिसर में कौशल निर्माण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दिनांक 20 फरवरी 2025 को किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकान्त पाण्डेय एवं विशिष्ट तिथि के रूप में जम्मू विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो. रामबहादुर शुक्ल उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र ने की तथा कार्यक्रम में प्राध्यापक, छात्र-छात्राओं सहित परिसर सह-निदेशक प्रो. सतीश कुमार कपूर उपस्थित थे।
- 01 से 07 मार्च 2025 तक परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत सप्त दिवसीय रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।
- दिनांक 05.03.2025 को परिसर में जम्मू क्षेत्र की एनडीआरएफ टीम द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष परिस्थितियों जैसे भूकम्प, अग्नि,जल प्रलय इत्यादि आपदाओं में स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- दिनांक 26.03.2025 को परिसर में मुख्यालय द्वारा निर्देशित छात्रावास दिवस का आयोजन किया गया।
- दिनांक 26.03.2025 को परिसर में भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों मोड़ में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें व्याकरण विषय पर परिसर निदेशक प्रो. श्रीधर मिश्र, शिक्षाशास्त्र विषय प्रो. जे.एन वालिया, वेद विषय पर डॉ. पूरनचन्द्र जोशी, साहित्य विषय पर प्रो. बलराम शुक्ल, ज्योतिष विषय पर डॉ. रामदास शर्मा एवं दर्शन विषय पर प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति ने विशिष्ट व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ हरिशंकर पाण्डेय ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ तेजनाथ पौडेल ने किया।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/ उत्तरित पत्रों की संख्या -

(i) प्रार्थना पत्र प्राप्त - 00

(ii) उत्तर प्रेषित - 00

4.2.4 गुरुवायूर परिसर, पुरनाट्टुकरा, तृश्शूर, केरल

1. परिचय:

केरल, भगवान का अपना देश, जो आदिशंकराचार्य के जन्म से पवित्र है, जगद्गुरु श्री शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत के दर्शन से प्रभावित होकर, जाति, रंग, लिंग और पंथ के भेदभाव के बिना रहने वाले स्थान के रूप में शिखर पर है। संस्कृतप्राणयभजनम् पी.टी. कुरियाकोस मास्टर ने 1909 में पावरट्टी में गुरुवायूर साहित्य दीपिका संस्कृत विद्यापीठ की शुरुआत की और 1934 में मद्रास विश्वविद्यालय के तहत यू.जी. और पी.जी. पाठ्यक्रम शुरू किए गए, जिसे बाद में 1972 में राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली ने ले लिया और इसे साहित्य दीपिका संस्कृत विद्यापीठ के रूप में फिर से नामित किया। 1979 में इसका नाम बदलकर गुरुवायूर केंद्रीय संस्कृत विद्यापीठ कर दिया गया और 1983 में इसे वर्तमान स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। पुरनाट्टुकरा में स्थित नए प्रशासनिक और शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन 16 अगस्त 1998 को तत्कालीन माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने किया था। राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान को बहुपरिसरीय मानित विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया और 7 मई 2002 को इस संस्थान का नाम बदलकर राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, गुरुवायूर कैंपस कर दिया गया। इसे 2020 वर्ष में संसदीय अधिनियम द्वारा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है।

2. परिसर का स्थान:

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
गुरुवायूर परिसर, पुराणट्टुकरा पोस्ट, त्रिशूर - 680551
केरल राज्य,भारत
टेलीफ़ोन: +91 487 2307208
टेली फैक्स: +91 087 2307608
ई-मेल: director-thrissur@csu.co.in
अन्तर्जाल: www.csu-guruvayoor.ed.in

3. परिसर की अवसंरचना

पुरानाट्टुकरा का मुख्य केंद्र, चौदह एकड़ के विस्तार के साथ एक सुंदर परिदृश्य पर स्थित है। इसमें मुख्य शैक्षणिक ब्लॉक, प्रशासनिक ब्लॉक, पुस्तकालय, लड़कों और लड़कियों के छात्रावास, गेस्ट हाउस, सभागार, खेल का मैदान, अर्ध कार्यात्मक भवन और कर्मचारी आवास शामिल हैं।

पी.टी. करभवन - का केंद्र 50 सेंट की भूमि पर स्थित है। इस केंद्र का नाम बदलकर दिया गया है।

कुरियाकोस स्मृति भवन- यह एक मंजिला इमारत है जिसमें दो बड़े हॉल, एक प्रशासनिक कक्ष और सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त दस क्लास रूम हैं।

पी.टी. में तीन महीने की अवधि की दीक्षा (गैर औपचारिक संस्कृत शिक्षा) और संस्कृत सीखने के पत्राचार पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। कुरियाकोस स्मृति भवन। यह पांडुलिपि संग्रह के केंद्र के रूप में भी कार्य कर रहा है।

4. मुख्य गतिविधियां:

पारंपरिक विषयों की पेशकश:

व्याकरण - प्राक्-शास्त्री से आचार्य तक
साहित्य - प्राक्-शास्त्री से आचार्य तक
दर्शन - केवल प्राक-शास्त्री पाठ्यक्रम में
वेदांत - शास्त्री से आचार्य तक
न्याय - शास्त्री से आचार्य तक
ज्योतिष - शास्त्री से आचार्य तक

प्रस्तावित आधुनिक विषय –

अनिवार्य पेपर: अंग्रेजी - प्राक-शास्त्री से शास्त्री तक
कम्प्यूटर विज्ञान - प्रका-शास्त्री से शास्त्री तक
पर्यावरण विज्ञान - शास्त्री तृतीय वर्ष में केवल
शारीरिक शिक्षा -सभी कक्षाएँ
आधुनिक विषयों की पेशकश
वैकल्पिक विषय
इतिहास- प्राक-शास्त्री से शास्त्री तक
अंग्रेजी साहित्य - केवल शास्त्री पाठ्यक्रम में।
मलयालम - प्राक-शास्त्री से शास्त्री तक,
हिंदी - प्राक-शास्त्री से शास्त्री तक, केवल शास्त्री तृतीय सत्र में अनिवार्य
कंप्यूटर विज्ञान - प्रका-शास्त्री से शास्त्री तक।
प्राक्शास्त्री- दो वर्षीय पाठ्यक्रम प्राक्शास्त्री
शास्त्री - तीन साल का कोर्स
आचार्य -दो साल का कोर्स
शिक्षा-शास्त्री - दो वर्षीय पाठ्यक्रम
एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आई.टी.ई.पी.) बी.ए., बी.एड.- चार वर्षीय पाठ्यक्रम (शैक्षिक वर्ष 2024-25 से प्रभावी)
विद्यावारिधि - न्यूनतम दो वर्ष से अधिकतम पांच वर्ष।
योग और आयुर्वेद साहित्य में डिप्लोमा- एक वर्ष का पाठ्यक्रम।
योगिक विज्ञान में पीजी डिप्लोमा - एक वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम
प्लस टू कोर्स - पावरट्टी सेंटर

5. प्रकाशन

परिसर में प्रकाशन की पुरातन परम्परा ही है, तथा अनेक पुस्तकों का प्रकाशन एवं ई-पुस्तक के रूप में अनावरण भी किया गया है।

6. उपलब्ध पाठ्यक्रम

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गुरुवायुर परिसर में अधोलिखित विभागों में प्राक्शास्त्री से विद्यावारिधि (12th–Ph.d) तक अध्ययन-अध्यापन होता है।

प्राक्-शास्त्री - दो वर्षीय पाठ्यक्रम

शास्त्री - तीन वर्षीय पाठ्यक्रम

आई.टी.ई.पी. - चार वर्षीय पाठ्यक्रम

आचार्य - दो वर्षीय पाठ्यक्रम

शिक्षा-शास्त्री - दो वर्षीय पाठ्यक्रम

एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटेप) बी.ए., बी.एड.- चार वर्षीय पाठ्यक्रम (शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से प्रभावी)

विद्यावारिधि - न्यूनतम दो वर्ष से अधिकतम पांच वर्ष।

योग और आयुर्वेद साहित्य में डिप्लोमा- एक वर्षीय पाठ्यक्रम।

योगिक विज्ञान में पी.जी. डिप्लोमा - एक वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम

परिसर द्वारा आयोजित संगोष्ठी/कार्यशाला/व्याख्यान और विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण:

क. आउट रीच कार्यक्रमों का विवरण

1. संस्कृतम् मेगा क्विज़ कार्यक्रम जिसमें विभिन्न विद्यालयों से 15000 छात्रों ने भाग लिया। इसका अंतिम स्तर परिसर सभागार में संपन्न हुआ I विजेताओं का पुरस्कार समर्पण भी संपन्न हुआ।
2. पालक्काड, अट्टपाडी में कैंपस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

7. परिसर द्वारा आयोजित संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/व्याख्यानों और विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण:

विश्वविद्यालय और परिसरों का NAAC दौरा अप्रैल 2023 में हुआ था और हम ग्रेड A++ से सम्मानित होने से बहुत खुश हैं। इसके बाद फरवरी 2024 में हमारे विश्वविद्यालय को यूजीसी आयोग के तहत वर्गीकृत स्वायत्तता श्रेणी-I प्रदान की गई है।

1. संस्कृत सप्ताह समारोह।
2. 21 दिवसीय भाषा सीखने की कार्यशाला।
3. शिक्षक दिवस मनाया।
4. केरल पिरवी दिवस मनाया।
5. साहित्य और कला दिवस मनाया।
6. सूत्रों का पाठ।
7. सूक्ष्म शिक्षण आयोजित किया गया।
8. स्थूल शिक्षण आयोजित किया गया।
9. 14वीं पी.टी. कुरियाकोस मास्टर मेमोरियल इंटरनेशनल लेक्चर 21.03.2025 को हमारे संस्थापक की 52वीं पुण्यतिथि पर आयोजित की गई।
10. 12.01.2025 को हमारे परिसर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।
11. 10.01.2025 को हिंदी विश्व दिवस का आयोजन किया गया।
12. कैंपस फैकल्टी द्वारा नेट/सेट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं और बी.एड. और पीएच.डी. कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए कोचिंग कक्षाएं आयोजित की गयी।
13. शिक्षाशास्त्र विभाग 10.08.2024 को "कला प्रदर्शन" पर कार्यशाला आयोजित की गई।
14. अंग्रेजी साहित्य विभाग द्वारा 19.08.2024 से 23.08.2024 तक "अंग्रेजी संचार में कौशल विकास" पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।
15. 03.2025 से 24.03.2025 तक अंग्रेजी पर संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।
17. 8-10 नवंबर 2024 को हमारे परिसर में क्षेत्रीय स्तर का अखिल भारतीय कला- संस्कृतिक –क्रीडा महोत्सव का आयोजन हुआ था। हमारे छात्रों ने साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार प्राप्त किए और क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कियाएवं प्रतियोगिताओं के वैयक्तिक पुरस्कार गुरुवायूर परिसर ने जीत लिया।
18. 7 दिसंबर 2024 को गुरुवायूर परिसर में क्षेत्रीय स्तर की नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई, हमारे परिसर ने पहला स्थान प्राप्त किया।

19. मार्च 2025 में भोपाल परिसर में आयोजित अखिल भारतीय नाटक प्रतियोगिता में हमारे परिसर के इक्कीस छात्रों ने भाग लिया, उन्हें तीसरा पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री और चार व्यक्तिगत पुरस्कार मिले।

20. हरिद्वार में आयोजित होनेवाले अखिल भारतीय भाषण प्रतियोगिता के लिए केरल राज्य के उम्मीदवारों का चयन कैंपस स्तर पर किया गया।

21. 21,22,23 मार्च 2025 को हरिद्वार में हुए अखिल भारतीय भाषण प्रतियोगिता में केरल राज्य की ओर से गुरुवायूर परिसर के 21 विभिन्न शात्रीय स्पर्द्धथाओं में भाग लिए.परिसर की छात्रा शुभश्री (बी.एड-1),) छात्र अभिजीत दास (बी.एड.-2), को पुरस्कार मिले।

22. व्यक्तिव विकास कक्षाएं आयोजित की गईं।

23. ज्योतिष विभाग द्वारा एक खगोलीय अवलोकन कार्यक्रम (आकाश अवलोकन) आयोजित किया गया।

24. परिसर में विश्वगणित दिवस का आयोजन किया गया।

25. जुलाई 2024 में हमारे कैंपस में प्री-पीए.चडी. कोर्स वर्क कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

27. हमारे परिसर की एन.एस.एस. समिति की पहल पर 1 से 15 सितंबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

28. 11, 12 अक्टूबर 2024 को खेल दिवस का आयोजन।

29. परिसर में 14 सितंबर से 30 सितंबर तक हिंदी पखवाडा का आयोजन किया गया। विभागीय कर्मचारियों, अध्यापक गण और विद्यार्थियों ने हिंदी पखवाड़ा की विभिन्न प्रतियोगिताएं में भाग लिया।

30. परिसर में 21,फरवरी 2025 को मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया। विभागीय कर्मचारियों, अध्यापक गण और विद्यार्थियों ने मातृभाषा दिवस में भाग लिया।

31. 77 वाँ स्वतंत्रता दिवस 15.08.2024 को पुरनाट्टुकरा और पावरट्टी परिसर में मनाया गया। गुरुवायूर परिसर निदेशक प्रोफ.के.के.शाइन ने पुरनाट्टुकारा में और प्रोफ. के. विश्वनाथन, पावरट्टी स्पेशल इन्चार्ज, ऑफिसर ने पावरट्टी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। माननीय कुलपति ने ऑनलाइन मोड में स्वंतत्रता दिवस संदेश दिया।

32 22.12.2024 को परिसर में उत्साह के साथ भगवत-गीता-जयंती पारायण का आयोजन किया गया।

34. 26.01.2025 को पुरनाट्टुकरा और पावरट्टी परिसर में गणतंत्र दिवस मनाया गया। निदेशक ने पुरनाट्टुकारा में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और प्रोफ.के. विश्वनाथन ने पावरट्टी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। माननीय कुलपति ने ऑनलाइन माध्यम से संदेश दिया।

35. 10 दिवसीय 'कारक 'कार्यशाला का आयोजन 27/01/2025 को बी.एड. विभाग द्वारा आयोजित किया गया।

36. 12 दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन 24 फरवरी से 7 मार्च बी.एड विभाग द्वारा आयोजित किया गया।

37. राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मालिन्य मुक्त केरलं, लहरी के विरुद्ध कार्यक्रम, स्वच्छता ड्राइव कार्यक्रम, नेत्र -कैंप,' एक पेड़ छात्र के नाम', एक पेड़ मां के नाम', वयोजन दिवस, वृद्धाश्रम का दौरा, वायानाडू भूस्खलन से पीड़ित लोगों के लिए राशि समाहरण, पर्यावरण दिवस आदि का आयोजन समयानुसार किया गया।

38. 24,मार्च 2025 को परिसर में 'छात्रावास दिवस' विभिन्न कार्यक्रमों के साथ धूम-धाम से मनाया गया।

39. 24 मार्च से 27 मार्च 2025 तक 4 दिवसीय अई.सी.टी. कार्यशाला का आयोजन किया गया।

44. सम्प्रति वार्ताः कार्यक्रम का आयोजन 26, 27 मार्च 2025 को आयोजित किया गया। लगभग 50 से अधिक विद्यार्थियाँ इसमें भाग लिए।

परिसर में आयोजित कार्यशालाएँ:

1. “MOOCS पाठ्यक्रम विकसित करने के विषय में” 14.10.2024 से 18.10.2024 तक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
2. राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के साथ संयुक्त सहयोग से पांडुलिपि विज्ञान और पुरालेख विज्ञान पर 15 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 01.03.2025 से 14.03.2025 तक आयोजित किया।
3. भारतीय इंजिनीयरिंग और संस्कृत (वास्तु शास्त्र) पर कार्यशाला 25.03.2025 से 28.03.2025 तक आयोजित किया।

पावरट्टी केंद्र में आयोजित कार्यशालाएँ

1. “भारतीय गणित” पर संकाय विकास कार्यक्रम 11.11.2024 से 18.03.2025 तक आयोजित।
2. “ध्वन्यालोक: " विषय पर कार्यशाला दिनांक 25.09.2024 से 27.09.2024 तक आयोजित।
3. राष्ट्रीय कार्यशाला कृष्णगीति और कृष्णनाट्टम पर - पाठ और मंच 26.03.2025 से 27.03.2025 तक आयोजित।
4. 5 मार्च से 10 मार्च 2025 तक कूडियाट्टम पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई।

नियुक्तियाँ (शैक्षणिक):

1. डॉ. बी. वेंकट लक्ष्मीनारायण, सहायक आचार्य को अगरतला परिसर से इस परिसर में स्थानांतरित किया गया।
2. डॉ. श्रुति के.बी., सहायक आचार्याको नासिक परिसर से इस परिसर में स्थानांतरित किया गया।
3. डॉ. पाणी प्रसाद, डॉ. कार्तिका उन्नित्तान, को नासिक परिसर से इस परिसर में अतिथि संकाय के रूप में स्थानांतरित किया गया।
4. डॉ. रूपेंद्र कुमार तिवारी, श्री नरसिंह गणेश भट, श्री पी.एस. अंगद, डॉ. आशा राजन, श्रीमती ग्रीष्मा एम. एस., डॉ. ग्रन्थी वी. लक्ष्मी कीर्तिसुधा, डॉ. जिजी वी. इस शैक्षणिक वर्ष में अतिथि संकाय के रूप में हमारे परिसर में शामिल हुए हैं।

पदोन्नति:

1. डॉ. उमेशचंद्र मिश्रा, सहाचार्य स्तर पर पदोन्नत हुए और 2024 में एकलव्य परिसर, अगरतला में स्थानांतरित हुए।

स्थानांतरण:

2. प्रो. श्रीगोविंदा पांडे, निदेशक का मई 2024 में नासिक परिसर में स्थानांतरण हो गया।
3. प्रो. के.के. शाइन ने मई 2024 में गुरुवयूर परिसर के निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला।
4. डॉ. उमेशचंद्र मिश्रा को सहाचार्य स्तर पर पदोन्नत किया गया और एकलव्य परिसर, अगरतला में स्थानांतरित कर दिया गया।
5. डॉ. विद्याधर प्रभला, सहायक आचार्य का नासिक परिसर में स्थानांतरण हो गया है।

सेवानिवृत्ति:

1. श्रीमती. विजयकुमारी, अनुभाग अधिकारी इस साल सेवा निवृत्त हुई।

‘सूचना का अधिकार’ अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/ उत्तरित पत्रों की संख्या -

प्राप्त किए	-	0
उत्तर दिया	-	0

4.2.5. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, जयपुर

1. परिचय

राजस्थान राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय स्व. श्री शिवचरण माथुर जी के अनुरोध पर पद्मश्री डॉ. मण्डन मिश्र पूर्वनिदेशक के सत्प्रयासों से राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली के प्रथम निदेशक प्रो. रामकरण शर्मा के द्वारा 13.05.1983 को परिसर ''केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ'' के नाम से स्थापित किया गया। कालान्तर में यह परिसर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। संसद द्वारा पारित अधिनियम से दिनांक 30 अप्रैल 2020 से यह परिसर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के नाम से जाना जाता है। परम्परागत शिक्षा के प्रचार-प्रसार, दुर्लभ पाण्डुलिपियों के संरक्षण, उनके प्रकाशन, संस्कृत-विद्या क्षेत्र में शोध-कार्यों के संवर्धन तथा शास्त्रज्ञान के साथ-साथ आधुनिक, लोकोपयोगी, नूतन विषयों के ज्ञान प्रदान के लिए प्रयासरत यह परिसर इस वर्ष अपनी स्थापना के 40 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण कर रहा है। सत्रारम्भ से सत्रावसान तक परिसर ने अनेक शैक्षिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। उत्कृष्ट शिक्षण, छात्र संख्या सौविध्य की दृष्टि से जयपुर परिसर अनेक सुप्रतिष्ठित संस्कृत विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में अग्रगण्य है।

2. परिसर का स्थान

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
जयपुर परिसर
त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बायपास-302018
दूरभाष – 0141-2761236
ई-मेलः Director-jaipur@csu.co.in
वेबसाइटः http://csu-jaipur.edu.in

3. परिसर की स्थिति

डॉ. सरोजिनी महिषी महोदया के उपाध्यक्ष काल में उनके सत्प्रयासों तथा भारत सरकार के द्वारा दी गई वित्तीय सहायता से राजस्थान की राजधानी जयपुर नगर में केन्द्रीय क्षेत्र त्रिवेणी नगर में 7.27 एकड़ भूखण्ड में 60 कमरों से युक्त संस्थान का यह विशाल भवन अध्यापन कक्षों, प्रशासन खण्ड, व्यायाम शाला, सुसज्जित सभागार, पुस्तकालय, परियोजना खण्ड, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, प्राकृत शोध-अध्ययन केन्द्र, स्वाध्याय केन्द्र, छात्र-छात्राओं के पृथक् पृथक् छात्रावास, आचार्य-कर्मचारी आवास, क्रीडांगण, बाग-बगीचे इत्यादि भौतिक सम्पदाओं से युक्त है। इस वर्ष भवन के नवीनीकरण, मरम्मत तथा नवीन सौन्दर्यीकरण जैसे कार्य भी किये गये हैं। छात्रों की संख्या में वृद्धि एवं गुणवत्ता संवर्धन के प्रयोजन से कम्प्यूटर प्रशिक्षण आदि नूतन अत्याधुनिक संगण प्रयोगशाला का निर्माण किया गया।

4. मुख्य गतिविधियाँ

- सत्र 2023-24 में दिनांक 26-27 अप्रैल 2023 को नैक निरीक्षण समिति द्वारा विश्वविद्यालय का आंतरिक गुणवत्ता एवं प्रत्यायन की दृष्टि से निरीक्षण किया गया तथा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को अत्यन्त गौरवास्पद 'A++' श्रेणी प्रदान की गई।
- जयपुर परिसर का बी.सी.सी. द्वारा भौतिक निरीक्षण करके तीन वर्षीय एल.एल.बी. (प्रतिष्ठा) पाठ्यक्रम चलाया जाने की अनुमति प्राप्त हो गई है। सत्र 2024-25 से विधिशास्त्र द्वारा यह पाठ्यक्रम (आई टैप) के

लिये (एन.सी.टी.ई.) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निरीक्षण करके अनुमति प्रदान की गई तथा सत्र 2024-25 से परिसर द्वारा चतुर्वर्षीय पाठ्यक्रम नियमित रूप से चलाया जाएगा।

सत्र 2023-24 में राशि रु. 34,49,50,276/- की लागत से नवनिर्मित बहूद्देशीय भवन सुसज्जित सभागार, अतिथि गृह, चार लिफ्ट, पार्किंग आदि सभी सुविधाओं से युक्त भवन में सुचारू रूप से कार्य प्रारम्भ किया गया है। नैक निरीक्षण की दृष्टि से सम्पूर्ण परिसर का सुशोभीकरण किया गया तथा नैक द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को 'A++' श्रेणी प्रदान की गई।

5. उपलब्ध पाठ्यक्रम

विद्यास्थानानि विद्याशाखाश्च | Schools & Departments

	प्रकोष्ठसङ्ख्या
वेदवेदाङ्ग-वैदिक-विज्ञानविद्यास्थानम् School of Veda-Vedanga & Vedic Sciences	
वेद-विद्याशाखा Department of Veda	16
व्याकरणशास्त्र-विद्याशाखा Department of Vyakarana Shastra	13
ज्योतिषशास्त्र-विद्याशाखा Department of Jyotisha Shastra	30
दर्शनविद्यास्थानम् School of Darshana	
दर्शनविद्याशाखा Department of Sarva-darshana	20
जैनदर्शन-एवं-प्राकृत-विद्याशाखा Department of Jain Darshan & Prakrit	18
शिक्षाशास्त्र-कौशलप्रशिक्षणविद्यास्थानम् School of Shikshashastra (Education) & Kaushal Prashikshan (Skilling)	
शिक्षाशास्त्रविद्याशाखा Department of Shikshashastra (Education)	113
शारीरिक-शिक्षा-एवं-खेल-विद्याशाखा Department of Physical Education and Sports	21
भाषासाहित्य-संस्कृति-विद्यास्थानम् School of Languages, Literature and Culture	
संस्कृतसाहित्यविद्याशाखा Department of Sanskrit Sahitya	128
आंग्लविद्याशाखा Department of English	30A
हिन्दीभाषाविद्याशाखा Department of Hindi Language	30A
शास्त्रीय-ज्ञानप्रणाली-विद्यास्थानम् School of Shastric Knowledge Systems	
धर्मशास्त्र विद्याशाखा Department of Dharmashastra	117

समकालिकज्ञानप्रणाली-मानविकी-विद्यास्थानम् School of Contemporary Knowledge Systems & Humanities	
सामाजिकविज्ञान विद्याशाखा Department of Social Sciences • राजनीतिविज्ञानम् Political Science • इतिहास History	30B
बहुविषयकविज्ञान-तकनीक-विद्यास्थानम् School of Multidisciplinary Sciences & Technology	
संगणकविज्ञानविद्याशाखा Department of Computer Sciences	122

6. परिसर द्वारा आयोजित संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/व्याख्यानों और गतिविधियों का संक्षिप्त विवरणः

क्र. सं.	दिनांक	कार्यक्रम का नाम	अतिथि/ वक्ता	अध्यक्ष	संयोजन
1.	02-06/04/2024	एकीकृतशिक्षकशिक्षाकार्यक्रम (ITEP) के लिये पाठ्यक्रम निर्माण कार्यशाला	प्रो. चान्दकिरण सलूजा	प्रो. वाई. एस्. रमेश	डॉ. रेखा पाण्डेय
2.	05-09/04/2024	पंचदिवसीय यौगिक अभ्यास एवं प्रस्तुति कार्यशाला	डॉ. रानी दाधीच	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. नवनीत कुमार
3.	15/04/2024	डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती	प्रो. सुधीर कुमार	प्रो. श्रीनिवास वरखेडी	मुख्यालय नई दिल्ली
4.	22/04/2024	परीक्षायाः प्रतीक्षायाम्	प्रो. श्रीनिवास वरखेडी	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	भोपाल परिसर
5.	23/04/2024	महावीर जयंती	प्रो. श्रीयांश कुमार सिंघई	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. श्रुति जैन
6.	14/08/2024	हर घर तिरंगा रैली	प्रो. वाई. एस्. रमेश	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा
7.	14-22/08/24 2024	संस्कृत सप्ताह	प्रो. वाई. एस्. रमेश	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. डम्बरूधरपति
8.	15/08/2024	ध्वजारोहण समारोह	प्रो. वाई.एस.रमेश	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा
9.	19/08/2024	श्रावणी पूजा	प्रो. वाई.एस.रमेश	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	वेद विद्याशाखा
10.	23/08/2024	राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस	प्रो. वाई.एस.रमेश	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. सीमा अग्रवाल
11.	29/08/2024	राष्ट्रीय खेल दिवस	डॉ. गजेन्द्र शर्मा	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा
12.	05/11/2024	ऑनलाइन संस्कृत ओलंपियाड 2024, परिणाम समारोह (आभासीय)	प्रो. मदनमोहनझा	प्रो. श्रीनिवासवरखेड़ी	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा
13.	14/11/2024	बिरसा मुण्डा जयंती	प्रो. धीरज जेफ्. श्री. राहुल राणा	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. सुभाष चन्द्र मीणा
14.	15/11/2024	जयपुर परिसर का ऑनलाइन दौरा	श्री एस.के. बर्णवाल	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	प्रो. वाई. एस्. रमेश
15.	11/12/2024	गीता जयंती	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. रानी दाधीच

16.	11/12/2024	भारतीय भाषा महोत्सव	परिसर के सभी प्राध्यपक	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. डम्बरूधरपति
17.	21-23/12/2024	व्याकरण विद्याशाखा के पाठ्यक्रमों की पुनरीक्षण कार्यशाला	प्रो. श्रीधर मिश्र प्रो. ब्रजभूषण ओझा प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी प्रो. मल्हार कुलकर्णी	प्रो. बोधकुमार झा	डॉ. किरण खींची
18.	22-28/12/2024	7 दिवसीय हेमन्तीय नाट्यलेखन प्रशिक्षण कार्यशाला	प्रो. रमाकांत पाण्डेय प्रो. शशिधर झा प्रो.सदाशिव द्विवेदी डॉ. निरंजन मिश्र प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी	प्रो. वाई. एस्. रमेश	प्रो. रामकुमार शर्मा
19.	28-29/12/2024	श्री अरविंदो के स्वरूप में जीवंत वेद पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन	प्रो. अभिराज राजेंद्र मिश्र श्री मकरंद परांजपे अनुराधा चौधरी डॉ. आलोक पांडे	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. डम्बरूधरपति
20.	26/01/2025	संविधान दिवस	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	प्रो. वाई. एस्. रमेश	डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा
21.	07-09/ 01/2025	काष्ठपुत्तलिका निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला	श्री रितिक पटेल (कठपुतली निर्माता)	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	श्री ब्रह्मानन्दप्रधान
22.	22-29/01/2025	एनईपी 2020 के बारे में जागरूकता	डॉ. प्रमोद कुमार बुटोलिया	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. डम्बरूधरपति
23.	27-31/01/2025	छन्दोलङ्कारकार्यशाला प्राध्यापक विकास केन्द्र	प्रो. रामकुमार शर्मा प्रो. सतीश कुमार कपूर डॉ. सी.एच्. नागराजु प्रो. काशीनाथ न्यौपाने	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा प्रो. बोधकुमार झा	डॉ. राकेश कुमार जैन
24.	03/02/2025	सरस्वती पूजन	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. सुधाकर पाण्डेय
25.	04/02/2025	सूर्य सप्तमी, 108 सूर्य नमस्कार	राज्यपाल हरिभाऊ बागडे	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. रेखा पाण्डेय
26.	06/02/2025	महिममयभारतम्	डॉ. कैलाश चन्द्र सैनी	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. डम्बरूधरपति
27.	14/02/2025	कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न रोकथाम कार्यक्रम	निधि खण्डेलवाल	प्रो. कृष्णा शर्मा	डॉ. रानी दाधीच
28.	19-21/02/2025	अनुसंधान में नवीन विचार	प्रो. चांदकिरण सलूजा आचार्य अरविन्द कुमार झा	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. प्रमोद कुमार बुटोलिया
29.	21/02/2025	मातृभाषा दिवस	प्रो. ईश्वर भट्ट	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. रानी दाधीच

30.	22-27/02/2025	अनुवाद कार्यशाला	प्रो. रामकुमार शर्मा डॉ. यज्ञदत्त शर्मा डॉ. सत्यदेव डॉ. अनूप पाण्डेय डॉ. जी नरसिंहलुः डॉ. प्रसाद भिडे	प्रो. वाई. एस्. रमेशः	डॉ. प्रमोद कुमार बुटोलिया
31.	25/02/2025	राजभाषा नीति एवं कार्यान्वयन	श्री जगदीश राम पौरी श्री मुकेश गेट	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. लोकेश कुमार गुप्ता
32.	28/02/2025	सौप्रस्थानिक श्री गिरिधर पोपली (अनुभाग अधिकारी)	श्री गिरिधर पोपली	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. लोकेश कुमार गुप्ता
33.	01-10/03/2025	10 दिवसीय योग कार्यशाला	डॉ. नवनीत कुमार	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. बलवीर सिंह मीना
34.	07/03/2025	अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस	राशि डोगरा, डीएसपी जयपुर	प्रो. कृष्णा शर्मा	डॉ. सीमा अग्रवाल
35.	07/03/2025	एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना केम्प	राशि डोगरा, डीएसपी जयपुर	प्रो. कृष्णा शर्मा	डॉ. सीमा अग्रवाल
36.	10-11/03 /2025	2 दिवसीय वार्षिक खेल दिवस	डॉ. गजेंद्र शर्मा	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. राजेंद्र शर्मा
37.	17-21/03/2025	कौशल ज्ञान और शिक्षण प्रभावशीलता बढ़ाने पर 5 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम कार्यशाला	प्रो. जितेंद्र श्रीवास्तव	प्रो. वाई. एस. रमेश	डॉ. रेखा कुमारी
38.	20-25/03/2025	6 दिवसीय संस्कृत प्रौद्योगिकी अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यशाला	डॉ. वेंकेट सुब्रमण्यम डॉ विश्वनाथ	प्रो. वाई. एस. रमेश	डॉ. मौनिका बोला
39.	22-28/03/2025	7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर	डॉ. एस्.पी. भटनागर	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. सीमा अग्रवाल
40.	23-27/03/2025	5 दिवसीय नाटक पटकथा लेखन कार्यशाला	प्रो. रामकुमार शर्मा प्रो. सूर्यमणिरथ प्रो. राघवेन्द्र भट्ट प्रो. रामलखनपाण्डेय प्रो. रामदेव साहू	प्रो. वाई. एस. रमेश	डॉ. आरती मीणा
41.	25-26/03/2025	भाषा से बाइड्स तक: संस्कृत भाषा और आधुनिक प्रौद्योगिकियों के संगम पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी	प्रो. गिरीश नाथ झा	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	श्री ब्रह्मानंद प्रधान
42.	30/03/2025	हिंदू कैलेंडर नव वर्ष के अवसर पर परिसर से रिद्धि सिद्धि चोराहा तक राष्ट्रीय सेवा योजना रैली	डॉ. एस्.पी. भटनागर	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. सीमा अग्रवाल डॉ. सुरेन्द्र कुमार जाखड

राष्ट्रीय सेवा योजना

जयपुर परिसर में सत्र 2024-25 में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 02 इकाइयों में कुल 200 स्वयं सेवकों का पंजीकरण किया गया। जिनमें 105 छात्र और 95 छात्राएँ हैं। भारत सरकार के युवा कल्याण एवं खेल मन्त्रालय के सहयोग से परिसर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सीमा अग्रवाल कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार जाखड़ के नेतृत्व में परिसर एवं परिसर के बाहर वृक्षारोपण, स्वच्छता, जनजागरुकता अभियान, रक्तदान आदि अनेक सेवाकार्य इस सत्र में किये गये।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/ उत्तरित पत्रों की संख्या -

प्रार्थना पत्र	- 09
उत्तर प्रेषित	- 09

4.2.6 केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर

1. परिसर परिचय

भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मन्त्रालय द्वारा पूर्णरूप से वित्त पोषित राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की शाखा के रूप में वर्ष 1986 में 'केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ' उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थापित हुआ। 07.05.2002 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान को मानित विश्वविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। तब से इसे राष्ट्रिय-संस्कृत-संस्थान 'लखनऊ परिसर' के रूप में जाना जाता रहा। शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा 30 अप्रैल, 2020 को संसद के अधिनियम द्वारा राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) 'केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय' के रूप में परिणत हुआ। आज लखनऊ परिसर न केवल भारत अपितु सम्पूर्ण विश्व में अपनी शैक्षणिक गतिविधियों के कारण प्रसिद्धि पा रहा है। इस संस्था को राष्ट्रिय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा वर्ष 2023 में A++ श्रेणी प्राप्त है। यहाँ संस्कृत के साथ-साथ पालि एवं प्राकृत के अध्ययन एवं अनुसन्धान भी समानन्तर हो रहे हैं। इस विश्वविद्यालय में वर्तमान कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी जी के शैक्षणिक एवं प्राशासनिक नेतृत्व में 2022 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का पूर्णतः क्रियान्वयन किया और आज उसका परिणाम सम्पूर्ण देश में देखने को मिलता है।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में प्राक् शास्त्री, शास्त्री, शिक्षाशास्त्री, आचार्य एवं विद्यावारिधि पर्यन्त शिक्षा की व्यवस्था है। यहाँ व्याकरणशास्त्र, साहित्य, ज्योतिष, वेद, बौद्धदर्शन, पालि तथा शिक्षाशास्त्र के साथ हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं संगणक आदि विषयों का अध्यापन होता है। लखनऊ परिसर में महिला एवं पुरुष अध्येताओं के लिए पृथक्-पृथक् छात्रावास की व्यवस्था है। प्राध्यापकों और कर्मचारियों हेतु कर्मचारी आवास भी परिसर में हैं, जिनमें कुछ आचार्य एवं कर्मचारी निवास करते हैं। यह परिसर 10 एकड़ भूमि में अवस्थित है। निदेशक कार्यालय, प्राशासनिक अनुभाग, लेखा अनुभाग, केन्द्रीय पुस्तकालय, विभागीय पुस्तकालय एवं शैक्षणिक प्रौद्यौगिकी प्रयोगशाला परिसर में सुसज्जित हैं। परिसर के शैक्षणिक एवं शिक्षा सम्बद्ध गतिविधियों के विस्तार के साथ नवीन भवनों के निर्माण हेतु प्रस्ताव शिक्षा मन्त्रालय में विचाराधीन है।

2. परिसर का स्थान

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर
विशाल खण्ड-4, गोमती नगर, लखनऊ (226010) उत्तर प्रदेश
फोन सं.- 9455543942, 0522-2393748,
ई-मेल- director-lucknow@csu.co.in
अन्तर्जाल- www.csu-lucknow.edu.in

संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में यह एक सुप्रतिष्ठित संस्था है तथा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमती नगर में विद्यमान है। वर्ष 2012 में संस्थान को राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा 'ए' श्रेणी से सुशोभित किया गया था, जिससे शैक्षणिक एवं शिक्षण सम्बद्ध गतिविधियों को विशेष बल मिला। यह परिसर शास्त्रीय विद्याओं के साथ-साथ प्राच्य भाषाओं के शिक्षण व अनुसन्धान का भी केन्द्र है। परिसर संस्कृत शास्त्रों के साथ-साथ पालि के शिक्षण, अनुसन्धान एवं संवर्धन के लिए कृत-संकल्प है। भारतीय संस्कृति का विकास, राष्ट्रीय एकता एवं सर्वधर्म-समन्वय आदि की दृष्टि से अवध क्षेत्र में इस तरह का परिसर होना अपने आप में एक विशिष्ट महत्त्व रखता है।

3. परिसर की अवसंरचना

यह परिसर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ (गोमती नगर) के विशाल खण्ड-4 में 10 एकड़ के भूखण्ड में गोमती नदी से पूरब दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। संयोगवश इस संस्थान के तीनों तरफ प्रशस्त मार्ग हैं। जबकि दो तरफ मुख्य मार्ग हैं। परिसर में 160 शायिका का पुरुष छात्रावास, 80 शायिका का महिला छात्रावास है। जिनमें छात्र-छात्राएँ रहकर विद्याध्ययनन करते हैं। छात्रावास में एक सहकारी परम्परागत भोजनालय है, जिसमें छात्र-छात्राओं के भोजन, जलपान आदि का प्रबन्ध छात्र-छात्राओं के द्वारा ही किया जाता है। शैक्षणिक भवन एवं छात्रावास आदि में निःशुल्क इण्टरनेट सुविधा भी उपलब्ध है।

4. मुख्य गतिविधियाँ

- पालि अध्ययन केन्द्र
- MOOC's-SWAYAM Centre तथा NPTEL Local Chapter IGNOU-Centre
- Placement Cell
- मुक्तस्वाध्यायपीठम्
- छात्रावास
- पुस्तकालय
- सङ्गणक प्रयोगशाला
- स्मार्ट कक्षः
- भाषा प्रयोगशाला
- मनोविज्ञान प्रयोगशाला
- राष्ट्रिय सेवा योजना
- मुक्ताकाशीय मञ्च
- विभागीय पुस्तकालय
- कार्मिक आवास
- व्यायामशाला
- क्रीडाङ्गनम्
- महिला प्रकोष्ठ

5. उपलब्ध पाठ्यक्रम

वेद, वेदांग एवं वैदिक विज्ञान विद्यास्थान

1. ज्योतिष
2. नव्यव्याकरण
3. वेद

दर्शन विद्यास्थान

1. बौद्ध दर्शन एवं पालि

भाषा, साहित्य एवं संस्कृति विद्यास्थान

1. संस्कृत साहित्य
2. आंग्ल भाषा
3. हिन्दी

यौगिकविज्ञान एवं समग्र स्वास्थ्य चर्या विद्यास्थान

1. योग
2. शारीरिक शिक्षा

समकालिक ज्ञानप्रणाली मानविकी विद्यास्थान

1. राजनीति विज्ञान
2. अर्थशास्त्र

बहुविषयक विज्ञान तकनीकी विद्यास्थान

1 . कम्प्यूटर विज्ञान

शिक्षाशास्त्र कौशल प्रशिक्षण विद्यास्थान

शिक्षा शास्त्र विद्याशाखा

6. प्रकाशन

परिसर से अनेक ग्रन्थ एव शोध पत्रिकाएँ प्रकाशित होती है जिनमें प्रमुख "आर्ष सूर्यसिद्धान्तः" "लघुभासकरीयम"; 'गोमती' पत्रिकादि।

7. परिसर द्वारा आयोजित संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/व्याख्यानों और विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण:

वार्षिक कार्यक्रम तथा गतिविधियाँ

(शैक्षणिक सत्र 2024-25)

1. दिनांक- 05 जून 2024 को परिसर में "विश्वपर्यावरण दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
2. दिनांक- 21 जून 2024 परिसर में दसवाँ "अन्तर्राष्ट्रिय योग दिवस" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 6:30 बजे पूर्वाह्न में योगाभ्यास एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।
3. दिनांक 01 जुलाई 2024 से 07 जुलाई 2024 तक पञ्चदिवसीय "संस्कृत बी-लॉग" कार्यशाला का आयोजन किया गया।
4. दिनांक 01 जुलाई 2024 से 15 जुलाई 2024 तक "दीक्षारम्भ" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता माननीय कुलपति जी ऑनलाइन माध्यम से किये। कार्यक्रम में परिसर के समस्त छात्र/छात्राएँ, प्राध्यापक, अधिकारी गण तथा कर्मचारी उपस्थिति रहे।
5. दिनांक 08 जुलाई 2024 से 18 जुलाई 2024 तक परिसर के बौद्धदर्शन एवं पालि विद्याशाखा के द्वारा "व्यावहारिक पालि व्याकरण शिक्षण" कार्यशाला का आयोजन किया गया।
6. दिनांक 01 अगस्त 2024 को परिसर में लोक शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजन किया गया।
7. दिनांक 08 अगस्त 2024 को "सरल मानक संस्कृत" विषयक विस्तार व्याख्यान कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो.लक्ष्मीनिवास पाण्डेय जी द्वारा किया गया।
8. दिनांक- 8 अगस्त 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे शिवार्चन एवं "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का आयोजन हुआ, कार्यक्रम के अध्यक्ष परिसर निदेशक प्रो.सर्वनारायण झा जी रहे।
9. दिनांक- 14-26 अगस्त 2024 तक परिसर में "संस्कृत सप्ताह" कार्यक्रम का आयोजन हुआ, कार्यक्रम के अध्यक्ष परिसर निदेशक प्रो.सर्वनारायण झा जी रहे।

10. दिनांक-15 अगस्त 2024 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में 78 वां "**स्वतंत्रता दिवस**" का आयोजन हुआ। जिसके अन्तर्गत परिसर निदेशक महोदय जी ने झण्डा रोहण कर अध्यक्षीय भाषण से परिसर को संबोधित किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्राध्यापक, कार्यालय कर्मचारी तथा छात्र उपस्थित रहे।

11. दिनांक 19 अगस्त 2024 को परिसर में "**व्याकरण साहित्य एवं ज्योतिषशास्त्र**" विषयक सत्रार्द्ध सभा का आयोजन किया गया। शास्त्रार्थ की विशेषता यह रही कि कार्यक्रम की अध्यक्षता, सञ्चालन एवं धन्यवाद ज्ञापन छात्रों द्वारा किया गया।

12. दिनांक 23 अगस्त 2024 को परिसर मे प्रथम "**राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस**" उत्साह समारोह कार्यक्रम परिसर के कक्ष संख्या- 32 में सम्पन्न की गयी।

13. दिनांक 29 अगस्त 2024 को परिसर में "**संस्कृत सप्ताह सम्पूर्ति**" समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर के निदेशक ने किया।

14. दिनांक- 04 से 19 सितम्बर 2024 तक "**स्वच्छता पखवाड़ा**" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसरीय निदेशक के द्वारा की गयी।

15. दिनांक 07 सितम्बर को परिसर में आयोजित "**गणेश चतुर्थी उत्सव**" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

16. दिनांक- 12 सितम्बर 2024 को परिसर में माननीय कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी तथा परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा के प्रकल्प को साकार करने हेतु परिसरीय के चयनित छात्रों ने एच.सी.एल. टेक कैरियर शेयर "**उद्योग समर्थित इन्टर्नशिप औरिएन्टेशन**" कार्यक्रम मे भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा के प्रचार-प्रसार में आधुनिक तकनीकी अत्यधिक आवश्यकता है।

17. दिनांक- 14-25 सितम्बर 2024 तक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में "**हिन्दी पखवाडा**" का आयोजन हुआ, जिसके अन्तर्गत हिन्दी राजभाषा के विषय में महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गई। तथा हिन्दी भाषा के प्रचार के लिए विभिन्न कार्यक्रम तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों तथा कार्यालय कर्मचारियों ने भाग लिया।

18. दिनांक 24 सितम्बर 2024 को परिसर मे "**एन.एस.एस स्थापना दिवस**" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

19. दिनांक 27 सितम्बर 2024 को "**स्वच्छता पखवाडा**" के अन्तर्गत नारी सशक्तिकरण विशिष्ट व्याख्यान कक्ष संख्या- 45 में शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा की अध्यक्ष प्रो. अवनीश अग्रवाल ने व्याख्यान दिया।

20. दिनांक 27 सितम्बर 2024 को परिसर में "**साइबर सुरक्षा जागरुकता**" कार्यक्रम का आयोजन किया। उक्त अन्तर्गत "**नारी सशक्तिकरण**" विशिष्ट व्याख्यान कक्ष संख्या- 45 में शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा की अध्यक्ष प्रो. अवनीश अग्रवाल ने व्याख्यान दिया।

22. "**जनजातीय गौरव दिवस**" दिनांक- 15 नवम्बर 2024 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में बिरसा मुण्डा महापुरुष की जयन्ती, हिन्दी पखवाडा, सर्तकता जगरुकता कार्यक्रम के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस का उत्सव मनाया गया।

23. '**संविधान दिवस**' दिनांक- 26 नवम्बर 2024 केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में 'संविधान दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

24. 'भारतीय भाषा उत्सव' दिनांक- 11 दिसम्बर 2024 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अन्तर्गत भारतीय भाषा उत्सव प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा जी रहे।

25. दिनांक 20 दिसम्बर 2024 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में "फिट इण्डिया" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

26. दिनांक 2-6 दिसम्बर 2024 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में "गीता-जयन्ती" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष परिसर के निदेशक प्रो.सर्वनारायण झा जी रहे।

27. 4 एवं 5 जनवरी 2025 परिसर में "राज्यस्तरीयस्पर्धाः" का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत भाषणस्पर्धाः, शलाकापरीक्षा, कण्ठपाठ, समस्यापूर्तिः, अक्षरश्लोकी इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

28. 03 फरवरी 2025 को परिसर में स्थित "सरस्वती मन्दिर में पूजन" कार्यक्रम का आयोजन जिसमें परिसर के छात्र/छात्राओं, प्राध्यापकों, कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग ग्रहण किया।

29. 25 फरवरी 2025 को "राष्ट्रिययुवदिवस के उपलक्ष्य में मातृभाषा" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

30. 24 फरवरी 01 मार्च 2025 "लघुपराशरीय" कार्यशाला का आयोजन किया गया।

31. 01 से 07 मार्च 2025 को परिसर में आयोजित "लीलावतीकार्यशाला" कार्यशाला कार्यक्रम परिसरीय निदेशक की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ।

32. दिनांक 17 मार्च 2025 को परिसर में आयोजित भारतीय वास्तुशास्त्रम्, शिक्षाशास्त्रम्, संस्कृतानुवादपरम्परा एवं ब्राह्मणग्रन्थानुशीलनम् पर छात्रों को सम्बोधित किया।

33. 22 से 23 मार्च 2025 परिसर में वार्षिकोत्सवः का आयोजन तथा 23 मार्च को "अन्ताराष्ट्रीयमहिला-सशक्तिकरण" एवं "जलदिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

34. 25 से 28 मार्च 2025 को परिसर मे ऑनलाइन माध्यम से "भारतीयज्ञानपरम्परा विशिष्टव्याख्यानमाला" का आयोजन किया गया।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/ उत्तरित पत्रों की संख्या -

प्रार्थनापत्र प्राप्त - 00

उत्तर प्रेषित - 00

4.2.7 राजीव गाँधी परिसर मेनसे, श्रृंगेरी (कर्नाटक)

1. परिचय

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान) ने कर्नाटक के श्रृंगेरी में श्री राजीव गांधी परिसर की स्थापना की। इस पवित्र स्थान पर परिसर की स्थापना का निर्णय विश्वविद्यालय प्राधिकारियों द्वारा सही ढंग से लिया गया और इस परिसर का उद्घाटन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम आर. वेंकटरमण ने 13 जनवरी 1992 के शुभ दिन दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी श्री शारदापीठ के जगद्गुरु श्री श्री श्री भारती तीर्थ महास्वामीजी के दिव्य आशीर्वाद एवं उपस्थिति से किया।

शास्त्र अध्ययन को बढ़ाने के लिए, परिसर में मीमांसा, वेदांत, व्याकरण, साहित्य, ज्योतिष, शिक्षा शास्त्र, वेदभाष्य, न्याय विभाग हैं।

विश्वविद्यालय ने श्रृंगेरी में परिसर के विकास के लिए कर्नाटक सरकार से 10.2 एकड़ ज़मीन का अधिग्रहण किया है। परिसर का प्रशासनिक-सह-शैक्षणिक खंड 163 लाख रुपये की लागत से पूरा होकर सीपीडब्ल्यूडी को सौंप दिया गया है। दूसरे चरण के निर्माण कार्यों में लड़कों और लड़कियों के लिए दो छात्रावास, क्वार्टर और अतिथि गृह शामिल हैं, जिनका निर्माण 417 लाख रुपये की लागत से पूरा हुआ है। 2015 के दौरान, 9.00 करोड़ रुपये के बजट से शैक्षणिक और प्रशासनिक भवन और दोनों छात्रावासों का विस्तार किया गया। अब एक नया शैक्षणिक और प्रशासनिक खंड निर्माणाधीन है, जिसके लिए पहले चरण में 23 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

वर्तमान में, यह परिसर प्राक्-शास्त्री, शास्त्री, आचार्य, शिक्षा-शास्त्री और विद्यावारिधि पाठ्यक्रम प्रदान करता है जो क्रमशः इंटरमीडिएट, बी.ए., एम.ए., बी.एड., और पी.एच.डी. के समकक्ष हैं और विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। यह विश्वविद्यालय भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ का सदस्य भी है।

इन पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त, परिसर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक विषयों की एक श्रृंखला भी प्रदान करता है, जैसे कि इतिहास, अंग्रेजी, कन्नड़, हिंदी, संगणक विज्ञान, योग और पर्यावरण शिक्षा शामिल है।

2. परिसर का स्थान

राजीव गांधी परिसर
मेनसे, भारती नगर पोस्ट,
श्रृंगेरी - 577 139 कर्नाटक राज्य, भारत
टेलीफ़ोन: +91 8265 250258
टेली फैक्स: +91 8265 251763
ई-मेल: director-sringeri@csu.co.in
अन्तर्जाल: www.csu-sringeri.edu.in

3. परिसर की अवसंरचना

विश्वविद्यालय ने श्रृंगेरी में परिसर के विकास के लिए कर्नाटक सरकार से 10.2 एकड़ भूमि अधिग्रहित की है। परिसर का प्रशासनिक-सह-शैक्षणिक खंड 163 लाख रुपये की लागत से पूरा होकर सीपीडब्ल्यूडी को सौंप दिया गया है। दूसरे चरण के निर्माण कार्यों में 417 लाख रुपये की लागत से लड़कों और लड़कियों के लिए दो छात्रावास, क्वार्टर और अतिथि गृह का निर्माण पूरा हो गया है। 2015 के दौरान, 9.00 करोड़ रुपये के बजट से शैक्षणिक और प्रशासनिक भवन और दोनों छात्रावासों का विस्तार किया गया। अब एक नए शैक्षणिक और प्रशासनिक खंड का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके लिए पहले चरण में 23 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

4. मुख्यगतिविधियाँ

परिसर में मीमांसा, वेदांत, व्याकरण, साहित्य, ज्योतिष, शिक्षा शास्त्र, वेदभाष्य और न्याय विभाग हैं। वर्तमान में परिसर में प्राक्-शास्त्री, शास्त्री, आचार्य, शिक्षा-शास्त्री और विद्यावारिधि पाठ्यक्रम संचालित होते हैं जो क्रमशः इंटरमीडिएट, बी.ए., एम.ए., बी.एड. और पीएच.डी. के समकक्ष हैं और विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। विश्वविद्यालय भारतीय विश्वविद्यालय संघ का सदस्य भी है। इन पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त, परिसर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इतिहास, अंग्रेजी, कन्नड़, हिंदी, कंप्यूटर शिक्षा, योग और पर्यावरण शिक्षा जैसे आधुनिक विषयों की भी पेशकश करता है।

5. प्रकाशन

परिसर ने "जगदगुरु विजयम", "विवेचिनि", "प्रमाण समीक्षा" सहित कई उल्लेखनीय रचनाएँ प्रकाशित की हैं। इसके अतिरिक्त भारती, शारदा और वाक्यार्थ भारती पत्रिका नियमित रूप से प्रकाशित होती है।

6. उपलब्धपाठ्यक्रम

यह परिसर निम्नलिखित संकायों और विभागों के तहत विभिन्न पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

1. वेद-वेदांग और वैदिक विज्ञान संकाय (School of Veda-Vedanga & Vedic Sciences)
   - वेदभाष्यम्
   - फलित एवं सिद्धांत ज्योतिषम्
   - व्याकरणम्
2. दर्शन संकाय
   - अद्वैत वेदान्त
   - न्याय
   - मीमांसा
3. भाषा, साहित्य और संस्कृति संकाय
   - साहित्य
4. योग विज्ञान और समग्र स्वास्थ्य पद्धतियाँ संकाय

   योग और समग्र स्वास्थ्य से संबंधित पाठ्यक्रम।
5. आधुनिक विषय (Modern Subjects)

   छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए उपलब्ध विषय-
   - हिंदी
   - कन्नड़
   - अंग्रेजी
   - इतिहास
   - कंप्यूटर विज्ञान
   - पर्यावरण शिक्षा
6. शिक्षा विभाग

7. परिसर के द्वारा आयोजित संगोष्ठी, कार्यशाला तथा व्याख्यानमाला

1. सत्रारंभ पूजा

18/06/2024 को शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर, श्री राजीव गांधी परिसर में श्री शारदाम्बा के चरणों की पूजा भक्तिपूर्वक की गई। परिसर के सभी सदस्य उपस्थित थे। परिसर के निदेशक प्रो. हंसधर झा ने उद्घाटन भाषण दिया। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. सूर्यनारायण भट ने किया।

2. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का समारोह श्री राजीव गांधी परिसर में 21/06/2024 को परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। परिसर के मुक्त

स्वाध्याय पीठ के डॉ. गोपाल कृष्ण हँगरी ने योग के महत्व पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. रामचन्द्रुल बालाजी ने किया।

3. सेवानिवृत्ति समारोह

श्री राजीव गांधी परिसर में 28-06-2024 को प्रो. सी.एस.एस. नरसिंह मूर्ति का सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। परिसर के निदेशक और अन्य सदस्यों ने प्रो. सी.एस.एस. नरसिंह मूर्ति को सम्मान और सभी के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की थी।

4. स्वतंत्रता दिवस समारोह

15-08-2024 को श्री राजीव गांधी परिसर, श्रृंगेरी के प्रांगण में 78वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा ने तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के बाद, शिक्षकों और छात्रों द्वारा भाषण, गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. विनय कुमार कोमपेल्ली ने किया।

5. संस्कृतोत्सव

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, 20/08/2024 से 27/08/2024 तक श्री राजीव गांधी परिसर में संस्कृत उत्सव का आयोजन किया गया।

6. राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर में 23/08/2024 को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान, प्रो. के.ए. पद्मनाभन ने अंतरिक्ष के महत्व पर और डॉ. ब्रजेश पाठक ने भारत की कालातीत उपलब्धि चंद्रयान-3 पर व्याख्यान दिया। परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा ने छात्रों और प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. नारायण वैद्य ने किया।

7. शिक्षक दिवस समारोह

परंपरा के अनुसार, 5/9/2024 को परिसर में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। इसमें, सरकारी हाई स्कूल, श्रृंगेरी के संस्कृत शिक्षक श्री श्रीश अतिथि के रूप में आए और छात्रों को गुरु के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर के सह-निदेशक ने की। इस अवसर पर छात्रों ने अपने गुरुजनों को गौरवसमर्पण किया और उन का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अरविंद कुमार सोमदत्त और डॉ. उमामहेश्वर राव ने किया।

8. हिंदी दिवस समारोह

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, परिसर निदेशक के मार्गदर्शन में 23/09/2024 को श्री राजीव गांधी परिसर में हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। इसमें, एस.एस.एच.एस. बसरीकट्टे के हिंदी शिक्षक आर. भानु प्रकाश मुख्य अतिथि थे और उन्होंने छात्रों को हिंदी साहित्य के बारे में जानकारी दी। इसी तरह, डॉ. धनुर्धर झा (परमाणु ऊर्जा कनिष्ठ महाविद्यालय, मुंबई से) अतिथि के रूप में (ऑनलाइन) आए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिसर निदेशक ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. दयानिधि शर्मा ने किया।

9. संस्कृत ओलंपियाड

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर ने श्रृंगेरी के स्कूल और कॉलेज के छात्रों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि जगाने के लिए एक आभासी रस प्रश्न कार्यक्रम (Virtual Rasa Prashna

program) का आयोजन किया। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. हरिप्रसाद के और संस्कृत ओलंपियाड समिति के सदस्यों ने किया।

10. स्वच्छता ही सेवा

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, परिसर निदेशक के मार्गदर्शन में 1/10/2024 को श्री राजीव गांधी परिसर में, स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत परिसर के शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों ने सेवा भावना के साथ परिसर के अंदर और बाहर सफाई की।

11. शारदा पूजा

प्रत्येक वर्ष की तरह, इस वर्ष भी 14/10/2024 को ज्ञान की देवी शारदा परमेश्वरी की पूजा परिसर के सह-निदेशक प्रो. चंद्रकांत के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। परिसर के संकाय सदस्यों और छात्रों की भागीदारी के साथ, प्रो. गणेश ईश्वर भट्ट और श्री आदर्श विनायक भट्ट ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

12. सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर और सरकारी डिग्री कॉलेज, मेनसे के संयुक्त तत्वावधान में श्री राजीव गांधी परिसर में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन सार्थक रूप से किया गया। परिसर के कंप्यूटर शिक्षक डॉ. शशिधर के.वी. ने छात्रों को साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया से संबंधित मुद्दों पर संबोधित किया। परिसर निदेशक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सोशल मीडिया के महत्व पर जोर दिया।

13. कन्नड़ राजोत्सव

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री राजीव गांधी परिसर, श्रृंगेरी और कार्मिक मित्र बलग, श्रृंगेरी ने संयुक्त रूप से 22/11/2024 को सुदुघा हॉल में कन्नड़ राजोत्सव का समापन समारोह आयोजित किया। श्री जनार्दन मंदगारु अतिथि के रूप में उपस्थित थे। परिसर के निदेशक प्रो. हंसधर झा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। दोपहर में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

14. जनजातीय गौरव दिवस

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर में 26/11/2024 को परिसर निदेशक की अध्यक्षता में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इसी व्यवस्था के तहत, भारत के संविधान के उद्देश्यों के अनुरूप शपथ ग्रहण के साथ संविधान दिवस कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

15. भारतीय शिक्षा दिवस

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर में 11/11/2024 को भारतीय शिक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिसर निदेशक ने भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री मौलाना अब्दुल कलाम के शैक्षिक योगदान के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. रामचन्द्रुल बालाजी ने किया।

16. कार्तिक दीपोंत्सव

कार्तिक मास के अवसर पर, 20/11/2024 को छात्रों ने परिसर निदेशक के मार्गदर्शन में सुदुघा हॉल में एक संस्कृत दीपोंत्सव का आयोजन किया। सभी शिक्षक वहाँ उपस्थित थे। छात्रों ने उत्साहपूर्वक देवताओं की पूजा की, भजन गाए और स्तोत्र का पाठ किया।

17. गीता जयंती समारोह

परिसर में 11/12/2024 को गीता जयंती समारोह आयोजित किया गया। इसमें, श्री राजीव गांधी परिसर, श्रृंगेरी के शिक्षकों और छात्रों ने श्रीमद्भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय का पाठ किया। परिसर के निदेशक प्रो. हंसधर झा ने छात्रों को भगवद्गीता के महत्व पर संबोधित किया। छात्रों ने भगवान कृष्ण की पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया।

18. फिट इंडिया वीक-2024

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, स्वास्थ्य, शारीरिक फिटनेस और मानसिक शांति को बढ़ावा देने के लिए श्री राजीव गांधी परिसर में 18/12/2024 से 21/12/2024 तक फिट इंडिया वीक-2024 नामक चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें योग, शारीरिक खेल और स्वास्थ्य पर व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. वेंकटरमण भट्ट ने समिति के सदस्यों के साथ किया।

19. एक पेड़ माँ के नाम अभियान

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर में 21/12/2024 को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कई छात्रों ने अपनी माँ के नाम पर वृक्षारोपण किया। छात्रों ने लगाए गए वृक्ष की देखभाल और उसे बड़ा करने की जिम्मेदारी ली। परिसर निदेशक ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

20. सुशासन दिवस

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को चिह्नित करने के लिए श्री राजीव गांधी परिसर में 24/12/2024 को सुशासन दिवस मनाया गया। इस संदर्भ में, डॉ. दयानिधि शर्मा ने छात्रों को सुशासन की विशेषताओं और महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. नारायण वैद्य ने किया।

21. राष्ट्रीय गणित दिवस

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर में 23/12/2024 को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। वहाँ, उडुपी पूर्ण प्रज्ञा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ए.पी. भट्ट अतिथि के रूप में आए और भारतीय गणित पर अपना वक्तव्य दिया। परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए छात्रों को संबोधित किया। सभी शिक्षकों और छात्रों ने भाग लिया और भारतीय गणित के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. रामानंद भट्ट ने किया।

22. मातृभाषा दिवस समारोह

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा की अध्यक्षता में श्री राजीव गांधी परिसर के सुदुघा हॉल में 21/02/2024 को मातृभाषा दिवस मनाया गया। वहाँ, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री राजीव गांधी परिसर के पूर्व निदेशक प्रो. सी.एस.एस. नरसिंह मूर्ति ने अतिथि के रूप में छात्रों को संबोधित किया। विभिन्न राज्यों के परिसर के छात्रों ने अपनी-अपनी मातृभाषाओं में कविताएँ, गीत और भाषण प्रस्तुत किए। सभी विद्याशाखा सदस्यों और छात्रों ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

23. गणतंत्र दिवस समारोह

परिसर में 26/01/2025 को छियासठवाँ (76वाँ) गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस शुभ अवसर पर, परिसर के निदेशक प्रो. हंसधर झा ने सुबह 08:30 बजे ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम परिसर के सभागार 'सुदुघा' में परिसर निदेशक की अध्यक्षता और गणतंत्र दिवस समिति के समन्वयक प्रो. रामचन्द्रुल बालाजी की उपस्थिति में आयोजित

किया गया। परिसर के शिक्षकों, छात्रों और अन्य कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सभा के दौरान छात्रों ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविता पाठ और नृत्य प्रस्तुत किए। शिक्षकों ने भी भाषण दिए और गीत गाए। सभा के अध्यक्ष, परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर संबोधित किया और लोगों से संविधान के मूल्यों का पालन करने का आग्रह किया। शिक्षक के संबोधन ने परिसर के छात्रों को देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। वाग्वर्धिनी परिषद के छात्रों, कार्यादर्शियों और अन्य ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया।

24. राष्ट्रीय युवा दिवस और युवा सप्ताह कार्यक्रम

राष्ट्रीय युवा दिवस और युवा सप्ताह कार्यक्रम परिसर में 20/01/2025 से 24/1/2025 तक आयोजित किया गया। विशेष रूप से, 22/1/2025 को परिसर के छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। 23/1/2025 को परिसर निदेशक की अध्यक्षता में समापन समारोह आयोजित किया गया। वहाँ, श्री सुधीर एच.एम. अतिथि के रूप में आए और छात्रों को संबोधित किया। इसके भाग के रूप में, छात्रों और शिक्षकों ने अपनी क्षमतानुसार धन दान करके "युवा निधि" धन उगाही कार्यक्रम में योगदान दिया।

25. स्तोत्र त्रिवेणी कार्यक्रम

जगद्गुरु शंकराचार्य श्री भारतीतीर्थ महास्वामी जी के स्वर्ण संन्यास महोत्सव के अवसर पर श्रीमठ में स्तोत्र त्रिवेणी अर्पित करने के कार्यक्रम में, दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी शारदा पीठ के प्रमुखों के नेतृत्व में, परिसर के आचार्य प्रो. चंद्रकांत और डॉ. रामचंद्र एच.डी. के मार्गदर्शन में, परिसर के छात्रों ने स्तोत्र पाठकर्ता और कार्यकर्ता के रूप में भाग लिया।

26. अखंड रामचरितमानस पारायण

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री राजीव गांधी परिसर में 22, 23-02-2025 को अखंड रामचरितमानस पारायण का आयोजन किया गया। वहाँ छात्रों ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ रामचरितमानस का पाठ किया। शिक्षकों ने भी पाठ में भाग लिया। छात्रों ने भगवान श्री राम की पूजा की और उनके प्रति अपनी भक्ति अर्पित की। डॉ. दुर्गा शरण रथ ने छात्रों को धर्म पर संबोधित किया।

27. अष्टाध्यायी पारायणम

27-02-2025 को महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रयोग होने वाले अष्टाध्यायी सूत्रों के पाठ का कार्यक्रम श्री राजीव गांधी परिसर में आयोजित किया गया। व्याकरण विभाग के शिक्षकों और छात्रों ने पाठ में भाग लिया।

28 अखंड रामायण पारायणम

प्रत्येक वर्ष की तरह, इस वर्ष भी 4/4/2024 से 6/4/2024 तक परिसर में श्रीमद् बाल्मीकि रामायण का पाठ परिसर के निदेशक, प्रोफेसरों और छात्रों की भक्तिपूर्ण भागीदारी के साथ आयोजित किया गया। पाठ के अंत में श्री रामचंद्र जी की पूजा और एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम छात्र कल्याण परिषद की ओर से किया गया।

29. राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम

श्री राजीव गांधी परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्रों के लाभ के लिए जल शक्ति अभियान, तंबाकू निषेध दिवस आदि जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

30. भूतपूर्व छात्र संघ कार्यक्रम

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री राजीव गांधी परिसर के भूतपूर्व छात्र संघ द्वारा इस वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार, अखंड रामचरितमानस पारायण और अखंड वाल्मीकि रामायण पारायण में वित्तीय सहायता प्रदान करके छात्र संघ के सदस्यों को धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर दिया गया।

31. कुंभ मेला

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर के 45 छात्रों ने 10/02/2025 से 20/2/2025 तक डॉ. निरंजन भट्ट और विद्वान् ब्रह्मभट्ट नचिकेता संजय कुमार के मार्गदर्शन में प्रयागराज में आयोजित पूर्ण कुंभ मेले में कार्यकर्ता के रूप में भाग लिया।

32. काशी तमिल संगमम

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर के 5 छात्रों ने परिसर के सह-निदेशक प्रो. चंद्रकांत के मार्गदर्शन में, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित "काशी तमिल संगमम" में भाग लिया।

कार्यशालाओं/संगोष्ठियों का विवरण

1. ग्रीष्मकालीन शास्त्र शिविर कार्यक्रम

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति के संकल्प के अनुसार, श्री राजीव गांधी परिसर में 20/05/2024 से 19/06/2024 तक अखिल भारतीय एक माह का आवासीय शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अद्वैत ब्रह्म सिद्धि नामक ग्रंथ पर आधारित इस शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग में महामहोपाध्याय प्रो. मणि द्रविड़ शास्त्री सहित पंद्रह से अधिक विद्वान वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित किया। पच्चीस से अधिक छात्रों ने इस प्रशिक्षण वर्ग में भाग लिया और लाभ उठाया। परिसर निदेशक ने छात्रों को शास्त्र के अर्थ पर मनन करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. गणेश ईश्वर भट्ट के समन्वय में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

2. व्याकरण संगोष्ठी

परिसर के पूर्व निदेशक प्रो. सी.एस.एस. नरसिंह मूर्ति की सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति के अवसर पर, श्री राजीव गांधी परिसर में 26/6/2024 से 28/6/2024 तक व्याकरण विभाग द्वारा धातु-आख्यार्थ विचार विषय पर एक तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दस से अधिक विद्वानों ने संगोष्ठी में भाग लेकर इसकी शोभा बढ़ाई। संगोष्ठी का आयोजन परिसर निदेशक के मार्गदर्शन और डॉ. प्रमोद भट्ट के समन्वय में किया गया।

3. करियर मार्गदर्शन और जीवन विज़न कार्यशाला

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर ने छात्रों के लाभ के लिए धी अकादमी बैंगलोर के सहयोग से 10, 11/7/2024 को करियर मार्गदर्शन और जीवन विज़न पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। धी अकादमी बैंगलोर की श्रीमती काव्य अनंता ने छात्रों के साथ बातचीत की। इसी प्रकार, धी अकादमी बैंगलोर के श्री विनय महाभाग ने प्रतियोगी परीक्षाओं की पूर्णता पर छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिसर निदेशक ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। डॉ. सूर्यनारायण भट्ट और डॉ. राघवेंद्र पी. अरोली ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

4. शीतकालीन कार्यशाला

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर में 06/1/2025 से 12/1/2025 तक कौटिल्य के अर्थशास्त्र पर एक सप्ताह की कार्यशाला और चिंतन सत्र आयोजित किया गया। प्रो. एच.वी. नागराज, प्रो. टी.वी. सत्यानारायण जैसे अनेक विद्वानों ने छात्रों को कौटिल्य के अर्थशास्त्र का शिक्षण दिया। 34 छात्रों ने इससे लाभ उठाया। कार्यशाला का सफल संचालन परिसर निदेशक के निर्देशन में, प्रो. हरिप्रसाद और डॉ. वेंकटरमण भट्ट के समन्वय में किया गया।

5. एनईपी-2020 कार्यशाला

विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार संरचित पाठ्यक्रम को समझने के लिए परिसर संकाय के लिए श्री राजीव गांधी परिसर में 20/1/2025 से 24/1/2025 तक एक कार्यशाला आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला से लाभ उठाया। प्रो. सूर्यनारायण भट्ट ने कार्यशाला का समन्वय किया।

6. अनुवाद कार्यशाला

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर में “भारतीय भाषाओं में अनुवाद” पर एक पाँच दिवसीय कार्यशाला (27.01.2025 से 31.01.2025) आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन 27.01.2025 को शाम 04:00 बजे हुआ। उद्घाटन सत्र में परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा ने कार्यशाला का उद्घाटन किया और मुख्य भाषण दिया। सह-निदेशक प्रो. चंद्रकांत ने प्रतिभागियों और अनुवादकों को संबोधित किया। परिसर निदेशक की उपस्थिति में कार्यशाला का समापन हुआ। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम सभी शिक्षुता कार्यक्रम के दौरान अनुवाद कार्य के लिए अपने परिसर के छात्रों को ठीक से प्रशिक्षित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। छात्रों को विभिन्न ग्रंथों का अनुवाद करने में योग्यता हासिल करनी चाहिए और अनुवाद के क्षेत्र में, विशेष रूप से संस्कृत से भारतीय भाषाओं में, कई ग्रंथों का अनुवाद करना चाहिए। उन्होंने अनुवाद के क्षेत्र में उद्योग के अवसरों को खोजने की भी उम्मीद जताई। इस कार्यशाला के प्रतिभागियों ने हिंदी, कन्नड़ और तेलुगु से संस्कृत में अनुवाद किया। डॉ. नारायण वैद्य ने कार्यशाला का समन्वय किया।

7. ज्योतिष शास्त्रीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री राजीव गांधी परिसर में 20-02-2025 को प्रो. हंसधर झा के समन्वय में ज्योतिष पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रो. ईश्वर भट्ट ने उद्घाटनकर्ता के रूप में संगोष्ठी में भाग लिया। परिसर के निदेशक प्रो. हंसधर झा ने समारोह की अध्यक्षता की और अपने विचार प्रस्तुत किए।

8. राष्ट्रीय कार्यशाला

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, श्री राजीव गांधी परिसर के निदेशक प्रो. हंसधर झा के निर्देशन में भारतीय दर्शन के सिद्धांतों में सार्वजनिक वैज्ञानिक सिद्धांतों का अवलोकन विषय पर भारतीय दर्शन अध्ययन एवं अनुसंधान केंद्र ने 28/03/2025 से 6/03/2025 तक एक सप्ताह की राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के दौरान कई विद्वानों ने छात्रों को संबोधित किया। चालीस से अधिक व्युत्पन्न छात्रों ने कार्यशाला में भाग लिया और लाभ उठाया। कार्यशाला का सफल संचालन परिसर निदेशक की अध्यक्षता में, प्रो. नवीन होल्ला के समन्वय और कार्यशाला समिति के सदस्यों के सहयोग से किया गया।

9. साहित्य शास्त्रीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा के मार्गदर्शन में साहित्य विभाग ने काव्य के भौगोलिक आधारित अध्ययन पर एक पाँच दिवसीय कार्यशाला (17/03/2025 से 21/03/2025) का आयोजन किया। इस कार्यशाला का समन्वय प्रो. राघवेंद्र भट्ट के समन्वय में डॉ. श्रीनिवास मूर्ति और डॉ. उमामहेश्वर राव द्वारा किया गया।

10. दर्शन शास्त्रीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा के मार्गदर्शन में भारतीय दर्शन अध्ययन एवं अनुसंधान केंद्र ने दर्शन में प्रत्यक्ष की चर्चा पर एक राष्ट्रीय विद्वत् संगोष्ठी का आयोजन 21/03/2025 से 23/03/2025 तक किया। पंद्रह से अधिक विद्वानों ने प्रत्यक्ष पर शोध प्रस्तुतियों के साथ विद्वत् संगोष्ठी की शोभा बढ़ाई। इसी क्रम में, परिसर के विद्वानों ने विद्वत् संगोष्ठियों में भाग लेकर और शास्त्रों पर चिंतन करके छात्रों को शास्त्रों का अर्थ समझने में मदद की। विद्वत् संगोष्ठी का सफल संचालन निदेशक की अध्यक्षता में, प्रो. नवीन होल्ला के समन्वय और विद्वत् गोष्ठी समिति के सदस्यों के सहयोग से किया गया।

11. व्याकरण शास्त्रीय राष्ट्रीय कार्यशाला

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा के मार्गदर्शन में 10/03/2025 से 12/03/2025 तक महाभाष्य में 'समर्थाह्निकम' विषय पर पठन (लाइन रीडिंग) पर एक तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। व्याकरण विभाग के समन्वयक प्रो. चंद्रशेखर भट ने समिति के सदस्यों के साथ मिलकर कार्यशाला का सुचारू रूप से संचालन किया।

12. लघु कथा लेखन पर राष्ट्रीय कार्यशाला

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा के मार्गदर्शन में 29, 30/03/2025 को लघु कथा लेखन और पठन पर एक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। वहाँ, डॉ. एच.आर. विश्वास जैसे संस्कृत भाषा के विद्वानों के ज्ञानवर्धक उद्बोधन से प्रतिभागी संतुष्ट हुए। कार्यशाला का समन्वय डॉ. नारायण वैद्य ने किया

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/ उत्तरित पत्रों की संख्या -

प्राप्त - 00

जवाब दिया - 00

4.2.8 वेदव्यास परिसर, बलाहर, कांगडा, हिमाचल प्रदेश

1. परिचय

शिक्षा-मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भारत का एकमात्र बहु-परिसरीय संस्कृत विश्वविद्यालय है। इसका एक परिसर हिमाचलप्रदेश के कांगडा जिले में बलाहर गांव में वेदव्यास परिसर के नाम से संचालित है। परिसर की स्थापना दिनांक 16.09.1997 को केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ के नाम से भारत के प्रथम धरोहर ग्राम गरली में हुई थी। वर्ष 2002 में यह परिसर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित-विश्वविद्यालय) गरली के नाम से प्रचलित हुआ। दिनांक 28.01.2012 से यह परिसर बलाहर ग्राम में 13.26 करोड रुपये की लागत से अपने नव-निर्मित भवन में संचालित हुआ। 30 अप्रैल, 2020 को इस विश्वविद्यालय को संसद अधिनियम के द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में परिवर्तित होने का गौरव प्राप्त हुआ।

वेदव्यास-परिसर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के स्वप्न एवं लक्ष्य को वास्तविकता में परिणत करने में सतत प्रगतिशील है। परिसर का लक्ष्य एवं उद्देश्य संस्कृत भाषा एवं उसकी विविध शास्त्रीय परम्पराओं का परिरक्षण एवं संवर्धन करना है। परिसर में वर्ष 1997 से व्याकरण, ज्योतिष, साहित्य विषयों में प्राक्शास्त्री, शास्त्री तथा आचार्य पाठ्यक्रमों को संचालित किया जा रहा है। उपर्युक्त विषयों में विद्यावारिधि (पीएच.डी.) उपाधि के लिए शोध भी प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त संगणकविज्ञान, पर्यावरण, हिन्दी, अंग्रेजी एवं इतिहास आदि आधुनिक विषयों को भी स्नातक स्तर तक पढाया जाता है। यह उल्लेखनीय है कि एक ग्रामीण क्षेत्र में संचालित होने के कारण परिसर के विकास एवं संस्कृत भाषा के प्रचार हेतु यहां अधिक सम्भावनाएं हैं। हिमाचल-प्रदेश के लोग अत्यन्त विनम्र एवं उदार प्रकृति के होते हैं तथा धार्मिक परम्पराओं एवं भारतीय संस्कृति में अखण्ड श्रद्धा तथा विश्वास रखते हैं। यह परिसर समीपस्थ जन समुदायों को संस्कृत से जोडने के लिए प्रयासरत है। इस दिशा में परिसर के छात्रों एवं अध्यापकों का योगदान उल्लेखनीय है।

2. परिसर का स्थान

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
वेदव्यास परिसर
बलाहर, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 177108
टेलीफ़ैक्स- 01970-245409
इमेल- directorbalahar@csu.co.in
अन्तर्जाल-www.csu-blahar.edu.in

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर, हिमाचल-प्रदेश के कांगडा जिले में देहरा तहसील के पास बलाहर नामक एक लघु ग्राम में व्यासनदी के तट पर अवस्थित है। इस परिसर के निकटवर्ती क्षेत्रों में प्रसिद्ध देवी-देवताओं के मन्दिर यथा कालीनाथकालेश्वर महादेव, माता श्री ज्वालामुखी मन्दिर, माता श्री बगलामुखी मन्दिर, माता श्री चिन्तपूर्णी मन्दिर, माता श्री वज्रेश्वरी मन्दिर, माता श्री चामुण्डा मन्दिर, माता श्री नैनादेवी मन्दिर आदि अवस्थित है।

3. परिसर की अवसंरचना

परिसर में छात्रों के लिए निम्नलिखित सुविधाएं हैं।

1. बालक-छात्रावास
2. बालिका-छात्रावास
3. व्यायाम एवं योग-केन्द्र

4. भाषा प्रयोगशाला
5. मनोविज्ञान प्रयोगशाला
6. ज्योतिष विज्ञान प्रयोगशाला
7. आई. सी. टी. कम्प्यूटर प्रयोगशाला (इन्टरनेट सुविधा)
8. स्मार्ट कक्ष
9. क्रीडा स्थल
10. नाटक आदि हेतु प्रेक्षागृह
11. छात्रों के लिए छात्रवृत्ति
12. परिसर का कार्यक्षेत्र भारत के विभिन्न राज्यों में स्थित विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के राष्ट्रिय स्तर के कार्यक्रमों में भाग लेकर अपने छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने हेतु समुचित अवसर उपलब्ध कराना है।

4. मुख्यगतिविधियाँ

- डॉ. सरोजिनी महिषी महिला अध्ययन अनुसंधान केंद्र - केंद्र का उद्देश्य महिलाओं, नारीवाद, लिंग और कामुकता से संबंधित मुद्दों पर शिक्षण, अनुसंधान, दस्तावेज़ीकरण और प्रकाशन, प्रशिक्षण और परामर्श को बढ़ावा देना है, जिसका उद्देश्य महिलाओं का समर्थन करना है। समाज के सभी वर्गों को अपनी आंतरिक क्षमताओं को समझने और अधिक लिंग-न्यायपूर्ण समाज बनाने की आवश्यकता है। समाज में महिलाओं की भूमिकाओं और महिलाओं के जीवन और स्थिति को प्रभावित करने वाले रुझानों के बारे में ज्ञान विकसित करने, बढ़ावा देने और प्रसारित करने के लिए, केंद्र का लक्ष्य है:

1. महिलाओं और विकास के संबंध में प्राथमिक और व्यावहारिक अनुसंधान करना, प्रयास करना और प्रोत्साहित करना।
2. शैक्षणिक संस्थानों, जमीनी स्तर के संगठनों के साथ-साथ अनुसंधान, वकालत और संबंधित गतिविधियों में लगे व्यक्तियों के साथ सहयोग करना।
3. ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना और सहायता करना।
4. समाज के सभी स्तरों पर महिलाओं की पूर्ण और प्रभावी भागीदारी के लिए सामाजिक परिवर्तन में तेजी लाने के उद्देश्य से सेमिनार, सम्मेलन जैसी गतिविधियाँ चलाना।
5. शिक्षण
6. नए प्रवेशित छात्रों के लिये संस्कृत सम्भाषण शिविर

5. प्रकाशन

परिसर अनेक ग्रन्थों एवं पत्रिकाओं का प्रकाशन करता है जिनमें यू.जी.सी केयर लिस्ट में “वेद विपाशा” सम्मिलित है। तथा अन्य पत्रिकाएं भी प्रकाशित करता है।

6. उपलब्ध पाठ्यक्रम

परिसर में अधोलिखित विभागों में प्राक्शास्त्री से विद्यावारिधि (12^{th} – Ph.d) तक अध्ययन-अध्यापन होता है परिसर में निम्नलिखित नियमित पाठ्यक्रम परिचालित हैं।

1. व्याकरण
2. ज्योतिष

3. साहित्य
4. अद्वैत वेदान्त दर्शन (01.07.2011)
5. शिक्षाशास्त्री (वर्ष 2011)
6. कर्मकाण्ड एवं पौरोहित्य पी. जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम (जून, 2023)
7. यौगिक विज्ञान पी. जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम (जून, 2023)

7. परिसर में आयोजित संगोष्ठी, कार्यशाला तथा व्याख्यानमाला –

विद्याभारती संस्था के साथ MoU

परिसर में दिनांक 04.04.2024 को छात्रों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में विद्या भारती संस्था के MoU का आयोजन किया गया, जिसमें विद्या भारती विद्यालय संगठन के पदाधिकारी तथा मुख्यालय के प्रतिनिधियों ने इस MoU के मसौदे पर हस्ताक्षर किये। इसमें परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी अध्यक्ष एवं डॉ. मुकेश शर्मा संयोजक के रूप में उपस्थित रहे।

नवसंवत्सर कार्यक्रम

परिसर में दिनांक 09.04.2024 को नवसंवत्सर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. शीशराम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती

परिसर में दिनांक 15.04.2024 को डॉ. भीवराव अम्बेडकर जयन्ती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. शीशराम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे।

परीक्षा की प्रतीक्षा कार्यक्रम

परिसर में दिनांक 22.04.2024 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय ने परीक्षा की प्रतीक्षा के विषय में परिसरीय छात्रों के साथ ऑनलाइन माध्यम से चर्चा की।

रक्तदान शिबिर

परिसर में दिनांक 15.05.2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्त्वावधान में संगणक अध्यापक श्री अमिल वालिया के संयोजकत्व में रक्तदान शिबिर का आयोजन किया गया, जिसमें परिसर की स्वयं सेवक इकाई द्वारा 35 यूनिट रक्तदान किया गया।

प्रकाशन विभाग की संगोष्ठी

दिनांक 13.06.2024 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रकाशन विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें परिसर के निदेशक सहित 43 सदस्यों संगोष्ठी में उपस्थित रहे।

अन्तराष्ट्रीय योग दिवस

परिसर में दिनांक 21.06.2024 को अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सर्वपरिरसीय आयोजन वेदव्यास परिसर में भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी महोदय तथा मुख्यातिथि के रूप में माननीय मुकुल कानिटकर महोदय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों के लगभग 250 छात्र-छात्राएँ एवं मार्गदर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी तथा संयोजन डॉ. पुरुषोत्तम ने किया।

दीक्षारम्भ कार्यक्रम

दिनांक 02.07.2024 को माननीय कुलपति महोदय जी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से दीक्षारम्भ कार्यक्रम का शंखनाद किया गया। वेदव्यास परिसर के सभी छात्र भरतमण्डप में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।

संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम

दिनांक 14.08.2024 से 20.08.2024 तक परिसर में संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलपति महोदय के संरक्षण में आयोजित किया गया। इस क्रम में दिनांक 14.08.2024 को परिसर में संस्कृत सप्ताह के उद्घाटन समारोह में डिग्री कॉलेज, हरिपुर जिला कांगड़ा के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार पराशर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी एवं संयोजन डॉ. सत्यदेव ने किया। इस सप्ताह के दौरान चारों ओर विद्यमान विविध संस्थाओं में संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए विविध प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के स्थानीय लगभग 20 विद्यालयों के छात्रों ने प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। इस कार्यक्रम के समापन सत्र में दिनांक 20.08.2024 को ज्वाहर लाल नेहरु, विश्वविद्यालय के प्रो. संतोष कुमार शुक्ल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संस्कृत की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में विशिष्टातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निदेशक श्री पुष्पेन्द्र ठाकुर ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

स्वतन्त्रता दिवस

दिनांक 15.08.2024 को परिसर में भारत के 78वें स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें परिसरीय निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुये देश के गौरव गाथा को छात्रों के सामने रखा। इस अवसर पर परिसर के छात्र, प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

टांकरी लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला

दिनांक 31.08.2024 से 06.09.2024 तक वेदव्यास परिसर में टांकरी लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षक के रूप में प्रो. अनिर्वाण दास उपस्थित थे साथ ही प्रो. जतीन्द्र मोहन मिश्र ने भी बहुमूल्य समय देकर प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की इसके संयोजक डॉ. यज्ञदत्त शर्मा थे।

शिक्षक दिवस

दिनांक 05.09.2024 को वेदव्यास परिसर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया इसमें मुख्यातिथि के रूप में वन उप-मण्डलाधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। इस अवसर पर परिसर के छात्रों ने सभी अध्यापकों को तिलक लगाकर उपहार प्रदान करते हुए अभिनन्दन किया।

वेदान्त की राष्ट्रीय संगोष्ठी

दिनांक 09.09.2024 को वेदव्यास परिसर के वेदान्त विद्याशाखा ने राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जिसका विषय उपनिषत्सु वर्णितानाम्आख्यानानां दार्शनिकसिद्धान्तानाम् आधुनिकयुगे उपादेयता था। इसमें मुख्यातिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. के.बी. सुब्बारायुडु उपस्थित रहे। इसकी अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की इस संगोष्ठी के समनव्यक वेदान्त विद्याशाखा के संयोजक प्रो. मंजुनाथ एस. जि. थे।

वृक्षारोपण कार्यक्रम

दिनांक 10.09.2024 से वेदव्यास परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम शुरू हुआ यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान से सम्पन्न हुआ। इसका ध्येय वाक्य था एक पेड़ मां के नाम यह कार्यक्रम परिसर निदेशक प्रो. सत्यम

कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इसके संयोजक साहित्य विद्याशाखा के सहायकाचार्य डॉ. योगेश पाण्डेय थे। परिसर के ८०० छात्रों ने वृक्षारोपण करके हरित क्रांति लाने में महनीय योगदान रहा।

हिन्दी-पखवाड़ा

दिनांक 13.09.2024 से दिनांक 27.09.2024 तक वेदव्यास परिसर में हिन्दी-पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। इसके संयोजक आधुनिक विद्याशाखा के सहायकाचार्य डॉ ओमप्रकाश साहनी थे। इस कार्यक्रम के दौरान परिसर में सभी वर्गों के छात्रों के लिए विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समापन के समय विजयी छात्रों को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया।

परिसर स्थापना दिवस

दिनांक 16.09.2024 को वेदव्यास परिसर में परिसर स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर परिसर के छात्रों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। इस अवसर पर परिसर के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहें।

स्वच्छता-पखवाड़ा

दिनांक 17.09.2024 से 02.10.2024 तक वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से स्वच्छता-पखवाड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इसके समन्वयक साहित्य विद्याशाखा के सहायकाचार्य श्री पंकज थे। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के 200 स्वयं सेवियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

दिनांक 24.09.2024 को वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में उप-मण्डलाधिकारी देहरा श्रीमती शिल्पी बेक्टा उपस्थित रहे। मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. स्नेहलता भारद्वाज ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा सभी अभ्यागतों को मंत्र मुग्ध किया यह कार्यक्रम परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इसके संयोजक श्री पंकजवालिया थे।

गांधी जयन्ती

02.10.2024 दिनांक को वेदव्यास परिसर में गांधी जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता परिसर के निदेशक महोदया प्रो. सत्यम कुमारी ने की इस अवसर पर परिसर के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहें।

संस्कृत ग्राम विकास प्रशिक्षण कार्यशाला

दिनांक 12.10.2024 से 13.10.2024 तक वेदव्यास परिसर में मसोट गाँव को संस्कृत ग्राम बनाने के उद्देश्य से एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न स्थानों के विद्वानो व शोधार्थियों ने भाग ग्रहण किया इस कार्यशाला की अध्यक्षता परिसर के निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की यह कार्यशाला डॉ पुरुषोत्तम के संयोजकत्व में सम्पन्न हुई।

भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी

19,20 अक्टूबर 2024 को वेदव्यास परिसर मे ठाकुर राम सिंह ऐतिहासिक शोध संस्थान, नेरी, हमीरपुर के संयुक्त तत्वावधान में द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया इसका विषय – भारतीय ज्ञान परम्परा में हिमाचल का योगदान था। यह कार्यक्रम परिसर निदेशक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ इसके संयोजक शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा के आचार्य

डॉ. मुकेश कुमार थे इस अवसर पर डॉ. चेत राम, प्रो. पी.वी. सुब्रह्मण्यम, डॉ. किस्मतकुमार, डॉ. कर्म सिंह आदि विद्वानों ने अपने विचार रखे।

साहित्य विद्याशाखा की व्याख्यान माला 24.10.2024 दिनांक को वेदव्यास परिसर में साहित्य विद्याशाखा की ओर से व्याख्यान माला आयोजित की गई। इसका विषय – नव्यन्यायस्य साहित्यशास्त्रे अनुप्रयोगः था। इसमे मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नीरज शर्मा, सहायकाचार्य शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, देवेन्द्र नगर मध्य प्रदेश से उपस्थित थे। इस अवसर पर साहित्य विद्याशाखा के सभी आचार्य व छात्रों नें व्याख्यान माला का मान बढ़ाया।

संविधान दिवस

26.11.2024 दिनांक को वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता परिस की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। इस अवसर पर परिसर के सभी प्राध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे।

विश्व एडस सप्ताह-

दिनांक 01.12.2024 से 07.12.2024 तक वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय एडस सप्ताह के अवसर पर जागरुकता अभियान चलाया गया इससे परिसर के 1000 छात्र लाभान्वित हुए।

गीता जयन्ती

दिनांक 11.12.2024 को वेदव्यास परिसर के वाला त्रिपुर सुन्दरी माता के मन्दिर में अखण्ड गीता पाठ का आयोजन किया गया इस अवसर पर महिला छात्रावास की सभी छात्राएं मार्गदर्शिकाओं सहित उपस्थित रहे इस कार्यक्रम की प्रेरक परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी रही।

स्वास्थ्य परामर्श कार्यक्रम

दिनांक 18.12.2024 को वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं श्री सत्य सांई मुरलीधर आयुर्वेदिक महाविद्यालय पंजाब के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिससे परिसर के 450 सदस्य लाभान्वित हुए।

प्रमाण मीमांसा विषय में व्याख्यान

दिनांक 15.01.2025 को वेदव्यास परिसर में साहित्य विद्याशाखा एवं भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ. बिपिन बिहारी दुबे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। इस अवसर पर साहित्य विद्याशाखा के सभी प्राध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे।

युवा दिवस

दिनांक 12.01.2025 को वेदव्यास परिसर में युवा दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से सम्पन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। इसमे मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. शीशराम उपस्थित रहे, उन्होंने स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन चरित पर प्रकाश डाला। इसके संयोजक श्री पंकज सहायकाचार्य साहित्य विद्याशाखा थे। विशेष सहयोगी के रूप में श्रीमती अंजु गोस्वामी ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

क्रीडा प्रशिक्षण कार्यक्रम

दिनांक 21.01.2025 को वेदव्यास परिसर में विश्वविद्यालय क्रीडा उत्कृष्ट केन्द्र की ओर से क्रीडा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। इसमें श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग, श्री रणवीर परिसर जम्मू एवं वेदव्यास परिसर बलाहर के 90 छात्र उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 दिन का था इसके उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. अशोक चन्द्र

गौड़ ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। यह कार्यक्रम डॉ. संजय कुमार के संयोजकत्व में सम्पन्न हुआ।

गणतन्त्र दिवस

दिनांक 26.01.2025 को वेदव्यास परिसर में गणतन्त्र दिवस के अवसर पर ध्वाजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम परिसर निदेशक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इसके संयोजक डॉ. संजय कुमार थे। इस अवसर पर छात्रों ने देश भक्ति से सम्बन्धित अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा की छात्र संगोष्ठी

दिनांक 27.01.2025 को वेदव्यास परिसर में शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा में छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास था। इसमें शिक्षाशास्त्र द्वितीय वर्ष के छात्रों ने शोध पत्र वाचन किया।

अखिल भारतीय शलाका परीक्षा

दिनांक 01-02 मार्च 2025 को संस्कृत भारती एवं जयराम आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली में अखिल भारतीय शलाका स्पर्धा का आयोजन किया गया जहाँ पर परिसर के छात्रा प्रिया कौण्डल ने साहित्य शलाका में तृतीय स्थान एवं व्याकरण शलाका में हरीष शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा

दिनांक 21.03.2025 को हरिद्वार में आयोजित अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा में वेदव्यास परिसर के तीन छात्रों ने पुरस्कार प्राप्त किए। जिसमे धर्म शास्त्र भाषण में दिव्याश्री मिश्र ने प्रथम पुरस्कार, साहित्य शलाका में प्रीति ने द्वितीय पुरस्कार तथा ज्योतिष शलाका में ओंकार शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों के संतोष जनक प्रदर्शन से प्रसन्न हो करके परिसर निदेशक ने सभी विजयी छात्रों को शुभकामनाए प्रदान कीं।

राष्ट्रीय एकता शिविर

दिनांक 21-27 मार्च 2025 तक राष्ट्रीय सेवा योजना का एकता शिविर कृषि विश्वविद्यालय हिसार हरियाणा में आयोजित हुआ जिसमें वेदव्यास परिसर के छात्र अभिषेक शर्मा ने हिमाचल का प्रतिनिधित्व किया।

सप्त सिंधु संवाद

दिनांक 05.03.2025 से 07.03.2025 तक वेदव्यास परिसर, बलाहर एवं हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के संयुक्त तत्वावधान में त्रि-दिवसीय सप्त सिंधु संवाद आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में अनेक विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इसके संयोजक डॉ. योगेश पाण्डेय रहे। इसकी अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/ उत्तरित पत्रों की संख्या -

प्राप्त – 29

उत्तर - 29

4.2.9 केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,भोपाल परिसर, भोपाल, (मध्य प्रदेश)

1. परिचय

भोपाल एक ऐसा शहर है जो प्राचीन काल से ही प्राकृतिक, बौद्धिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक और राजनीतिक सम्पदा की दृष्टि से समृद्ध रहा है। इसलिए भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मन्त्रालय ने भोपाल में भोपाल परिसर की स्थापना हेतु स्थापना आदेश क्रमांक- Sanskrit-1-section dated 31st March, 2002 जारी किया। सरकार के इस आदेश के क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रिय संस्कृत स्सथान, नई दिल्ली ने पत्र क्रमांक - 37021/2002-admin/1108 कार्यालय आदेश क्रमांक 107/ दिनांक 05.06.2002 के अनुसार प्राचार्य एवं अन्य विभाग आदि उपलब्ध कराने के पश्चात् दिनांक 01 जुलाई, 2002 से भोपाल परिसर का शुभारम्भ किया गया। भोपाल परिसर का औपचारिक उद्घाटन दिनांक 16 सितम्बर, 2002 को म.प्र. के तत्कालीन राज्यपाल माननीय भाई महावीर जी द्वारा प्रो. वेम्पटी कुटुम्ब शास्त्री, तत्कालीन कुलपति, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली की उपस्थिति में घोषित किया गया था। परिसर के संस्थापक प्राचार्य, आचार्य आजाद मिश्र और संस्कृत जगत के अन्य प्रतिष्ठित विद्वानों ने इस परिसर के निर्माण की आधारशिला रखी। उसके बाद तत्कालीन मुख्यमन्त्री माननीय श्री दिग्विजय सिंह ने 27.02.2003 को आवंटित भूमि पर इस परिसर भवन का शिलान्यास किया। परिसर में साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, जैन दर्शन, दर्शन और शिक्षा सहित विभिन्न विषयों के 06 विभाग चल रहे हैं। इनके साथ ही अंग्रेजी, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, इतिहास और कंप्यूटर जैसे आधुनिक विषयों की भी शिक्षा दी जाती है। प्रस्तावित पाठ्यक्रमों में प्राक् शास्त्री, शास्त्री, आचार्य, शिक्षाशास्त्र, शिक्षा आचार्य, ज्योतिष में सर्टिफिकेट कोर्स (त्रैमासिक), वास्तु शास्त्र में डिप्लोमा, नाट्यशास्त्र में डिप्लोमा, कर्मकाण्ड और पौरोहित्य में डिप्लोमा और संस्कृत ज्ञान की विभिन्न शाखाओं में विद्यावारिधि (पीएच.डी.) शामिल हैं। शारीरिक शिक्षा के प्रशिक्षण के लिए छात्रों को खेल के मैदान के साथ एक आधुनिक व्यायामशाला भी प्रदान की गई है। मुक्त स्वाध्याय पीठ संस्कृत सीखने के इच्छुक लोगों को संस्कृत शिक्षा प्रदान करने के लिए परिसर में काम कर रहा है। परिसर के वररुचि ग्रन्थागार (केन्द्रीय पुस्तकालय) में हजारों पुस्तकें,कई पत्रिकाएँ,अन्य पत्रिकाएँ और समाचार पत्र उपलब्ध हैं। परिसर में संस्कृत में उन्नत अध्ययन के लिए सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित कंप्यूटर, ज्योतिष, भाषा, पाठ्यक्रम और मनोविज्ञान की प्रयोगशालाएँ हैं। परिसर में व्यवस्थित ओपन एयर थिएटर बनाया गया है, जिसमें एक बार में 300 लोग बैठ सकते हैं। भोपाल परिसर में अद्वितीय नाट्यशास्त्र अनुसन्धान केन्द्र चलता है, जो संस्कृत नाटकों की नाट्य प्रस्तुति पर काम करता है। यह संस्कृत गीतों और श्लोकों की ऑडियो सीडी रिकॉर्ड करता है और तैयार करता है। भोपाल परिसर दो ISSN पत्रिकाएँ प्रकाशित करता है, जिनका नाम है राष्ट्री (ISSN 2231-2129) और शास्त्र मीमांसा (ISSN -2321-6948)। परिसर के सभी विभागों में वार्षिक प्रकाशन भी होते हैं। इस प्रकार यह परिसर संस्कृत शिक्षा के विकास के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

2. परिसर का स्थान

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
भोपाल परिसर संस्कृत मार्ग, बागसेवनिया,
भोपाल – 462043 मध्य प्रदेश
फोन- 0755-2418043
अन्तर्जाल: www.केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय-bhopal.edu.in
इमेल: director-bhopal@केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय.co.in
rsks_bhopal@yahoo.com

3. परिसर की अवसंरचना

मुख्य भवन का वत्सराज भवन नामकरण हुआ और उसी दिन से अपने वत्सराज भवन में परिसर की सभी गतिविधियाँ प्रारम्भ हो गयी थी। इस समय वत्सराज मुख्यभवन के अन्तर्गत सभी कक्षाएँ, सभी प्रयोगशालाएँ, अनौपचारिक कक्षाएँ, विभागीय पुस्तकालय, दूरस्थशिक्षण केन्द्र, नाट्यशास्त्र अनुसन्धान केन्द्र, सभाकक्ष और सर्वसाधन सम्पन्न सभागार, शोधकक्ष सुव्यवस्थित रूप में उपलब्ध हैं। इनके साथ ही परिसर में व्यवस्थित वररुचि ग्रन्थागार (केन्द्रीय पुस्तकालय) और दृश्य साधन सम्पन्न वातानुकूलित भवभूति प्रेक्षागार भी उपलब्ध है। उसमें अतिथि निवास कक्ष, शिक्षककक्ष और विभागाध्यक्ष कक्ष आदि नियमानुसार प्रकल्पित हैं। इस के अतिरिक्त आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 333 छात्रों का पुरुष छात्रावास, 108 छात्राओं का महिला छात्रावास, अतिथि निवास, प्राचार्य एवं कर्मचारी आवास के उपलब्ध है

4. मुख्य गतिविधियाँ

- ❖ राष्ट्रीय संगोष्ठी - संस्कृत संवर्धन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति का योगदान –
- ❖ स्वच्छता ही सेवा - 01 अक्टूबर, 2023
- ❖ स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोजेक्ट
- ❖ नाट्यशास्त्र कार्यशाला
- ❖ भारतीय शैक्षिक मनोविज्ञान पर राष्ट्रीय कार्यशाला

5. प्रकाशन

परिसर अनेक ग्रन्थों तथा शोध पत्रिकाओं का प्रकाशन करता है जिनमें उल्लेखनीय पत्रिकाएं हैं- “राष्ट्री”,“शास्त्रमीमांसा” आदि।

6. उपलब्ध पाठ्यक्रम

परिसर में अधोलिखित विभागों में प्राक्शास्त्री से विद्यावारिधि (12th – Ph.d) तक अध्ययन-अध्यापन होता है

विधास्थान	विधाशाखा एवं केन्द्र	पाठयक्रम
1. वेदवेदांग एवं वैदिक विज्ञान विधास्थान 1.1 (विधावारिधि-पीएच.डी.)	1.व्याकरण शास्त्र विभाग	1. शास्त्री – बी.ए. 2. शास्त्री प्रतिष्ठा – बी.ए. (ऑनर्स) 3. आचार्य – एम.ए.
	2.ज्योतिष शास्त्र विभाग	1. भारतीय ज्योतिष परिचय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम 2. में स्नातकोत्तर उपाधि पाठयक्रम ज्योतिष एवं वास्तु 3. शास्त्री – बी.ए. (सिद्धान्त/फलित) 4. शास्त्री प्रतिष्ठा – बी.ए. (ऑनर्स) (सिद्धान्त/फलित) 5. आचार्य – एम.ए. (सिद्धान्त/फलित)
	3. वेद, पौरोहित्य एवं कर्मकाण्ड विभाग	1. पौरोहित्य एवं कर्मकाण्ड में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
2. शिक्षाशास्त्र एवं कौशल प्रशिक्षण संकाय (विद्या वारिधि–पी.एच.डी.)	1. शिक्षाशास्त्र (एजुकेशन) विभाग	1. एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP) 2. शिक्षा शास्त्री – बी.एड.

		3. शिक्षा आचार्य – एम.एड.
3. भाषा, साहित्य एवं संस्कृति संकाय	1. संस्कृत साहित्य विभाग	1. शास्त्री – बी.ए. 2. शास्त्री प्रतिष्ठा – बी.ए. (ऑनर्स) 3. आचार्य – एम.ए. (विद्या वारिधि–पी.एच.डी.)
	2. अंग्रेज़ी विधाशाखा	1. बी.ए. स्तर पर भाषा / साहित्य / कौशल के रूप में
	3. भारतीय भाषा विधाशाखा	1. शास्त्री – बी.ए. में वैकल्पिक विषय के रूप में (हिंदी, बंगाली, ओड़िया, नेपाली, डोगरी, मलयालम, कन्नड़, मराठी, मैथिली, भोटी, मणिपुरी)
ऋषिकेश-श्रीनगर-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवप्रयाग में स्थित इस परिसर का उद्घाटन 20 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। 22 जून, 2023 को परिसर में धर्मसम्राट करपात्री जी महाराज वेदशास्त्र अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी जी ने किया था। भागीरथी-अलकनंदा के संगम और प्रसिद्ध श्री रघुनाथ भगवान के मंदिर के निकट स्थित श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर संस्कृत शिक्षा के संरक्षण, प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। परिसर का उद्देश्य शास्त्र शिक्षा देने के साथ ही छात्रों और समाज को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण और संस्कृति संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। समय-समय पर विभिन्न गांवों और संस्थानों में परिसर के छात्र नाटक और गीत इत्यादि रचनाओं के माध्यम से इस प्रकार के संदेश प्रसारित करते रहते हैं। परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई) छात्रों को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देने के साथ ही समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का पाठ पढ़ाती है।

श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में ज्योतिष, वेद, वेदांत, साहित्य, व्याकरण, न्याय के अध्ययन तथा इन विषयों में पीएचडी की सुविधा है। खेल, संगीत, योग, अध्यापन आदि क्षेत्रों में जाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यहां विशेष सुविधाएं हैं। लगभग आठ वर्षों के यात्राकाल में इस परिसर ने उत्तराखण्ड के संस्कृत शिक्षा केंद्रों में श्रेष्ठ स्थान बना लिया है। विशेष बात यह है कि पलायन पीड़ित उत्तराखंड में इस परिसर ने छात्रों के संस्कृत की उच्च शिक्षा के लिए किए जाने वाले पलायन पर बड़ी सीमा तक रोक लगा दी है। अब सुदूर पहाड़ के छात्रों को संस्कृत शिक्षा ग्रहण करने के लिए हरिद्वार, वाराणसी इत्यादि स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं रह गयी है।

परिसर में योग विज्ञान में बीएससी और एमएससी तथा पौरोहित्य कर्मकाण्ड में डिप्लोमा की भी सुविधा है। लगभग 600 विद्यार्थियों की आवासीय सुविधा बहुत कम शुल्क पर उपलब्ध है। बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावास हैं। बारह घंटे खुले रहने वाला विशाल केंद्रीय पुस्तकालय में घर के लिए भी पुस्तकों की व्यवस्था तथा ई-लाइब्रेरी की सुविधा है। अधिकांश प्राध्यापकों के आवास परिसर में ही हैं। नेट तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी परिसर में ही करवाई जाती है। प्रत्येक शुक्रवार को परिसर के छात्र गंगा घाट पर सफाई अभियान चलाकर आरती करते हैं। पर्यावरण दिवस, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, संस्कृत सप्ताह, सतर्कता जागरूकता सप्ताह, हिंदी दिवस, मातृभाषा दिवस इत्यादि दिवसों में विशेष ज्ञानपरक कार्यक्रम आयोजित कर उनमें छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित की जाती है।

2. परिसर का स्थान

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर
देवप्रयाग, पौडी गढ़वाल, उत्तराखंड 249301
फोन नंबर - 7217080118, 01378-266028 फैक्स नंबर - 01378-266028
ईमेल-director-devprayag@csu.co.in
अन्तर्जाल: www.csu-devprayag.edu.in

3. परिसर की अवसंरचना

श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर 9.228 हेक्टेयर (23 एकड़) क्षेत्र में फैला है। सीपीडब्ल्यूडी, श्री नगर शाखा को लेआउट योजना सौंपी गई है और उसने शैक्षणिक, प्रशासनिक और आवासीय (लड़कों और लड़कियों के छात्रावास, गेस्ट हाउस और स्टाफ क्वार्टर) ब्लॉक के विभिन्न परिसर भवनों के निर्माण कार्य का 70% पहले ही पूरा कर लिया है।

4. मुख्य गतिविधियाँ

- परिसर को पूर्ण रूप से हरा-भरा बनाना। इसके अंतर्गत बांज, देवदार जैसी पहाड़ी वनस्पति आंवला, नीम जैसे औषधीय पौधों और आम, अमरूद जैसे फलदार पौधों का रोपण करना
- परिसर को प्लास्टिकमुक्त रखना
- परिसर के पारिस्थिकीय संतुलन के दृष्टिगत परिसर में कुत्ते, गाय आदि जानवरों के रहने और भोजन की व्यवस्था
- परिसर में उच्च कोटि की शिक्षण व्यवस्था के साथ ही छात्रों के बीच सामाजिक सौहार्द्र और भाईचारा स्थापित करने की प्रेरणा के कार्य करना
- परिसर में पूरी तरह से संस्कृत व्यवहार का वातावरण उत्पन्न करना
- छात्रों में बेहतर प्रबंधक, जिम्मेदार नागरिक के गुण विकसित करना, भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों का संपूर्ण ज्ञान कराना तथा नैतिक मूल्यों का विकास करना
- परिसर के माध्यम से अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
- सामाजिक दायित्व के अंतर्गत पौधरोपण, गंगा सफाई अभियान समेत विभिन्न जागरूकता अभियानों का हिस्सा बनना।

5. प्रकाशन

परिसर लाइब्रेरी में भौतिक और डिजिटल दोनों रूपों में 4000 से अधिक पुस्तकें और पांडुलिपियाँ हैं। छात्रों के दिमाग को समृद्ध और संलग्न करने के लिए, एक वार्षिक कैंपस जर्नल (रघुनाथकीर्तिपताका), एक त्रैमासिक समाचार पत्र (रघुनाथवार्तावली) विभाग-वार पत्रिकाओं में विभिन्न शोध पत्रों और पत्रिकाओं के साथ प्रकाशित किया जा रहा है। निकट भविष्य में एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान जर्नल (देवभूमिसौरभम) प्रकाशित करने का प्रस्ताव है।

6. उपलब्ध पाठ्यक्रम

परिसर में अधोलिखित विभागों में प्राकशास्त्री से विद्यावारिधि (12^{th} – Ph.d) तक अध्ययन-अध्यापन होता है-

वेद, वेदांग एवं वैदिक विज्ञान संस्थान

1. वेद-कर्मकाण्ड-पौरोहित्य
2. नव्यव्याकरण
3. ज्योतिष

भाषा, साहित्य एवं संस्कृति संस्थान

1. साहित्य

दर्शन

1. सर्वदर्शन
2. नव्य न्याय

यौगिक विज्ञान एवं समग्र स्वास्थ्य पद्धतियों का संस्थान

आधुनिक विषय संस्थान

1. हिन्दी
2. अंग्रेजी
3. राजनीति विज्ञान

4. कम्प्यूटर विज्ञान
5. पुस्तकालय विज्ञान

7. परिसर के द्वारा आयोजित संगोष्ठी, कार्यशाला तथा व्याख्यानशाला

गङ्गा समर्चनाप्रतिवेदन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीरघुनाथ कीर्ति परिसर द्वारा प्रति सप्ताह शुक्रवार को गङ्गा समर्चना की जाती है। यह गङ्गा समर्चना कुलपति महोदय के निर्देशानुसार सत्र-2022 से निरन्तर चली आ रही है, अब तक गङ्गा समर्चना के 108 कुसुम पूर्ण हो चुके हैं। इस कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह है कि गङ्गा समर्चना के द्वारा सामान्य जन मानस में भक्ति भाव उत्पन्न करना, धार्मिक चेतना का विकास करना आदि।परिसर में समय-समय पर चल रहे 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर एवं विविध कार्यशालाओं के दौरान यह गङ्गा समर्चना अन्य स्थानों से आए हुए शोध छात्रों एवं अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में परिसरीय समस्त आचार्य और छात्र छात्राएं विविध स्तोत्र पाठ पूर्वक गङ्गा आरती सविधि सम्पन्न किया करते हैं। यह कार्य परिसर के माननीय निदेशक प्रो.पी.बी.बी. सुब्रह्मण्यम जी के सान्निध्य एवं सत्प्रेरणा तथा वेद विभाग के आचार्य डा.अमन्द मिश्र जी के संयोजकत्व में सम्पन्न होता है।

उपलब्धियां:

1. स्वर्ण पदक:
   - आरती, एम.एससी. प्रथम वर्ष, व्यक्तिगत महिला श्रेणी में।
   - चिराग शर्मा, एम.एससी. प्रथम वर्ष, व्यक्तिगत पुरुष श्रेणी में।
2. रजत पदक:
   - प्रतीक सिंह चौहान, एम.एससी. प्रथम वर्ष।
3. कांस्य पदक:
   - गौरव शर्मा, एम.एससी. प्रथम वर्ष।
   - रजत शर्मा, एम.एससी. प्रथम वर्ष।

परिणाम:

- टीम ने प्रतियोगिता में कुल पाँच पदक जीते।
- सभी पाँच पदक विजेताओं का चयन राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप के लिए हुआ, जो उनकी असाधारण प्रतिभा और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। टीम को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई!
- शिशा पद्मासन में इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स धारक विषाल भारद्वाज, बी.एससी. छात्र, एसआरकेसी का सम्मान समारोह
- योग विज्ञान और अध्यात्म विभाग ने शिशा पद्मासन में इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स धारक विषाल भारद्वाज, बी.एससी प्रथम वर्ष के छात्र, के लिए सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। विषाल ने 33 मिनट और 26 सेकंड तक इस विशेष आसन को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स कार्यालय, दिल्ली में करके यह उपलब्धि हासिल की।
- विषाल, जो उत्तर प्रदेश के बागपत से हैं, 7वीं कक्षा से योग का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने योगासन के कई प्रतियोगिताओं और चैंपियनशिप में भाग लिया है और 61 पदक और 35 ट्रॉफियाँ जीत चुके हैं।
- कैम्पस निदेशक प्रो. पी.वी.बी. सुब्रह्मण्यम ने विषाल भारद्वाज को शॉल, स्मृति चिह्न और फल भेंट कर सम्मानित किया और छात्रों को जीवन में मजबूत लक्ष्य निर्धारित करने और कड़ी मेहनत से ऊंचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

- विषाल की उपलब्धि और सम्मान सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। विभाग के सभी संकाय सदस्यों और छात्रों ने उन्हें उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ दीं।

अखण्डरामचरितमानसपरायण

परिसर में वैशाख-शुद्ध-एकादशी दिनांक 01 मई 2024 से वैशाख-शुद्ध-द्वादशी दिनांक 02 मई 2024 तक 'अखण्ड रामचरित मानस पारायण' नामक दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें परिसर के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों तथा कार्यालयीय कर्मचारियों द्वारा विशिष्ट भाग लिया गया। परिसर के निदेशक प्रो. हंसधर झा महोदय के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इसमें छात्र-कल्याण परिषद के सदस्यों की भूमिका सराहनीय थी।

शीश पद्मासन में इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स होल्डर का अभिनंदन, एसआरकेसी के बीएससी छात्र विशाल भारद्वाजयोग विज्ञान और अध्यात्म विभाग ने शीश पद्मासन में इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड धारक विशाल भारद्वाज, बीएससी प्रथम वर्ष के लिए एक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ऑफिस, दिल्ली में इस विशेष आसनम को 33 मिनट और 26 सेकंड तक धारण किया। श्री विशाल उत्तर प्रदेश के बागपत से हैं, 7वीं कक्षा से योग का अभ्यास कर रहे हैं और उन्होंने योगासन की कई प्रतियोगिताओं और चैंपियनशिप में भाग लिया है, और उनके पास 61 पदक और 35 ट्राफियां हैं।

आरटीआई अधिनियम-2005 के अंतर्गत प्राप्त प्रश्नों/दिए गए उत्तरों की संख्या

प्राप्त पत्रों की संख्या	-	00
उत्तरदिये गए पत्रों की संख्या	-	00

5. वर्ष 2024-25 की प्रमुख गतिविधियाँ

5. वर्ष 2024-25 की प्रमुख गतिविधियाँ

5.1 संस्कृत दिवस उत्सव-

विश्वविद्यालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, के सहयोग से 31अगस्त, 2024 को संस्कृत दिवस मनाया। इसमें मुख्यातिथि प्रो. सच्चिदानन्द मिश्र थे। विश्वविद्यालय के कुलपति ने 'संस्कृतं संस्कृतेर्मूलं विद्यामूलं च संस्कृतम्' विषय का संदेश दिया।

5.2 62वीं अखिल भारतीय शास्त्रीयस्पर्धा-

62वीं अखिल भारतीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 18.3.2025 से 21.3.2025 तक पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार, उत्तराखंड में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सोलह से अधिक राज्यों ने भाग लिया, जहाँ कर्नाटक को विजय-वैजयंती से सम्मानित किया गया।

5.3 अखिल भारतीय रूपक महोत्सव-

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय रूपक महोत्सव जयपुर परिसर में दिनांक 6से 9 मार्च, 2024 तक आयोजित किया गया।

5.4 अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा नौवाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया गया। इस सन्दर्भ में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग में सभी समुपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र- छात्राओं को योग का महत्त्व समझाया।

5.5 स्थापना दिवस

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस 15 अक्टूबर 2024 को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की विशेष अतिथि शिक्षा मंत्रालय के भाषा विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती नीता प्रसाद थीं तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वर्खेड़ी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

5.6 तीन दिवसीय संगोष्ठी

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने 26 से 28 मार्च, 2025 तक नई दिल्ली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) के सहयोग से “एनईपी 2020 के संदर्भ में संस्कृत पुस्तकालयों के रूपांतरण” विषय पर तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

5.7 संस्कृत सप्ताह समारोह

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने 16 से 21 अगस्त, 2024 तक सीएसयू मुख्यालय में संस्कृत सप्ताह मनाया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

5.8 ऑस्ट्रेलिया में संस्कृत सम्मेलन

5.9 भारत–नेपाल सम्मेलन

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा 19 मार्च , 2025 को उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय में भारत– नेपाल सम्मेलन का आयोजन किया गया।

5.10 अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन, 2024

51वीं अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन, 2024 का आयोजन उडुपी (कर्नाटक) में 23 अक्टूबर से 26 अक्टूबर, 2024 तक किया गया। इस सम्मेलन में बहु-विषयक दृष्टिकोण के संदर्भ में भारतीय ज्ञान प्रणाली के विस्तार पर विशेष बल दिया गया। स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, उडुपी मठ के स्वामीजी, प्रो. श्रीनिवास वरखेडी, पद्मश्री चम्मू कृष्ण शास्त्री, प्रो. काशीनाथ न्यौपाने, प्रो. मुरली मनोहर पाठक, प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय, प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति, प्रो. प्रह्लाद जोशी, प्रो. कविता सुनील होले तथा प्रो. शिवानी वी. आदि प्रमुख विद्वानों तथा विदुषियों इस सम्मेलन में समुपस्थित रहें।

इस सम्मेलन में संस्कृत अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों से सम्बंधित अनेक नवीन प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन भी किया गया जिनमें प्रो. श्रीनिवास वरखेडी द्वारा रचित प्रसिद्ध ग्रन्थ 'शास्त्रपद्धतिः' भी सम्मिलित था। इसका हिंदी अनुवाद प्रो. अजय कुमार मिश्र द्वारा किया गया है।

5.11 संस्कृत रंगमंडल

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के संस्कृत रंगमंडल द्वारा संस्कृत नाटक 'नाट्योत्पत्ति कथा' का देश के प्रतिष्ठित उत्सवों/स्थलों में प्रदर्शन किया गया :

1. अखिल भारतीय रूपक महोत्सव, रवीन्द्र भवन, भोपाल
   दिनांक – 11.02.2024
2. नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, वाराणसी
   दिनांक – 20.03.2024
3. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
   दिनांक – 21.03.2024
4. हरिहर राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव, संस्कृति विभाग, भोपाल
   दिनांक – 26.07.2025
5. प्रशासनिक अकादमी, भोपाल (आईकेएस के अंतर्गत प्रशिक्षु उप जिलाधिकारियों आदि हेतु विशेष प्रदर्शन)
   दिनांक – 21.08.2025
6. राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
   दिनांक- 12.10.2025



CENTRE OF IKS-EDS

5.12 केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय मामलें और सहयोग कार्यालय वार्षिक रिपोर्ट

1. कार्यक्रम: धर्मिक सिद्धांतों के आलोक में अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और इक्विटी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन: ट्रिपल ई एंड डी, संस्कृति संरक्षण और सतत विकास।

दिनांक: 27 से 30 मई 2024

स्थान: सिंगापुर

सहयोग

इस कार्यक्रम का आयोजन श्री अरविंद योग और ज्ञान फाउंडेशन, रायपुर के सहयोग से किया गया, जिसने शैक्षणिक सत्रों के समन्वय और संस्थागत जुड़ाव को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भागीदारी

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुल 20 सदस्यों ने सम्मेलन में भाग लिया, जिसमें शामिल हैं:-

- 03 सीएसयू अधिकारी,
- विश्वविद्यालय के 7 परिसरों का प्रतिनिधित्व करने वाले 17 चयनित संकाय सदस्य।

उनकी भागीदारी ने स्थिरता और सांस्कृतिक संरक्षण पर अंतर्राष्ट्रीय संवादों में अकादमिक आदान-प्रदान और संस्कृत-आधारित धार्मिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में योगदान दिया।

व्यय

विश्वविद्यालय ने प्रतिनिधियों के लिए यात्रा, आवास, पंजीकरण और अन्य लॉजिस्टिक व्यवस्था के लिए लगभग 17,71,000 रुपये व्यय किया।

उपलब्धि

सम्मेलन ने सीएसयू संकाय सदस्यों के लिए अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर और सहयोग की सुविधा को सक्षम किया, उन्हें धर्मिक सिद्धांतों में निहित विचारों को प्रस्तुत करने और विभिन्न देशों के विशेषज्ञों के साथ जुड़ने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान किया। भागीदारी ने विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक उपस्थिति को मजबूत किया और सतत विकास, संस्कृति संरक्षण और समग्र ज्ञान प्रणालियों से संबंधित चल रही पहलों का समर्थन किया।

2. इवेंट: ऑस्ट्रेलिया की शैक्षणिक यात्रा

दिनांक: 5 से 16 सितंबर 2024

स्थान: ऑस्ट्रेलिया

बीएपीएस स्वामीनारायण रिसर्च सेंटर, सिडनी के सहयोग से अकादमिक संबंधों को मजबूत करने, संस्कृत अध्ययन को बढ़ावा देने और भविष्य के सहयोग के लिए रास्ते तलाशने के उद्देश्य से यह यात्रा की गई।

भागीदारी

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) के चार अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस यात्रा में भाग लिया। दौरे के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने आयोजित तीन एक दिवसीय संगोष्ठियों में भाग लिया:

- ब्रिस्बेन
- कैनबरा
- सिडनी

इन संगोष्ठियों में संस्कृत शिक्षाशास्त्र, ज्ञान परंपराओं और सहयोगी अनुसंधान अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

उपलब्धियां

शैक्षणिक यात्रा के परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हुईं:

- सीएसयू को संस्कृत ज्ञान परंपराओं को बढ़ावा देने में इसके निरंतर योगदान के लिए 'संस्कृत का राजदूत' शीर्षक से सम्मानित किया गया था।
- विभिन्न ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्यों के साथ उत्पादक बातचीत, जिससे शिक्षण, अनुसंधान और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में संभावित सहयोग पर चर्चा हुई।
- वैश्विक आउटरीच को बढ़ाने के लिए संस्कृत विद्वानों और सामुदायिक हितधारकों के साथ जुड़ना।
- तीन एक-दिवसीय संगोष्ठियों का सफल संचालन, छात्रों, शोधकर्ताओं और भारतीय प्रवासियों के बीच संस्कृत में रुचि पैदा करना।
- भारत की बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी।
- संयुक्त पहलों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और आदान-प्रदान की संभावनाओं का पता लगाने के लिए कई शैक्षणिक चर्चाएं आयोजित की गईं।

3. कार्यक्रम: पाली और बौद्ध अध्ययन की चुनौतियों और संभावना पर अकादमिक यात्रा और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

दिनांक: 19 से 23 फरवरी 2025

स्थान: थाईलैंड

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू), श्री अरबिंदो योग और ज्ञान फाउंडेशन, रायपुर के सहयोग से, 19 से 23 फरवरी 2025 तक थाईलैंड में आयोजित "पाली और बौद्ध अध्ययन की चुनौतियां और संभावनाएं" पर एक शैक्षणिक यात्रा और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

सहयोग

इस कार्यक्रम का आयोजन श्री अरविंद योग और ज्ञान फाउंडेशन, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में सीएसयू के सक्रिय समन्वय और भागीदारी के साथ किया गया था।

भागीदारी

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 05 अधिकारियों और 8 परिसरों के 16 चयनित संकाय सदस्यों वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक यात्रा और सम्मेलन में भाग लिया।

व्यय

यात्रा और सम्मेलन से संबंधित यात्रा, आवास, भागीदारी शुल्क और अन्य लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं पर लगभग 20,20,000 रुपये का व्यय किया गया था।

उपलब्धियां

विभिन्न थाई उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) के विद्वानों, संकाय सदस्यों और प्रशासकों के साथ लगे शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल। प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं:

- संस्कृत अध्ययन केंद्र, सिलपाकॉर्न विश्वविद्यालय, बैंकॉक के साथ उत्पादक बातचीत, अकादमिक आदान-प्रदान, अनुसंधान सहयोग और संस्कृत, पाली और बौद्ध अध्ययन में संयुक्त कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना।
- भविष्य के शैक्षणिक सहयोग, संकाय आदान-प्रदान और सहयोगी अनुसंधान के लिए थाईलैंड में कई अन्य प्रमुख एचईआई के साथ संभावित साझेदारी की खोज।

- संस्कृत, पाली और बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक संबंधों को मजबूत करना, जिससे सीएसयू की वैश्विक भागीदारी पहलों में योगदान मिलता है।

4. इवेंट: संस्कृत प्रचार की संभावनाओं का पता लगाने के लिए अकादमिक यात्रा

दिनांक: 4 से 6 मार्च 2025

स्थान: बाली, इंडोनेशिया

परिचय

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) के एक शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से संस्कृत को बढ़ावा देने के रास्ते तलाशने के लिए 4 से 6 मार्च 2025 तक बाली, इंडोनेशिया का दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य शैक्षिक संबंधों को मजबूत करना, इंडोनेशिया में संस्कृत की स्थिति को समझना और संयुक्त पहलों के अवसरों की पहचान करना था।

सहयोगात्मक संस्थान - यायासन द्विपंतर संस्कृतम (वाईडीएस), बाली का दौरा वाईडीएस के सहयोग से आयोजित किया गया था, जो एक प्रतिष्ठित संस्थान है जो इंडोनेशिया में संस्कृत सीखने और पारंपरिक ज्ञान को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है।

सहभागिता

प्रतिनिधिमंडल में सीएसयू टीम के सदस्य और इंडोनेशिया में संस्कृत शिक्षा और संवर्धन से जुड़े विभिन्न हितधारक शामिल थे। बातचीत में संकाय सदस्यों, संस्कृत चिकित्सकों, सांस्कृतिक विद्वानों और सामुदायिक प्रतिनिधियों के साथ बैठकें शामिल थीं।

व्यय

अकादमिक यात्रा के लिए कुल व्यय लगभग ₹3,00,000 था, जिसमें यात्रा, आवास, रसद और संबंधित व्यय शामिल थे।

प्रमुख उपलब्धियां

- सहयोग के संभावित क्षेत्रों की पहचान: सीएसयू टीम ने शैक्षिक परिदृश्य का आकलन किया और सार्थक क्षेत्रों की पहचान की जहां द्विपक्षीय सहयोग इंडोनेशिया में संस्कृत सीखने और अनुसंधान को काफी बढ़ा सकता है।
- वाईडीएस के साथ एक समझौता ज्ञापन की शुरुआत: केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और यासन द्विपंतर संस्कृतम के बीच सहयोग को औपचारिक रूप देने के लिए एक पारस्परिक समझ पर पहुंचा गया था। प्रस्तावित समझौता ज्ञापन से संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों, संकाय आदान-प्रदान, प्रशिक्षण कार्यशालाओं, संस्कृत वार्तालाप शिविरों और अनुसंधान पहलों की सुविधा मिलने की उम्मीद है।
- सांस्कृतिक और शैक्षणिक संबंधों को मजबूत करना: इस यात्रा ने शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को गहरा करने में मदद की, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्कृत ज्ञान परंपराओं को बढ़ावा देने में दीर्घकालिक जुड़ाव का मार्ग प्रशस्त हुआ।

निष्कर्ष

बाली की शैक्षणिक यात्रा अत्यधिक उत्पादक थी और संस्कृत प्रचार के लिए वैश्विक साझेदारी का विस्तार करने के सीएसयू के दृष्टिकोण के साथ संरेखित थी। सहयोगात्मक संभावनाओं की पहचान और वाईडीएस के साथ समझौता ज्ञापन की शुरुआत संस्कृत अध्ययन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

5. कार्यक्रम: नेपाली गुरुकुल छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

डेयर: 10 से 16 मार्च, 2025

स्थान: सीएसयू श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग

सहयोग

पारंपरिक गुरुकुल शिक्षा के क्षेत्र में नेपाल और भारत के बीच शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से एनईईटीआई अनुसन्धान प्रतिष्ठान नेपाल, काठमांडू के सहयोग से आयोजित किया गया था।

भागीदारी

नेपाल के कुल 28 गुरुकुल छात्रों और 2 शिक्षकों ने सप्ताह भर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

व्यय

कार्यक्रम के लिए किया गया कुल व्यय लगभग ₹5,00,000 था।

उपलब्धता: प्रशिक्षण कार्यक्रम ने पारंपरिक शिक्षण प्रणाली, संस्कृत भाषा क्षमता और सांस्कृतिक विरासत अध्ययन के लिए संरचित एक्सपोजर प्रदान किया। छात्रों को इंटरैक्टिव सत्र, व्यावहारिक शिक्षण मॉड्यूल और परिसर के संकाय सदस्यों के साथ सीधे जुड़ाव के माध्यम से लाभ हुआ।

कुल मिलाकर, इस पहल ने संस्कृत सीखने को बढ़ावा देने और नेपाली संस्थानों के साथ शैक्षणिक सहयोग बढ़ाने में योगदान दिया।

6. इवेंट: अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

दिनांक: 21 से 22 मार्च 2024

स्थान: हरिद्वार।

भारत और नेपाल के बीच शैक्षणिक संबंधों को मजबूत करने और दोनों देशों में संस्कृत अध्ययन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए हरिद्वार में 21 से 22 मार्च 2024 तक एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था।

सहयोग

इस कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से निम्नलिखित के सहयोग से किया गया:

- नीती अनुसन्धान प्रतिष्ठान नेपाल, काठमांडू
- पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार

इस सहयोगात्मक पहल का उद्देश्य सीमा पार शैक्षणिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना और संस्कृत ज्ञान परंपराओं की आपसी समझ को बढ़ाना है।

भागीदारी

भारत-नेपाल संस्कृत सम्मेलन 2025 में कुल 26 नेपाली संस्कृत विद्वानों ने भाग लिया। उनकी भागीदारी ने एक जीवंत शैक्षणिक वातावरण बनाया, जिससे दोनों देशों के विद्वानों, शोधकर्ताओं और संस्कृत के पारंपरिक चिकित्सकों के बीच सार्थक संवाद की सुविधा मिली।

व्यय

कार्यक्रम 13,00,000 रुपये के अनुमानित व्यय के साथ आयोजित किया गया था।

उपलब्धि

सम्मेलन ने निम्नलिखित परिणामों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया:

- नेपाली पारंपरिक और आधुनिक संस्कृत छात्रवृत्ति को बढ़ावा देना, प्रतिष्ठित नेपाली विद्वानों को अपना अनुसंधान और बौद्धिक योगदान प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करना।
- भारतीय संस्कृत विद्वानों और नेपाली संस्कृत विद्वानों के बीच अकादमिक बातचीत को मजबूत किया, जिससे संस्कृत शिक्षा, अनुसंधान और सांस्कृतिक अध्ययन के क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग को बढ़ावा मिला।
- अंतर-सांस्कृतिक संवाद को प्रोत्साहित करना, संस्कृत ज्ञान प्रणालियों में निहित भारत और नेपाल की साझा बौद्धिक विरासत को मजबूत करना।

6. विश्वविद्यालय खेल उत्कृष्टता केंन्द्र, वेदव्यास परिसर

विश्वविद्यालय खेल उत्कृष्टता केंद्र
केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर, बलाहर, हिमाचल प्रदेश

केंद्र के बारे में

विश्वविद्यालय खेल उत्कृष्टता केंद्र (USEC) की स्थापना 19 जुलाई 2023 को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर, बलाहर, हिमाचल प्रदेश में माननीय कुलपति प्रो० श्रीनिवास वरखेड़ी के दूरदर्शी मार्गदर्शन तथा डीन, छात्र कल्याण के सक्रिय सहयोग से की गई। केंद्र ने अपनी खेल यात्रा की शुरुआत छात्राओं के लिए खो-खो और छात्रों के लिए कबड्डी जैसे खेलों से की, जो विश्वविद्यालय की पहली आधिकारिक खेल पहल रही।

यह केंद्र विद्यार्थियों में शारीरिक स्वास्थ्य, टीम भावना तथा खेल कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समर्पित है। इसका लक्ष्य शिक्षा के साथ-साथ खेल संस्कृति का विकास करना है। केंद्र में आधुनिक खेल सुविधाएँ उपलब्ध हैं तथा योग्य खेल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों की प्रतिभा को जमीनी स्तर से लेकर व्यावसायिक स्तर तक निखारा जाता है।

उद्देश्य एवं लक्ष्य (Aim & Objectives)

खेल उत्कृष्टता केंद्र के उद्देश्य:

- विद्यार्थियों और कर्मचारियों में शारीरिक तंदुरुस्ती एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना।
- प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें विशेषज्ञ प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं एआईयू प्रतियोगिताओं में भागीदारी के माध्यम से प्रोत्साहित करना।
- प्रतियोगी भावना विकसित करने हेतु नियमित टूर्नामेंट, कार्यशालाएँ एवं प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करना।
- आधुनिक खेल अवसंरचना का निर्माण कर परिसर स्तर पर खेलों को सशक्त बनाना।
- योग और पारंपरिक शारीरिक अनुशासन को आधुनिक खेल विज्ञान के साथ समन्वित करना।

हमारा संकल्प है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपनी क्षमता को मैदान में, खेल परिसर में और जीवन के हर क्षेत्र में पहचान सके।

आइए, हम सब मिलकर एक सशक्त खेल संस्कृति का निर्माण करें, जो उत्कृष्टता की भावना और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाए।

लक्ष्य (Aim):

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में समग्र विकास, शारीरिक फिटनेस तथा राष्ट्रीय स्तर की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली एक सुदृढ़ खेल संस्कृति का निर्माण करना।

उद्देश्य (Objectives):

- परिसर के भीतर खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं उनका संवर्धन करना।
- विद्यार्थियों को अंतर-विश्वविद्यालय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में नियमित भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना।
- संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम, फिटनेस योजनाएँ और विशेषज्ञ कोचिंग की सुविधा प्रदान करना।

- खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व गुणों का विकास करना।
- राष्ट्रीय खेल संस्थाओं के साथ सहयोग कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं अनुभव का अवसर प्रदान करना।

भविष्य की योजनाएँ (Future Plan):

- चयनित खेलों (एथलेटिक्स, कुश्ती, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, योग आदि) के लिए विशेष प्रशिक्षण अकादमियों की स्थापना।
- इनडोर एवं आउटडोर खेल सुविधाओं का उन्नयन, ताकि वे राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हों।
- खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं की शुरुआत।
- वार्षिक खेल महोत्सव एवं ऑल इंडिया प्रतियोगिताओं का आयोजन।
- भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) एवं मान्यता प्राप्त खेल महासंघों के साथ प्रशिक्षण एवं प्रमाणन हेतु समझौते (MoU)।
- विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु वेलनेस एवं फिटनेस अभियान का शुभारंभ।
- राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों का आयोजन।
- जिम इंस्ट्रक्टर, फिटनेस ट्रेनर, योग प्रशिक्षक तथा स्वास्थ्य एवं फिटनेस विषयों पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों की शुरुआत।

वार्षिक योजना (2025–2026):

माह	नियोजित गतिविधियाँ
अगस्त	फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत फिटनेस मूल्यांकन शिविर, छात्र पंजीकरण अभियान एवं राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन
सितंबर	युवा महोत्सव एवं एआईयू प्रतियोगिता हेतु परिसर स्तरीय खेल चयन परीक्षण
अक्टूबर	फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत विभागीय खेल प्रतियोगिताएँ
नवंबर	अखिल भारतीय खेल-सांस्कृतिक-शैक्षणिक प्रतियोगिता (युवा महोत्सव) एवं एआईयू प्रतियोगिता में भागीदारी
दिसंबर	फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत पेशेवर खिलाड़ियों के साथ अतिथि व्याख्यान एवं कार्यशालाएँ
जनवरी	शीतकालीन फिटनेस बूट कैंप एवं खो-खो व कबड्डी कोचिंग शिविर का शुभारंभ
फरवरी	अंतर-विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी एवं प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन
मार्च	फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत वार्षिक खेलकूद एवं एथलेटिक्स मीट का आयोजन
अप्रैल – मई	ऑफ-सीजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यशालाएँ
जून – जुलाई	खेल सुविधाओं का रख-रखाव एवं उन्नयन कार्य

गत वर्ष 2024-25 की गतिविधियाँ (Last Year Activities):

a. खो-खो प्रशिक्षण शिविर (21 जनवरी, 2025 से 13 अप्रैल, 2025 तक)

b. कबड्डी प्रशिक्षण शिविर (21 जनवरी, 2025 से 13 अप्रैल, 2025 तक)

पिछले वर्ष की गतिविधियों की एक झलक

7. पालि अध्ययन एंव अनुसंधान केंन्द्र, लखनऊ परिसर

पालि भाषा के शिक्षण, अनुसंधान, प्रचार एवं संरक्षण के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय के पत्रांक 11-13/2007-Skt.-II दिनांक 27-02-2008 के अनुमोदन से वर्ष 2009 में 'पालि अध्ययन केन्द्र' की स्थापना हुई। 11वीं पंचवर्षीय योजना में इसके लिए विशेष बजट आवंटित किया गया। 22 जनवरी 2010 को उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल महामहिम श्री बी.एल. जोशी के मुख्य अतिथित्व में इस केन्द्र का उद्घाटन संपन्न हुआ। इस अवसर पर तत्कालीन संयुक्त सचिव (भाषा), भारत सरकार डॉ. अनिता भटनागर जैन, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (पूर्व नाम: राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान), नई दिल्ली के माननीय कुलपति प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी, परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा तथा बौद्ध दर्शन विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

स्थापना के साथ ही केन्द्र में JRF/SRF की नियुक्ति की गई। सत्र 2024-25 में केन्द्र में एक पालि विकास अधिकारी (संविदा) एवं एक रिसर्च एसोसिएट कार्यरत हैं। केन्द्र के अध्येताओं द्वारा अब तक 20 त्रिपिटक ग्रन्थों का सम्पादन कर उनका संस्कृत छाया अनुवाद एवं हिंदी अनुवाद प्रकाशित किया जा चुका है।

वर्ष 2014 से 'पालि-प्राकृत-अनुशीलनम्' नामक षाण्मासिक शोध-पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। वर्ष 2016-17 में इस शोध-पत्रिका को UGC द्वारा सूचीबद्ध किया गया। सत्र 2024-25 में इसका 8वाँ अंक दिल्ली से प्रकाशित हुआ। ध्यातव्य है कि इस पत्रिका के प्रथम 7 अंकों का प्रकाशन लखनऊ परिसर से हुआ था, किंतु 8वें अंक से आगे के अंकों का प्रकाशन दिल्ली मुख्यालय से किए जाने का निर्णय लिया गया। तथापि, लेख संकलन, सम्पादन आदि कार्य लखनऊ परिसर की बौद्धदर्शन विद्याशाखा के प्राध्यापकों तथा लखनऊ परिसर के पालि अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र एवं जयपुर परिसर के प्राकृत अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र के अध्येताओं द्वारा किए जाते हैं।

दिल्ली मुख्यालय द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 08-05/केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय/Acd./School & Dept./2022/39 दिनांक 07 अप्रैल 2025 के अनुसार, अब इस केन्द्र का नामकरण 'पालि अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र' (Center for Pali Study and Research) किया गया है। साथ ही, इसे दर्शन विद्यास्थान के बजाय भाषा, साहित्य एवं संस्कृति विद्यास्थान के अंतर्गत रखने का निर्णय लिया गया। उक्त अधिसूचना द्वारा एम.ए. पालि पाठ्यक्रम को भी अब इस केन्द्र के माध्यम से संचालित करने का निर्णय हुआ है। तदनुसार, सत्र 2024-25 में यह पाठ्यक्रम केन्द्र के माध्यम से संचालित हो रहा है। इस सत्र में प्रथम वर्ष के लिए 31 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। केन्द्र में अध्यापन का दायित्व बौद्धदर्शन विद्याशाखा के प्राध्यापकों के साथ-साथ केन्द्र में कार्यरत विकास अधिकारी एवं रिसर्च एसोसिएट द्वारा निर्वहन किया जा रहा है। सत्र 2024-25 में प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी, अध्यक्ष, बौद्धदर्शन विद्याशाखा (केन्द्रीय), पालि अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र के अध्यक्ष का कार्यभार भी संभाल रहे हैं। सत्र 2020-21 से ही वे परिसर निदेशक के निर्देशानुसार इस केन्द्र के प्रभारी के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। केन्द्र के समस्त वित्तीय मामले परिसर निदेशक के अधीन रहते हैं।

28 जून 2025 को केन्द्र की समीक्षा हेतु मुख्यालय द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय त्रिसदस्यीय समिति का परिसर में आगमन हुआ। समिति के सदस्य निम्नानुसार थे:- प्रो. विजयकुमार जैन (निदेशक, भोगीलाल लेहरचन्द इंस्टिट्यूट, दिल्ली), प्रो. जितेन्द्र भाई शाह (पूर्व निदेशक, एल.डी. इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्डोलॉजी, अहमदाबाद) एवं प्रो. कुलदीप शर्मा (केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली)।

केन्द्र के अध्येताओं द्वारा सत्र 2024-25 में सम्पादित कार्य:- पालि भाषा के सर्वव्यापी शिक्षण की दृष्टि से 'संस्कृत प्रथमा दीक्षा' की तर्ज पर 'पालि पठमा दिक्खा' नामक ग्रन्थ श्रृंखला तैयार करने का निर्देश मुख्यालय से प्राप्त हुआ था। इसके अनुपालन में 'पालि पठमा दिक्खा' के 5 ग्रन्थों की रचना एवं टाइपिंग कार्य पूर्ण हो चुका है।

ग्रन्थों के नाम निम्नानुसार हैं-

क्र.	पालि शिक्षण ग्रंथ	पूर्वतन संस्कृत शिक्षण ग्रंथ	पृष्ठ संख्या
1.	वण्णमाला	वर्णमाला	40
2.	पालिवाक्यवोहारो	वाक्यव्यवहारः	300
3.	वाक्यवित्थरो	वाक्यविस्तरः	66
4.	पालिसल्लापो	संस्कृतसम्भाषणम्	53
5.	परिसिट्ठं	परिशिष्टम्	151

उपर्युक्त पाँचों ग्रन्थों को बौद्ध परम्परा के अनुसारी आकर्षक ग्राफ़िक्स के माध्यम से सुन्दर एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करके प्रकाशित किये जाने की योजना है। उक्त ग्रन्थों के अतिरिक्त अन्य ग्रन्थ, यथा- अपदानपालि भाग-3, चूळवंसपालि, चूळनिद्देसपालि, धम्मसङ्गणिपालि भाग- 2, कथावत्थुपालि, विभङ्गपालि भाग- 1- इन 6 ग्रन्थों की संस्कृतच्छाया/हिन्दी अनुवाद का कार्य अध्येताओं ने अपने स्तर पर सम्पन्न कर लिया है। अब विषयविशेषज्ञों से संशोधन कराना शेष है।

8. जनजातीय अनुसंधान केन्द्र, एकलव्य परिसर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, इस बात का गौरव अनुभव करता है कि उसके पास अपना जनजातीय अनुसंधान केन्द्र है, जो जनजातीय भाषा और संस्कृति पर गहन एवं विस्तृत शोध के लिए एक मंच प्रदान करता है।यह केंद्र,केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त पत्र (पत्र संख्या 8-4/केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय/Acd/AC/Oct./2024/1527, दिनांक 04-12-2024) के अनुपालन में परिसर में स्थापित किया गया है। यह केन्द्र अपने उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति एवं क्रियान्वयन के लिए विविध प्रकार की पहल करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रारम्भिक स्तर पर निम्नलिखित पहल की गई है –

सरल मानक संस्कृत प्रशिक्षण कार्यक्रम (जनजातीय विद्यार्थियों के लिए)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर के जनजातीय अनुसंधान केन्द्र द्वारा अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों हेतु 17 मार्च 2025 से 23 मार्च 2025 तक सरल मानक संस्कृत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच संस्कृत भाषा और साहित्य को प्रोत्साहित करना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 89 विद्यार्थियों ने गूगल फॉर्म पंजीकरण के माध्यम से भाग लिया, जिनमें से 58 विद्यार्थी सभी सत्रों में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र (17 मार्च 2025) में संस्कृत भारती के अखिल भारतीय सचिव, विद्यावाचस्पति डॉ. नंद कुमार जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। त्रिपुरा की प्रख्यात समाजसेविका श्रीमती दीपाली देबबर्मा विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। एकलव्य परिसर के निदेशक प्रो. प्रभात कुमार मोहापात्रा ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की।

सम्पूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला में संस्कृत भाषा शिक्षण हेतु श्री नयन ज्योति शर्मा, श्री बिक्रम विश्वास, सुश्री शिप्रा घोष और डॉ. तपन शिल प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त डॉ. मोहनलाल वर्मा, डॉ. मंजुथेमदेव, प्रो. के.सी. पाधी, प्रो. जयकृष्ण मिश्र, डॉ. रामामूर्ति, डॉ. श्रीकरा जी.एन. एवं प्रो. विजय करण विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे।

23 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे हुए समापन सत्र में प्रो. विजय करण जी मुख्य अतिथि तथा डॉ. रंजीत तिवारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस सत्र की अध्यक्षता शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बुलुसु पद्ममित्र श्रीनिवास ने की। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बिजॉय कुमार जेना तथा सह-संयोजक श्रीमती परविन देबबर्मा और डॉ. अपूर्वा शर्मा थे।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने जनजातीय विद्यार्थियों के मन में संस्कृत भाषा का मूलभूत ज्ञान विकसित किया, जो भविष्य में

भारतीय ज्ञान प्रणाली के संवर्धन और प्रसार का प्रभावशाली माध्यम सिद्ध होगा।

केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
एकलव्यपरिसरः, अगरतला
जनजातीयशोधकेन्द्रम्
सरल-मानक-संस्कृत-
प्रशिक्षणकार्यशाला
दिनाङ्कः

९. संलग्नक

कार्य परिषद के सदस्यों की सूची

(01.04.2024 से 31.03.2025 तक)

1.	प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी कुलपति केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली	अध्यक्ष (पदेन)
2.	प्रो. मोहन लाल छीपा पूर्व कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल; वर्तमान पता– 483, एकता ब्लॉक, महावीर नगर, टोंक रोड, जयपुर–302018	सदस्य (माननीय आगंतुक द्वारा नामित प्रतिष्ठित शिक्षाविद)
3.	प्रो. यशवीर सिंह धर्मशास्त्र के प्राध्यापक, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, बी-4, कुतुब संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016	सदस्य (माननीय आगंतुक द्वारा नामित प्रतिष्ठित शिक्षाविद)
4.	प्रो. चंद्र भूषण शर्मा निदेशक, शिक्षा संकाय, इग्नू, नई दिल्ली; पूर्व अध्यक्ष, एनआईओएस, उत्तर प्रदेश	सदस्य (माननीय आगंतुक द्वारा नामित प्रतिष्ठित शिक्षाविद)
5.	संयुक्त सचिव (भाषाएँ) शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001	सदस्य (पदेन)
6.	प्रो. हरे राम त्रिपाठी कुलपति, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी–221001 (उ.प्र.) (दिनांक 05.08.2024 तक)	सदस्य (यूजीसी नामित)
7.	प्रो. प्रसाद प्रकाश जोशी कुलपति, डेक्कन कॉलेज स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान संस्थान, पुणे–411006 (महाराष्ट्र) (दिनांक 05.09.2024 से)	

<table>
<tr><td>8.</td><td>प्रो. लोकमान्य मिश्र
शिक्षा शास्त्र के वरिष्ठ प्राध्यापक,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
लखनऊ परिसर, विशाल खंड-4, गोमती नगर,
लखनऊ–226010 (उ.प्र.)</td><td>सदस्य</td></tr>
<tr><td>9.</td><td>प्रो. सर्व नारायण झा
ज्योतिष के वरिष्ठ प्राध्यापक,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
लखनऊ परिसर, विशाल खंड-4,
गोमती नगर
(दिनांक 24.10.2024 तक)</td><td rowspan="2">सदस्य</td></tr>
<tr><td>10.</td><td>प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी
व्याकरण के वरिष्ठ प्राध्यापक,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
गंगानाथ झा परिसर,
आज़ाद पार्क, प्रयागराज,
उत्तर प्रदेश–211001
(दिनांक 28.01.2025 से</td></tr>
<tr><td>11.</td><td>प्रो. शिव कांत झा
व्याकरण के वरिष्ठ प्राध्यापक,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
जयपुर परिसर, गोपालपुरा बाइपास,
त्रिवेणी नगर, जयपुर–302018 (राजस्थान)
(दिनांक 30.04.2024 तक)</td><td rowspan="2">सदस्य</td></tr>
<tr><td>12.</td><td>प्रो. वाई. एस. रमेश
शिक्षा शास्त्र के वरिष्ठ प्राध्यापक,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय – जयपुर परिसर,
गोपालपुरा बाइपास, त्रिवेणी नगर,
जयपुर–302018 (राजस्थान)
(दिनांक 02.05.2024 से)</td></tr>
<tr><td>13.</td><td>डॉ. विष्णु कुमार निमल
ज्योतिष के सह-प्राध्यापक,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय – जयपुर परिसर,
गोपालपुरा बाइपास, त्रिवेणी नगर,
जयपुर–302018 (राजस्थान)
(दिनांक 01.01.2025 तक)</td><td>सदस्य</td></tr>
</table>

14.	डॉ. वेंकटारमन एस. भट्ट शिक्षा शास्त्र के सह-प्राध्यापक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय – राजीव गांधी परिसर, मेनासे, भारती नगर पोस्ट, श्रृंगेरी (कर्नाटक)–577139 (दिनांक 28.01.2025 से)	सदस्य
15.	प्रो. आर. जी. मुरली कृष्णा कुलसचिव (प्रभारी), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058	सचिव (पदेन)

विद्वत् परिषद् के सदस्यों की सूची

(1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक)

1.	प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, कुलपति	
2.	प्रो० सर्व नारायण झा बहुविषयक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, लखनऊ परिसर	snjha62@gmail.com
3.	प्रो० बनमाली बिस्वाल वेद-वेदांग एवं वैदिक विज्ञान, सदाशिव परिसर, पुरी	banamali7@gmail.com
4.	प्रो० सुदेश कुमार शर्मा समकालिक ज्ञान प्रणाली एवं मानविकी, लखनऊ परिसर	skjpr15@yahoo.com
5.	प्रो० लोकमान्य मिश्र शिक्षाशास्त्र एवं कौशल प्रशिक्षण, लखनऊ परिसर	lokamanyamishra@gmail.com
6.	प्रो० ललित कुमार त्रिपाठी अनुसंधान संकाय, प्रयागराज परिसर	prof.lalit.tripathi@केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय.co.in
7.	प्रो० रामकांत पांडेय भाषा, साहित्य एवं संस्कृति, भोपाल परिसर	director-balahar@केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय.co.in, ramakantpandey2010@gmail.com
8.	प्रो० सत्यं कुमारी दर्शन, वेदव्यास परिसर	satyamshree64@gmail.com
9.	प्रो० पी.वी.बी. सुब्रह्मण्यं योगिक विज्ञान एवं समग्र स्वास्थ्य पद्धतियाँ, सीएसयू, देवप्रयाग	prof.pvbs@केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय.co.in
10.	प्रो० ललित कुमार साहू शास्त्रीय ज्ञान प्रणाली अध्ययन संकाय, सीएसयू, श्री सदाशिव परिसर, पुरी	lalitakumarsahoo775@gmail.com
11.	प्रो० मदन मोहन झा अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य)	prof.madanmohan.jha@केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय.co.in
12.	प्रो० वाई.एस. रमेश विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र	ysrhrk@gmail.com

13.	प्रो. श्रीधर मिश्र, व्याकरण शास्त्र, जम्मू परिसर	Shreedharmishra0@gmail.com
14.	प्रो. जनार्दन प्रसाद पाण्डेय, साहित्य, गंगानाथ झा परिसर	Prof.janardan.prasad@csu.co.in janardanmani@gmail.com
15.	प्रो॰ कमलेश कुमार जैन जैन दर्शन एवं प्राकृत, जयपुर परिसर	kamleshrssjpr@rediffmail.com
16.	प्रो. रामकृष्ण पाण्डेय 'परमहंस' धर्मशास्त्र, प्रयागराज परिसर	Prof.ram.krishna@csu.co.in paramhansrk@gmail.com
17.	प्रो॰ सुब्राय वेंकट्रायण भट्ट मीमांसा, श्रींगेरी परिसर	subrayvbhatta@gmail.com
18.	प्रो॰ ईश्वर भट्ट ज्योतिष शास्त्र, जयपुर परिसर	bhatishwar66@gmail.com
19.	प्रो॰ मनोज कुमार मिश्र वेद, रणबीर परिसर	vedanga.mkmishra@gmail.com
20.	प्रो॰ प्रतिभा आर. वेदान्त, गुरुवायूर परिसर	prof.R.Prathibha@केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय.co.in
21.	प्रो॰ अर्चना दुबे भारतीय भाषाएँ, भोपाल परिसर	prof.archana.dubey@केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय.co.in
22.	प्रो॰ राम नन्दन सिंह (21 अक्टूबर, 2024) तक बौद्ध दर्शन एवं पाली, लखनऊ परिसर	rnsingh.in@gmail.com
23.	प्रो॰ गुरुचरण नेगी बौद्ध दर्शन एवं पाली, लखनऊ परिसर	gcsnegi69@gmail.com
24.	प्रो॰ सूर्यनारायण भट्ट वेदांग एवं वेद भाष्य, श्रींगेरी परिसर	surya2narayan@gmail.com
25.	प्रो॰ मखलेश कुमार पुराणेतिहास, पुरी परिसर	drmakhlesh@gmail.com
26.	प्रो॰ (श्रीमती) गौरी प्रिया दास दर्शन, पुरी परिसर	sriji.gp@gmail.com
27.	प्रो॰ के.ई. मधुसूदनन न्याय, गुरुवायूर परिसर	kem1974@gmail.com

28.	डा० अपराजिता मिश्र पाण्डुलिपिविज्ञान एवं लिपिविज्ञान, प्रयागराज परिसर	aprajitamishra1977@gmail.com
29.	डा० अशोक कुमार मीना सांख्य योग दर्शन, पुरी परिसर	shriakmeena@gmail.com
30.	डा० जगन्नाथ झा संयोजक, समाज विज्ञान, दिल्ली मुख्यालय	jnjha.rsks@gmail.com
31.	डा० एम.के. सीबा संयोजक, अंग्रेजी, गुरुवायूर परिसर	sheebs.mk@gmail.com
32.	डा० बुलुसु पद्म मित्रश्रीनिवास शिक्षाशास्त्र, एकलव्य परिसर	pmsrinivas.edn@gmail.com
33.	डा० गणेश टी. पंडित शिक्षाशास्त्र, श्रृंगेरी परिसर	manovinodini@gmail.com
34.	डा० विश्वरंजन पति ज्योतिष, पुरी परिसर	ranjanbiswa2016@gmail.com
35.	डा० गणपति शुक्ल न्याय, पुरी परिसर	gshukla397@gmail.com
36.	डा० एस.पी. सिंह अर्थशास्त्र, लखनऊ परिसर	spsinghrskslko@gmail.com
37.	प्रो० ओमनाथ बिमाली, दिल्ली विश्वविद्यालय	bimaliomnath@gmail.com
38.	प्रो० सुदेष्णा भट्टाचार्य, असम विश्वविद्यालय	sbmgu2010@gmail.com
39.	प्रो० अरविन्द मल्हार कुलकर्णी, आईआईटी मुंबई	malhar@hss.iitb.ac.in
40.	प्रो० आर.जी. मुरलीकृष्ण, कुलसचिव	registrar@केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय.co.in

वित्त समिति के सदस्यों की सूची

(01.04.2024 से 31.03.2025 तक)

1.	प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी कुलपति केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली	अध्यक्ष (पदेन)
2.	प्रो. सर्व नारायण झा ज्योतिष के वरिष्ठ प्राध्यापक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर, विशाल खंड - 4, गोमती नगर, लखनऊ - 226010 (उ.प्र.) (दिनांक 24.10.2024 तक)	सदस्य (कार्यकारी परिषद् द्वारा नामित)
	प्रो. लोकमान्य मिश्र शिक्षा शास्त्र के वरिष्ठ प्राध्यापक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर, विशाल खंड-4, गोमती नगर, लखनऊ – 226010 (उ.प्र.) (दिनांक 25.11.2024 से)	सदस्य (कार्यकारी परिषद् द्वारा नामित)
3.	डॉ. रामचन्द्र जोशी [सेवानिवृत्त कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी, कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक, नागपुर, महाराष्ट्र] हिरण्यमयी, प्लॉट नं. 55, छोरिया कॉलोनी, आनंदनगर, रामटेक, नागपुर, महाराष्ट्र – 441106	सदस्य (कार्यकारी परिषद् द्वारा नामित)
4.	श्री किरण डी.एम. मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), ओएनजीसी फ़ाउंडेशन, नई दिल्ली	सदस्य (कार्यकारी परिषद् द्वारा नामित)
5.	संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली – 110001	सदस्य (पदेन)
6.	प्रो. पवन कुमार वित्त अधिकारी (प्रभारी), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली	सदस्य–सचिव (पदेन)

योजना एवं अनुश्रवण (निगरानी) बोर्ड के सदस्यों की सूची
(01.04.2024 से 31.03.2025)

1.	प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी कुलपति केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली	अध्यक्ष (पदेन)
2.	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा प्राध्यापक एवं डीन, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, जयपुर, राजस्थान	सदस्य (कार्यकारी परिषद द्वारा नामित तीन आंतरिक सदस्य)
	प्रो. पी. वी. बी. सुब्रह्मण्यम प्रोफेसर (ज्योतिष), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल (म. प्र.)	
	प्रो. लीना सक्करवाल प्रोफेसर (शिक्षा शास्त्र), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, जयपुर, राजस्थान	
3.	प्रो. विजयकुमार सी. जी. कुलपति, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, देवास रोड, उज्जैन, म. प्र. – 456010	सदस्य (कार्यकारी परिषद द्वारा नियुक्त विश्वविद्यालय नियोजन के विशेष ज्ञान वाले तीन प्रख्यात शिक्षाविद्)
	प्रो. शशि प्रभा कुमार पूर्व कुलपति, सांची विश्वविद्यालय, बौद्ध-भारतीय अध्ययन, म. प्र.	
	प्रो. अमी यू. उपाध्याय कुलपति, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय, ज्योतिर्मय परिसर, सरखेज–गांधीनगर हाईवे, छारोड़ी, अहमदाबाद – 382481	
4.	प्रो. पवन कुमार वित्त अधिकारी (प्रभारी), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जनकपुरी, नई दिल्ली – 110058	सदस्य (पदेन)

5.	प्रो. आर. जी. मुरली कृष्णा कुलसचिव (प्रभारी), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जनकपुरी, नई दिल्ली – 110058	सदस्य-सचिव (पदेन)

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के परिसरवार संकाय सदस्यों/ गैर- शैक्षणिक स्टाफ एवं मुख्यालय में पदस्थ शैक्षणिक/गैर- शैक्षणिक स्टाफ का विवरण

(31 मार्च 2025 के अनुसार)

01. मुख्यालय, नई दिल्ली

(शैक्षणिक कर्मचारी)			
क्र.	नाम	पदकानाम	विभाग
1.	प्रो. आर.जी. मुरली कृष्ण	प्रोफेसर	रजिस्ट्रार (प्रभारी)
2.	प्रो. काशीनाथ न्यौपाने	चेयर प्रोफेसर	निदेशक (प्रकाशन)
3.	प्रो. मदन मोहन झा	वरिष्ठ प्रोफेसर	अधिष्ठाता (शैक्षणिक मामले)
4.	सुज्ञान कुमार महंती	प्रोफेसर	संयुक्त निदेशक (विश्वविद्यालय प्रकाशन)
5.	प्रो. रत्ना मोहन झा	प्रोफेसर	निदेशक (मुक्त स्वाध्याय पीठम्)
6.	प्रो. आर.एल. नारायण सिम्हा	प्रोफेसर	सह -अधिष्ठाता (शैक्षणिक)
7.	प्रो. मधुकेश्वर भट	प्रोफेसर	निदेशक (केंद्रीय योजनाएं) निदेशक (कार्यक्रम) और माननीय कुलपति के ओएसडी
8.	प्रो. कुलदीप शर्मा	प्रोफेसर	स्पेशल ऑफिसर - रिक्रूटमेंट सेल, इंचार्ज - आदर्श स्कीम
9.	प्रो. अजय कुमार मिश्रा	प्रोफेसर	संयुक्त निदेशक (प्रकाशन)
10.	प्रो. गणेश टी. पंडित	प्रोफेसर	संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक परियोजनाएं), प्रकाशन और विक्रय
11.	डॉ. पवन व्यास	एसोसिएट प्रोफेसर	मुक्त स्वाध्याय पीठम्
12.	डॉ. जी. सूर्य प्रसाद	सहायक प्रोफेसर	मुख्य समन्वयक (एलओसीएफ-संस्कृत)
13.	डॉ. नितिन कुमार जैन	सहायक प्रोफेसर	परीक्षा विभाग
14.	डॉ. जितेंद्र कुमार रायगुरु	सहायक प्रोफेसर	परियोजना अधिकारी (प्रभारी)
15.	डॉ. चक्रधर मेहर	सहायक प्रोफेसर	प्रभारी अधिकारी (योजना अनुभाग - III)
16.	डॉ. अमृता कौर	सहायक प्रोफेसर	प्रभारी - एमओओसी और एलएमएस छात्र कल्याण

17.	डॉ. डी. दयानाथ	सहायक प्रोफेसर	संयोजक (आईकेएस सेल)
18.	डॉ. सुनीता	सहायक प्रोफेसर	प्रभारी अधिकारी (योजना अनुभाग - I)
19.	विजय कुमार दाधीच	सहायक प्रोफेसर	शैक्षणिक विभाग
20.	डॉ. प्रसाद भट्ट	सहायक प्रोफेसर	मुक्त स्वाध्याय पीठम्
21.	डॉ. यशवंत कुमार त्रिवेदी	सहायक प्रोफेसर	मुक्त स्वाध्याय पीठम्
22.	डॉ. नक्का शैलजा	सहायक प्रोफेसर	मुक्त स्वाध्याय पीठम्
23.	सुश्री रितेश	सहायक प्रोफेसर	मुक्त स्वाध्याय पीठम्
24.	श्री जगन्नाथ झा	सहायक प्रोफेसर	सह -अधिष्ठाता (छात्रा कल्याण)
25.	डॉ. (श्रीमती) छोटी बाई मीणा	सहायक प्रोफेसर	सहायक निदेशक (प्रकाशन और विक्रय)
(गैर शैक्षणिक कर्मचारी)			
1.	प्रो. पवन कुमार	परीक्षा नियंत्रक	परीक्षा विभाग
2.	डॉ. पूरन मल गुप्ता	लाइब्रेरियन	पुस्तकालय
3.	डॉ. मंथा श्रीनिवासु	परियोजना अधिकारी	यूजीसी में संयुक्त सचिव के रूप में प्रतिनियुक्ति पर
4.	श्री रोहतास सिंह	उप नियंत्रक (परीक्षा)	परीक्षा विभाग
5.	डॉ. देवानंद शुक्ल	उप निदेशक (अकादमिक)	केकेएसयू, रामटेक में रजिस्ट्रार के रूप में प्रतिनियुक्ति पर
6.	श्री के टी कृष्ण कुमार	उप निदेशक (प्रशासन)	प्रशासन विभाग
7.	श्री शशि कांत	उप निदेशक (वित्त)	वित्त विभाग
8.	श्री जितेंद्र कुमार	सहायक निदेशक	छात्रवृत्ति विभाग
9.	श्री रामजी लाल मीणा	सहायक निदेशक	प्रशासन विभाग
10.	श्री अनिल कुमार नौरियाल	सहायक निदेशक	वित्त विभाग
11.	डॉ. स्नेहलता उपाध्याय	सहायक लाइब्रेरियन	पुस्तकालय
12.	श्री राजेश कुमार मिश्रा	अनुभाग अधिकारी	योजना विभाग
13.	श्री शंकर जयकिशन	अनुभाग अधिकारी	वित्त विभाग
14.	श्री सुरेशा नंद	अनुभाग अधिकारी	शैक्षणिक विभाग
15.	श्री नवनीत चतुर्वेदी	अनुभाग अधिकारी	FSSAI में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति पर

16.	श्री आशीष कुमार	अनुभाग अधिकारी	आदर्श विभाग
17.	श्री सोनराज पाटीदार	अनुभाग अधिकारी	प्रशासन विभाग
18.	श्रीमती पापिया दास	अनुभाग अधिकारी	प्रशासन विभाग
19.	श्रीमती आभा रानी	अनुभाग अधिकारी	योजना विभाग
20.	श्री भुवनेश कुमार मौर्य	अनुभाग अधिकारी	परीक्षा विभाग
21.	श्री वरुण कौशिक	अनुभाग अधिकारी	भर्ती प्रकोष्ठविभाग
22.	श्री ज्योतिष कुमार	लेखा अधिकारी	वित्त विभाग
23.	डॉ. अनीता शर्मा	अनुदेशक	मुक्त स्वाध्याय पीठम्
24.	डॉ. भवानी शंकर शर्मा	अनुदेशक (तदर्थ)	परीक्षा विभाग
25.	श्री संजय कुमार शर्मा	पुस्तकालय पंडित	कुलपति कार्यालय
26.	श्रीमती अनीता रानी	सहायक	मुक्त स्वाध्याय पीठम्
27.	श्री प्रमोद कुमार पंवार	सहायक	वित्त विभाग
28.	डॉ. काशी नाथ द्विवेदी	सहायक	प्रशासन विभाग
29.	श्रीमती संगीता	सहायक	वित्त विभाग
30.	श्री राम निवास	सहायक	आदर्श विभाग
31.	श्री देवेंद्र सिंह	सहायक	वित्त विभाग
32.	श्री के.के.पचौली	सहायक	प्रशासन विभाग
33.	श्री राजीव कुमार सिंह	सहायक	मुक्त स्वाध्याय पीठम्
34.	श्री अनूप सिंह भंडारी	सहायक	वित्त विभाग
35.	श्री आदित्य कुमार	सहायक	प्रशासन विभाग
36.	सुश्री कंचन सैनी	स्टेनोग्राफर ग्रेड-I	प्रशासन विभाग
37.	श्री दीपक वर्मा	स्टेनोग्राफर ग्रेड-I	प्रकाशन विभाग
38.	श्री प्रकाश कुमार कुशवाहा	तकनीकी सहायक	शैक्षणिक विभाग
39.	श्री अनुज शर्मा	तकनीकी सहायक	परीक्षा विभाग
40.	श्री आशा राम नौटियाल	तकनीकी सहायक	भर्ती प्रकोष्ठ शैक्षणिक
41.	श्री मनोज मिश्रा	तकनीकी सहायक	मीडिया सेल
42.	श्री विकास	तकनीकी सहायक	मुक्त स्वाध्याय पीठम्
43.	श्रीमती विनीता	उच्च श्रेणी लिपिक	शिक्षा मंत्रालय
44.	श्री अशोक कुमार	उच्च श्रेणी लिपिक	परीक्षा विभाग
45.	श्रीमती हेमा ठाकुर	उच्च श्रेणी लिपिक	परीक्षा विभाग
46.	श्री विजय नेत्रीवाल	उच्च श्रेणी लिपिक	छात्रवृत्ति शैक्षणिक
47.	श्री लक्ष्मण झा	उच्च श्रेणी लिपिक	परीक्षा विभाग
48.	श्री उमेश ठाकुर	उच्च श्रेणी लिपिक	योजना विभाग
49.	श्रीमती अनीता नेगी	उच्च श्रेणी लिपिक	योजना विभाग

50.	श्रीमती मोनिका मल्होत्रा	उच्च श्रेणी लिपिक	शैक्षणिक शैक्षणिक
51.	श्री सत्येन्द्र सिंह उनियाल	उच्च श्रेणी लिपिक	शिक्षा मंत्रालय
52.	श्री विनोद कुमार	उच्च श्रेणी लिपिक	शैक्षणिक शैक्षणिक
53.	श्री सुख लाल	उच्च श्रेणी लिपिक	परीक्षा विभाग
54.	डॉ. श्वेता सिंह	उच्च श्रेणी लिपिक	परीक्षा विभाग
55.	श्री अनिल कुमार	उच्च श्रेणी लिपिक	परीक्षा विभाग
56.	श्री मनीष गुप्ता	उच्च श्रेणी लिपिक	प्रशासन शैक्षणिक
57.	श्री उदय भान आर्य	उच्च श्रेणी लिपिक	योजना विभाग
58.	श्री आलोक रंजन सिंह	उच्च श्रेणी लिपिक	प्रशासन शैक्षणिक
59.	श्री तरुण कुमार सिंह	उच्च श्रेणी लिपिक	प्रशासन शैक्षणिक
60.	श्री पवन कुमार	उच्च श्रेणी लिपिक	वित्त शैक्षणिक
61.	श्री सुमित नागर	उच्च श्रेणी लिपिक	प्रशासन शैक्षणिक
62.	श्री हरि बहादुर थापा	उच्च श्रेणी लिपिक	परीक्षा विभाग
63.	श्री चंदन सिंह रावत	उच्च श्रेणी लिपिक	प्रशासन शैक्षणिक
64.	श्रीमती दिव्या	स्टेनोग्राफर ग्रेड- II	भर्ती प्रकोष्ठ शैक्षणिक
65.	श्री ऋषभ सैनी	स्टेनोग्राफर ग्रेड- II	कुलसचिव कार्यालय
66.	श्री अनिल	स्टेनोग्राफर ग्रेड- II	शैक्षणिक शैक्षणिक
67.	श्री प्रभात कुमार	स्टेनोग्राफर ग्रेड- II	परीक्षा विभाग
68.	श्री टिंकू कुमार	अवर श्रेणी लिपिक	योजना विभाग
69.	श्री आशीष	अवर श्रेणी लिपिक	योजना विभाग
70.	श्रीमती आरती	अवर श्रेणी लिपिक	आदर्श शैक्षणिक
71.	श्री राना गाड सिंह	अवर श्रेणी लिपिक	प्रशासन शैक्षणिक
72.	श्री अरुण कुमार	अवर श्रेणी लिपिक	प्रशासन शैक्षणिक
73.	श्री रोहित दहिया	अवर श्रेणी लिपिक	वित्त विभाग
74.	श्री अशोक कुमार	अवर श्रेणी लिपिक	प्रशासन विभाग
75.	श्री सुशांत कुमार झा	अवर श्रेणी लिपिक	प्रशासन विभाग
76.	श्री अमर सिंह	अवर श्रेणी लिपिक (तदर्थ)	विक्रय विभाग
77.	श्री कृष्ण कुमार	स्टाफ कार चालक	कुलपति कार्यालय
78.	श्री पवन सोनी	स्टाफ कार चालक	कुलसचिव कार्यालय
79.	श्री संदीप चन्द्र पोखरियाल	पुस्तकालय परिचर	पुस्तकालय
80.	श्री ब्रह्म प्रकाश	मल्टी टास्किंग स्टाफ	शिक्षा मंत्रालय
81.	श्री दिनेश कुमार	मल्टी टास्किंग स्टाफ	विक्रय विभाग
82.	श्रीमती नीरज	मल्टी टास्किंग स्टाफ	प्रशासन विभाग
83.	श्रीमती अलका वर्मा	मल्टी टास्किंग स्टाफ	भर्ती प्रकोष्ठ विभाग

84.	श्री नवीन कुमार राणा	मल्टी टास्किंग स्टाफ	प्रशासन विभाग
85.	श्री भीम सिंह	मल्टी टास्किंग स्टाफ	शिक्षा मंत्रालय
86.	श्री वृंदावन	मल्टी टास्किंग स्टाफ	कुलसचिव कार्यालय
87.	श्री के के पांडे	मल्टी टास्किंग स्टाफ	शिक्षा मंत्रालय
88.	श्री सुजात सामी	मल्टी टास्किंग स्टाफ	वित्त विभाग
89.	श्री बीनिल सिंह भंडारी	मल्टी टास्किंग स्टाफ	रिकॉर्ड रूम
90.	श्री अशोक महतो	मल्टी टास्किंग स्टाफ	प्रशासन विभाग
91.	श्रीमती सुमन	मल्टी टास्किंग स्टाफ	शैक्षणिक अनुभाग
92.	श्री मनोज पहारी	मल्टी टास्किंग स्टाफ	कुलपति कार्यालय
93.	श्री रमेश अधिकारी	मल्टी टास्किंग स्टाफ	कुलपति कार्यालय
94.	श्री महेश कुमार	मल्टी टास्किंग स्टाफ (तदर्थ)	परीक्षा विभाग

2. श्री गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.)

क्रमांक	नाम	पद का नाम	विभाग
		(शैक्षणिक कर्मचारी)	
1.	प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी	निदेशक	व्याकरण
2.	प्रो. बनमाली विश्वाल	वरिष्ठ आचार्य	व्याकरण
3.	प्रो. राम कृष्ण पाण्डेय	आचार्य	धर्म शास्त्र
4.	प्रो. जनार्दन प्रसाद पाण्डेय	आचार्य	साहित्य
5.	प्रो. मनोज कुमार मिश्रा	आचार्य	वेद
6.	प्रो. देवदत्त सरोदे	आचार्य	शिक्षा शास्त्र
7.	प्रो. अपराजिता मिश्रा	आचार्य	साहित्य
8.	डॉ. सुरेश पाण्डेय	एसोसिएट प्रोफेसर	व्याकरण
9.	डॉ. राजकुमार मिश्र	सहायक प्रोफेसर	साहित्य
10.	डॉ. मोनाली दास	सहायक प्रोफेसर	साहित्य
11.	यशवन्त कुमार त्रिवेदी	सहायक प्रोफेसर	दर्शन
		(गैर शैक्षणिक कर्मचारी)	
9.	संजय कुमार मिश्र	अनुभाग अधिकारी	
10.	सुश्री अश्विनी राजेश लंके	क्यूरेटर (संग्रहालयाध्यक्ष)	
12.	डॉ. श्याम सुंदर पांडे	प्रोफेसनल असिस्टेंट	
13.	श्रीमती अंजू मिश्रा	प्रोफेसनल असिस्टेंट	
14.	श्री शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय	पाण्डुलिपि पंडित	
17.	डॉ. विपिन द्विवेदी	प्रतिलिपिक	
18.	कुमारी शालू कुमारी	यू.डी.सी	
19.	सुश्री मंजू देवी	पुस्तकालय अटेंडेंट	

20.	श्री आनंद कुमार	मल्टी टास्किंग स्टॉफ	
21.	श्री अर्जुन कुमार मंडल	मल्टी टास्किंग स्टॉफ	
22.	श्री नंद कुमार	मल्टी टास्किंग स्टॉफ	
23.	श्री द्वारिका प्रसाद कुशवाहा	मल्टी टास्किंग स्टॉफ	
24.	श्री अखिलेश मिश्रा	मल्टी टास्किंग स्टॉफ	

3. श्रीसदाशिव परिसर पुरी (ओडिशा)

क्रमांक	नाम	पद का नाम	विभाग
		(शैक्षणिक स्टाफ)	
1.	प्रो. प्रभात कुमार महापात्र	निदेशक	ज्योतिष
2.	प्रो. ललित कुमार साहू	वरिष्ठ प्रोफेसर	धर्मशास्त्र
3.	प्रो. (श्रीमती) मिनती रथ	वरिष्ठ प्रोफेसर	पुराणेतिहास
4.	प्रो. (श्रीमती) अनुपमा पृष्टि	वरिष्ठ प्रोफेसर	नव्यव्याकरण
5.	प्रो. (श्रीमती) गौरप्रिया दाश	प्रोफेसर	सर्वदर्शन
6.	प्रो. विजय पाल कछवाह	प्रोफेसर एवं सह निदेशक	शिक्षाशास्त्र
7.	प्रो. रमाकांत मिश्र	प्रोफेसर	शिक्षाशास्त्र
8.	प्रो. (श्रीमती) निर्मला पाणिग्रही	प्रोफेसर	शिक्षाशास्त्र
9	प्रो. शंभुनाथ महालिक	प्रोफेसर	वेदांत
10.	प्रो. किशोर कुमार दलाई	प्रोफेसर	साहित्य
11	प्रो. भगवान सामन्तराय	प्रोफेसर	वेदांत
12	प्रो. वी. एस. वी. भास्कर रेड्डी	प्रोफेसर	शिक्षाशास्त्र
13	प्रो. विश्वरंजन पति	प्रोफेसर	ज्योतिष
14	डॉ. गणपति शुक्ल	प्रोफेसर	न्याय
15.	डॉ.अशोक कुमार मीणा	सह-प्रोफेसर	सांख्य योग
16.	श्री अजय कुमार गंधा	सहायक-प्रोफेसर	वेदांत
17.	डॉ. सुशांत कुमार राय	सहायक-प्रोफेसर	शिक्षाशास्त्र
18.	डॉ. ओम नारायण मिश्र	सहायक-प्रोफेसर	शिक्षाशास्त्र
19.	डॉ. सागरिका नंद	सहायक-प्रोफेसर	शिक्षाशास्त्र
20.	डॉ. भाग्य सिंह गुर्जर	सहायक-प्रोफेसर	शिक्षाशास्त्र
21.	डॉ. जितेन्द्र कुमार रायगुरू	सहायक-प्रोफेसर	शिक्षाशास्त्र
22.	श्री रमाकांत सा	सहायक-प्रोफेसर	शिक्षाशास्त्र
23.	डॉ. नंदीघोष महापात्र	सहायक-प्रोफेसर	दर्शन
24.	डॉ. (श्रीमती) विजय लक्ष्मी महापात्र	सहायक-प्रोफेसर	ज्योतिष
